CMYK

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 13 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 187 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विदेशी दबाव में आकर समझौते देशहित के खिलाफः खड़गे पेज 2



ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने जीता स्वर्ण पदक खेल टाइम्स



संघर्ष, सेवा और साहित्य का संगम था सरोजिनी नायडू का जीवन सम्पादकीय



इजरायल ने गिराए थे गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम पेज 12

# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 114 राफेल लड़ाकू विमान

**दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई**

**रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3.60 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को दी गई मंजूरी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की अगले सप्ताह की भारत यात्रा से पहले सरकार ने वायुसेना के लिए फ्रांस से अतिरिक्त बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान राफेल की दो दशक से भी अधिक समय से लटकी पड़ी खरीद के प्रस्ताव को गुरुवार को हरी झंडी दिखा दी।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यहां हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 3. 60 लाख करोड़ रुपये की लागत से राफेल लड़ाकू विमानों के साथ-साथ नौसेना के लिए आठ पी-8 आई टोही विमानों, मिसाइलों तथा स्यूडो सैटेलाइट की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इन प्रस्तावों को आवश्यकता के आधार पर खरीद की मंजूरी दी गई है। इन खरीद सौदों के पूरा होने से सशस्त्र बलों की युद्धक तैयारी तथा मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। उल्लेखनीय है कि रक्षा खरीद बोर्ड ने पिछले महीने ही करीब सवा तीन लाख करोड़ रुपये की लागत से फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दी थी। अभी वायुसेना के पास 36 राफेल लड़ाकू विमान हैं। मंत्रालय ने बताया कि परिषद की बैठक में सेना के लिए टैंक रोधी सुरंगों (वैभव) और टी -72 टैंकों तथा इंफेन्ट्री के लिए युद्धक वाहनों की खरीद को भी मंजूरी दी गई है। राफेल विमान की खरीद से संबंधित प्रस्ताव को अब केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति में भी मंजूरी दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार इस सौदे में वायुसेना को 18 विमान पूरी तरह तैयार मिलेंगे, जबकि शेष 96 विमान भारत में ही बनाए जाएंगे और इनमें से कुछ विमान दो सीटों वाले भी होंगे जिनका इस्तेमाल पायलटों को प्रशिक्षण में किया जाएगा। फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन द्वारा बनाया जाने वाला राफेल एक अत्याधुनिक बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है, जो हवा से हवा और हवा से जमीनी हमलों के साथ-साथ निगरानी मिशन चलाने तथा परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। इस विमान को अत्याधुनिक मिसाइलों मेटियोर तथा स्कैल्प क्रूज से लैस रहता है।




## तटरक्षक बल को 2312 करोड़ रुपये की लागत से मिलेंगे आठ डोर्नियर 228 विमान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ डोर्नियर 228 विमानों की खरीद के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 2,312 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि यह अनुबंध 'बाय (इंडियन)' श्रेणी के अंतर्गत किया है और इसमें संचालन भूमिका संबंधी उपकरण की खरीद भी शामिल है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिह की उपस्थिति में इस अनुबंध पर यहां एचएएल के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट डिवीजन, कानपुर के साथ हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध से एलएएल का उत्पादन तंत्र सुदृढ़ होगा तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और सहायक उद्योगों के व्यापक नेटवर्क को समर्थन मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे और रखरखाव, मरम्मत तथा ओवरहॉल तंत्र बनाने में भी मदद मिलेगी। यह अनुबंध आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है तथा भारत की समुद्री सुरक्षा संरचना को भी मजबूत बनाता है।

# 'घूसखोर पंडित' के फिल्ममेकर को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## शीर्ष अदालत ने कहा: समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते



**पहले बदला हुआ नाम बताएं तभी फिल्म रिलीज होगी, बेंच ने 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना व प्रसारण मंत्रालय और सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म घूसखोर पंडित के फिल्ममेकर नीरज पांडे को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते हैं।

मनोज बाजपेई स्टारर फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के नाम पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुयान की बेंच ने फिल्म 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं? यह नैतिकता और पब्लिक ऑर्डर के खिलाफ है। जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते हैं। हम आपको फिल्म रिलीज नहीं करने देंगे। कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया कि घूसखोर पंडित समाज के किसी भी वर्ग को नीचा नहीं दिखाती है। मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। 'घूसखोर पंडित' के खिलाफ दायर की गई याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह जाति और धर्म पर आधरित स्टीरियोटाइप को बढ़ावा देती है। सांप्रदायिक सद्भाव और संवैधानिक मूल्यों के लिए खतरा पैदा करती है। यह याचिका भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा द्वारा फाइल की गई। इस पीआईएल पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस याचिका में फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस फिल्म को लेकर देश के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। कई फिल्म संस्थाओं ने भी इनके नाम को लेकर आपत्ति जताई। आखिर में मेकर्स ने नाम बदलने की बात कही। फिल्म 'घूसखोर पंडित' में मनोज बाजपेई के अलावा नुसरत भरुचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेराय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार नजर आएंगे।

# राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं आएगा

## निशिकांत दुबे ने राहुल की सदस्यता खत्म करने का दिया नोटिस

- **कहा: वे गुमराह कर रहे**
- **संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया, चार फरवरी को लोकसभा स्पीकर के चैंबर में हंगामे का जिक्र**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। राहुल गांधी पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है।

मीडिया सूत्रों के मुताबिक, सरकार राहुल के खिलाफ सदन में उनकी स्पीच के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस नहीं लाएगी। इस पर प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदीजी ने छाती 56 इंच की नपवाई थी। उनके खिलाफ भी प्रस्ताव आना चाहिए। हालांकि, बीजेपी उनके (राहुल) भाषण से आपत्तिजनक हिस्से हटाने को लेकर अब भी अड़ी हुई है, क्योंकि उन्होंने अब तक अपने आरोपों को लेकर सबूत पेश नहीं किए हैं। बीजेपी के चीफ व्हिप संजय जायसवाल ने राहुल के बजट चर्चा के दौरान कहे गए कुछ अंशों को रिकॉर्ड से हटाने का औपचारिक नोटिस दिया है।

### मजदूर-किसान की लड़ाई में मजबूती से खड़ा रहूंगा : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार की नीतियों के कारण देश के मजदूर और किसान अपने हक की लड़ाई के लिए सड़कों पर हैं और वह इस संघर्ष में मजबूती से उनके साथ खड़े रहेंगे। श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश का मेहनतकश वर्ग अपने साथ हो रहे अन्याय से दुखी है और यही वजह है कि आज देशभर में लाखों मजदूर और किसान अपने हक़ की आवाज़ बुलंद करने सड़कों पर हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को डर है कि चार श्रम संहिताएं उनके अधिकारों को कमजोर कर देंगी। इसी तरह किसानों को आशंका है कि व्यापार समझौता उनकी आजीविका पर चोट करेगा। और मनरेगा को कमजोर या खत्म करने से गांवों का आखिरी सहारा भी छिन सकता है।

# यूपी पंचायत चुनाव से पहले बनेगा पिछड़ा वर्ग आयोग

- **सरकार ने हाईकोर्ट में दिया हलफनामा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच को सूचित किया है कि प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव से पहले एक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया जाएगा।

जस्टिस राजन राय और जस्टिस अवधेश चौधरी की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। दरअसल, हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल कर मौजूदा पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिकारों को चुनौती दी गई थी। सरकार ने अब स्पष्ट किया है कि इसी समर्पित आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सीटों का आरक्षण तय होगा। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों के पालन में उठाया गया है, जिनमें स्थानीय निकाय चुनावों से पहले समर्पित आयोग का होना अनिवार्य बताया गया है।

# मुजफ्फरनगर: मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी ढेर

- **दो पुलिसकर्मी भी घायल, मारे गए बदमाश पर 40 जघन्य केस थे दर्ज**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के विज्ञाना रोड पर बुधवार देर रात पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश अमजद को मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मारे गए बदमाश पर लूट, हत्या, डकैती समेत करीब 40 जघन्य मुकदमे दर्ज थे और वह अंतरराज्यीय गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्रामीण इलाके के जंगल के समीप कुछ बदमाश हैं, जो लूट सहित कई मामलों में वांछित चल रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना बुढ़ाना, थाना तितावी एवं थाना शाहपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी कर सघन चेकिंग शुरू की। इस दौरान पुलिस ने बाइक सवार संदिग्ध बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन खुद को घिरा देख, उन्होंने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षार्थ फायरिंग में बदमाशों की गोलियां एसपी देहात आदित्य बंसल की गाड़ी पर लगीं। वहीं कई गोलियां पुलिसकर्मियों की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगीं। इस दौरान दरोगा संदीप और सिपाही अशफाक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# भारतीय नौसेना ने पहली बार सीटीएफ की कमान संभाली

- **सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने बहुराष्ट्रीय संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) के अंतर्गत बहुराष्ट्रीय संयुक्त टास्क फोर्स (सीटीएफ) 154 की कमान संभाल ली है। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि बहरीन के मनामा स्थित सीएमएफ के मुख्यालय में एक समारोह में भारतीय नौसेना ने बुधवार को टास्क फोर्स की कमान संभाली। समारोह की अध्यक्षता अमेरिकी नौसेना के वाइस एडमिरल कर्ट ए. रेनशॉ ने की।

इस अवसर पर भारतीय नौसेना के डिप्टी चीफ ऑफ नेवल स्टाफ वाइस एडमिरल तरुण सोबती तथा अन्य सदस्य देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उपस्थित थे। भारतीय नौसेना के कमोडोर मिलिंद एम. मोकाशी, शौर्य चक्र, ने इतालवी नौसेना के निवर्तमान कमांडर से सीटीएफ 154 की कमान औपचारिक रूप से संभाली। सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित है। यह क्षेत्र में भारत की पेशेवर विशेषज्ञता, संचालन अनुभव और 47 सदस्य देशों के बीच एक पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में उसकी भूमिका पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। सीटीएफ 154 की स्थापना मई 2023 में की गई थी और इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया और आगे के क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच मुख्य स्तंभों समुद्री क्षेत्र जागरूकता, समुद्री कानून , समुद्री अवरोधन अभियान, समुद्री बचाव और सहायता, तथा नेतृत्व विकास पर आधारित है। यह टास्क फोर्स नियमित समुद्री सुरक्षा उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम, कम्पास रोज और नॉर्दर्न/सदर्न रेडीनेस जैसे अभ्यास, तथा साझेदार देशों की परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए संपर्क कार्यक्रम आयोजित करती है, जिससे अवैध तस्करी, समुद्री डकैती और अनियमित प्रवासन जैसे साझा खतरों का मुकाबला किया जा सके। सीटीएफ 154 का संचालन सीएमएफ की अन्य टास्क फोर्स- सीटीएफ 150 (समुद्री सुरक्षा), सीटीएफ 151 (समुद्री डकैती निरोध), सीटीएफ 152 (अरब खाड़ी में समुद्री सुरक्षा) और सीटीएफ 153 (लाल सागर में समुद्री सुरक्षा)-के साथ किया जाता है।

# वंदे मातरम पर सरकार का आदेश आजादी पर हमला: मदनी

- **जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख ने कहा: ये मनमाना और एकतरफा**
- **वंदे मातरम के सभी छंद गाने के विरोध में संगठन**
- **पंजाब में भी फैसले का विरोध, दल खालसा ने सिख पहचान के खिलाफ बताया, हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास**



**नई दिल्ली।** मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने वंदे मातरम के सभी छंद गाने का विरोध किया है। संगठन ने कहा कि सरकार का ये आदेश हमारी धार्मिक आजादी पर हमला है। संगठन ने सरकार के आदेश को एकतरफा और मनमाना बताया। जमीयत के प्रेसिडेंट मौलाना अरशद मदनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुसलमान किसी को भी वंदे मातरम गाने या बजाने से नहीं रोकते, लेकिन गाने के कुछ छंद मातृभूमि को एक देवता के रूप में दिखाते हैं।

ये हमारी मान्यताओं के खिलाफ हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को एक आदेश जारी कर राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन की तरह ही सम्मान देना अनिवार्य कर दिया है। आदेश के मुताबिक राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। मदनी ने कहा कि एक मुसलमान सिर्फ एक अल्लाह की इबादत करता है, इसलिए उसे यह गाना गाने के लिए मजबूर करना संविधान के आर्टिकल 25 और सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का साफ उल्लंघन है। इस गाने को जरूरी बनाना और इसे नागरिकों पर थोपने की कोशिश देशभक्ति का इजहार नहीं है, बल्कि यह चुनावी राजनीति, एक सांप्रदायिक एजेंडा और बुनियादी मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने की कोशिश है। देश के लिए प्यार का असली पैमाना नारों में नहीं, बल्कि किरदार और कुर्बानी में है। इसकी शानदार मिसालें मुसलमानों और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के ऐतिहासिक संघर्ष में खास तौर पर देखी जा सकती हैं। ऐसे फैसले देश की शांति, एकता और डेमोक्रेटिक मूल्यों को कमजोर करते हैं और संविधान की भावना को कमजोर करते हैं। वंदे मातरम को जरूरी बनाना संविधान, धार्मिक आजादी और डेमोक्रेटिक उसूलों पर साफ हमला है। वंदे मातरम अनिवार्य -**शेष पृष्ठ दो पर**

## संक्षिप्त समाचार

### जनवरी में 2.75 प्रतिशत रही महंगाई दर

**नई दिल्ली।** सरकार ने नई सीरीज (आधार वर्ष 2024) के तहत खुदरा महंगाई का पहला आंकड़ा गुरुवार को जारी कर दिया। इसके अनुसार, जनवरी 2026 में महंगाई दर 2.75 प्रतिशत दर्ज की गई। नई सीरीज में जनवरी 2025 से अब तक के उपलब्ध महंगाई के आंकड़ों में जनवरी 2026 की महंगाई दर सबसे अधिक है। इसके आधार पर पिछले साल जनवरी में खुदरा महंगाई 1.67 प्रतिशत और दिसम्बर 2025 में 0.08 प्रतिशत रही थी। इस साल जनवरी में खाद्य महंगाई दर 2.13 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर 2.73 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 2.77 प्रतिशत रही। इसमें खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई दर 2.11 प्रतिशत, कपड़ों तथा जूते-चप्पलों की 2.98 प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवाओं की 2.19 प्रतिशत दर्ज की गई है।

### मशहूर समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का निधन

**नई दिल्ली।** मशहूर समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में निधन हो गया। वह 71 वर्ष की थीं। सुश्री माहेश्वरी दूरदर्शन के साथ अपने लंबे जुड़ाव के लिए जानी जाती हैं। कई दशकों तक दूरदर्शन पर अपनी शांत, गंभीर आवाज और संतुलित समाचार प्रस्तुति के कारण उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। परिवार के सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार गुरुवार शाम 4 बजे दिल्ली के निगम बोध घाट पर किया गया। हिंदी में पीएचडी करने के बाद 1976 में समाचार प्रस्तोता के रूप में वह दूरदर्शन से जुड़ीं और दो साल की संक्षिप्त अवधि को छोड़कर, वह हमेशा राष्ट्रीय प्रसारक के साथ जुड़ी रहीं।

### 30 करोड़ श्रमिकों की हड़ताल का दिखा मिला-जुला असर

**नई दिल्ली।** सरकार पर कॉरपोरेट समर्थक नीतियों का आरोप लगाते हुए श्रमिक संगठनों के भारत बंद का गुरुवार को देशभर में मिला-जुला असर दिखा। इसका सामान्य जनजीवन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। बता दें कि मजदूर संगठनों ने सरकार पर मजदूर विरोधी, किसान विरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए भारत बंद का ऐलान किया था। इसमें 30 करोड़ मजदूरों के शामिल होने का दावा किया गया था। फाइट फॉर राइट के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर उमंग बंसल ने कहा कि यह पूरी ही राजनीतिक से प्रेरित हड़ताल है और इसका असर देश में नहीं पड़ने वाला है।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक में हुआ सुधार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में तेज दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के चलने से गुरुवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार दर्ज किया गया। समीर एप के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह नौ बजे राजधानी का एक्यूआई 194 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। यह बुधवार के 305 (खराब) के स्तर से काफी बेहतर है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला डाक्टर से अभद्र व्यवहार पर एडिशनल प्रोफेसर निलंबित

**लखनऊ।** लखनऊ के किग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में एक बार फिर महिला रेजिडेंट डाक्टर से कथित अभद्रता का मामला सामने आया है। बाल रोग विभाग के एक एडिशनल प्रोफेसर पर जूनियर रेजिडेंट डाक्टर ने अनुचित व्यवहार और मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेजने के आरोप लगाए हैं। शिकायत मिलते ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चिकित्सक को निलंबित कर दिया है। इस बाबत पीड़िता ने परिजनों के साथ संस्थान प्रशासन को लिखित शिकायत दी थी। इसके बाद 11 फरवरी को कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद के निर्देश पर सात सदस्ईय आंतरिक शिकायत समिति (विशाखा कमेटी) का गठन किया गया। समिति ने पीड़िता और आरोपी दोनों के बयान दर्ज किए। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर आरोपी एडिशनल प्रोफेसर को निलंबित कर डीन मेडिसिन कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

### महर्षि दयानंद सरस्वती राष्ट्र-जागरण के अग्रदूत: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक चेतना के महान उद्घोषक, आध्यात्मिक चितक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि असीम ज्ञान और उच्च गुणों से संपन्न स्वामी दयानंद सरस्वती का संपूर्ण जीवन समाज-उत्थान, राष्ट्र-जागरण और मानव-कल्याण के पावन कार्यों को समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय समाज को कुरीतियों से मुक्त करने, वेदों की ओर लौटने और आत्मगौरव की भावना जगाने का आह्वान किया।

# चारु गुप्ता को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार

नई दिल्ली, वार्ता

■ सम्मान के साथ एक हजार डॉलर भी मिलेंगे

दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर चारु गुप्ता को प्रतिष्ठित 'आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार' (दक्षिण एशिया) से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के साथ उन्हें एक हजार डॉलर (करीब 91 हजार रुपए) भी मिलेंगे।

प्रोफेसर गुप्ता को यह पुरस्कार उनकी नई पुस्तक 'हिंदी हिदू हिस्ट्रीज: कॉस्ट, आयुर्वेद, ट्रेवल एंड कम्युनिज्म इन अर्ली ट्वेटिन्थ सेंचुरी इंडिया' के लिए 'एसोसिएशन फॉर एशियन स्टडीज (एएएस) ने दिया है। आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुरस्कार दक्षिण एशिया पर विशिष्ट और मौलिक विद्वतापूर्ण कार्यों के लिए दिया जाता है। कला इतिहासकार और सांस्कृतिक चितक आनंद के कुमारस्वामी के नाम पर स्थापित यह पुरस्कार उन पुस्तकों को दिया जाता है, जो दक्षिण एशिया के इतिहास, संस्कृति और समाज के अध्ययन में महत्वपूर्ण और स्थाई योगदान देता हैं। इसे दक्षिण एशियाई अध्ययन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित मान्यता है। यह पुस्तक 20वीं सदी की शुरुआत में उत्तर भारत की उत्तर भारत में आत्मकथाओं और 'प्रिट' संस्कृति के जरिए हिदू जीवन के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करती है। इसमें जाति, आयुर्वेद, यात्रा वृत्तांत और साम्यवाद का ऐतिहासिक विश्लेषण किया गया है। यह दिखाती है कि उस परिवर्तनकारी दौर में जाति, लिग, राष्ट्र और हिंदू पहचान को लेकर विभिन्न लोकभाषाई दृष्टियां किस तरह से उभर रही थीं। चारु की अन्य चर्चित पुस्तकों में सेक्सुअलिटी, ऑब्सिनिटी, कम्युनिटी एंड द जेंडर ऑफ कॉस्ट तथा 'जाति और लिग: दलित, सवर्ण और हिदी प्रिट संस्कृति हैं। एएएस इस वर्ष की पुरस्कार प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा करते हुए कहा कि सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई।

# विधान परिषद में गूंजा शहरों में अतिक्रमण और जाम का मुद्दा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लोक महत्व का अविलंबनीय विषय बताते हुए विपक्ष ने सरकार से कार्रवाई की मांग उठाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने नियम 110 के अंतर्गत शहरों में बढ़ते अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसे लोक महत्व का अविलंबनीय विषय बताते हुए सरकार से प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

सभापति ने विषय को गंभीर मानते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देशों के साथ सरकार को भेज दिया। सदन में कहा गया कि सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में तेजी से शहरी विकास हो रहा है और स्वच्छता रैंकिग में भी कई जनपदों ने स्थान बनाया है। हालांकि बढ़ते शहरीकरण के साथ अतिक्रमण की समस्या भी विकराल होती जा रही है, जिससे शहरों में जाम की स्थिति आम हो गई है। इससे आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्य ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शहरों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए मॉडल वेंडिग जोन बनाने के निर्देश दिए गए हैं और कुछ स्थानों पर काम भी हुआ है, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। इसके लिए स्थानीय निकायों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया गया। गाजियाबाद, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, कानपुर, बरेली, अलीगढ़ और मेरठ सहित अधिकांश नगर निगमों के प्रमुख चौराहों पर अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है। राजधानी लखनऊ में भी विभूति खंड क्षेत्र को छोड़कर अन्य इलाकों में स्थिति चिंताजनक बताई गई। प्रदेश में नगर निगम अधिनियम के तहत गठित टाउन वेंडिग कमेटी (टीवीसी) की नियमित बैठकें नहीं होने पर भी सवाल उठाए गए। बताया गया कि लखनऊ नगर निगम में लगभग दस महीनों से टीवीसी की बैठक नहीं हुई है, जबकि नियमों के अनुसार हर माह बैठक होना अनिवार्य है। इस समिति में पार्षदों, रेहड़ी-पटरी दुकानदारों, बड़े प्रतिष्ठानों, पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, आवास विकास और डूडा के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। सदन में मांग की गई कि टाउन वेंडिग कमेटियों को सक्रिय कर नियमित बैठकें सुनिश्चित की जाएं, ताकि शहरों को अतिक्रमण से मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके और नागरिकों को राहत मिल सके।

## उप्र विधानसभा में अतुल प्रधान ने नियम 300 के तहत मुद्दा उठाया

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर जताई चिंता

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सपा विधायक ने कहा-एआई एक खतरनाक तकनीक साबित हो सकती है, जिसका दुरुपयोग संभव
■ सपा सदस्य सचिन यादव ने विधानसभा में उठाया ट्रांसजेंडर समुदाय का मुद्दा, मंत्री ने दी सफाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। शून्य प्रहर के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य अतुल प्रधान ने नियम 300 के तहत यह मुद्दा उठाया और सरकार से संज्ञान लेने की मांग की।

अतुल प्रधान ने कहा कि एआई एक खतरनाक तकनीक साबित हो सकती है, जिसका दुरुपयोग संभव है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक एजेंसी के कुछ लोग उनके पास आए थे और दावा किया था कि वे उनके बिना मौजूद हुए ही उनकी आवाज और चेहरे का हूबहू इस्तेमाल कर जनता तक उनका भाषण पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनकी आवाज और चेहरा सकारात्मक संदर्भ में प्रसारित किए जा सकते हैं, तो उनका गलत इस्तेमाल भी संभव है। इस संबंध में उन्होंने अपने जिले के एसएसपी से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि एआई का प्रभाव विशेष रूप से राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों पर अधिक पड़ सकता है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से इस पर ध्यान देने का आग्रह किया और शिकायतों पर कठोर कार्रवाई की आवश्यकता जताई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि केंद्र सरकार ने एआई को लेकर कानून बनाया है। इस विषय पर विधि विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले प्रदेश सरकार के आईटी मंत्री सुनील शर्मा ने भी सरकार का पक्ष सदन में रखा। सदन में हुई इस चर्चा ने एआई जैसी उभरती तकनीक के दुरुपयोग और उससे जुड़े कानूनी पहलुओं पर गंभीर विमर्श की आवश्यकता को रेखांकित किया। वहीं राज्य विस में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के विधायक सचिन यादव द्वारा ट्रांसजेंडर पर उठाए गए प्रश्न के जवाब में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह सदन का एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है, जब सबसे पिछड़े और हाशिए पर रहने वाले समुदाय की समस्याओं पर गंभीर चर्चा हो रही है।

### सपा विधायक रागिनी के सवालों पर सदन में गरमाया माहौल, मंत्री के जवाब पर हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में गुरुवार को उस समय माहौल गरमा गया जब समाजवादी पार्टी की विधायक रागिनी सोनकर ने मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' से निवेश और डिफेंस कॉरिडोर को लेकर तीखे सवाल पूछे। रागिनी सोनकर ने पहला सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में लाखों करोड़ रुपए के एमओयू साइन किए गए, लेकिन धरातल पर सिर्फ 9 प्रतिशत ही परियोजनाएं क्यों दिख रही हैं? दूसरा सवाल डिफेंस कॉरिडोर को लेकर था। उन्होंने पूछा कि चित्रकूट, झांसी, अलीगढ़ और आगरा जैसे जिलों में अब तक प्रगति शून्य क्यों है। तीसरे सवाल में उन्होंने भाजपा के फंड को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में पार्टी के खाते में 800 करोड़ रुपए थे, जो अब 16 हजार करोड़ रुपए कैसे हो गए, जबकि अर्थव्यवस्था कमजोर बताई जा रही है। रागिनी के सवालों के जवाब में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता खड़े हुए और उनके सवालों को पढ़ने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें टोका। इसके बाद मंत्री विपक्ष पर निशाना साधते हुए सपा सरकार के कार्यकाल का जिक्र करने लगे।

# विदेशी दबाव में आकर समझौते देशहित के खिलाफ: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा है कि विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं।

खड़गे ने नए श्रम कानूनों और मनरेगा को कमजोर करने के आरोपों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना करते हुए गुरुवार को कहा कि देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं। सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने सरकार से किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा करने की मांग भी की।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83674.92
निफ्टी 25807.20



सोना 157550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 257567
प्रति किलो



# आईटी सेक्टर में जबरदस्त गिरावट, सेंसेक्स 559 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों में जारी बिकवाली के दबाव में गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई जिससे बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 558.72 अंक (0.66 प्रतिशत) टूटकर 83,674.92 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 146.65 अंक नीचे 25,807.20 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल चारों आईटी कंपनियों टेक महिद्रा, इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में पांच से छह प्रतिशत के आसपास गिरावट रही। चौतरफा गिरावट के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.45 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत नीचे रहा। निफ्टी आईटी सूचकांक 5.51 प्रतिशत लुढ़क गया। तेल एवं गैस, रसायन, रियलटी, मीडिया, एफएमसीजी, बैंकिग, फार्मा और ऑटो में भी गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में तेजी रही। एनएसई में शामिल 3,256 कंपनियों के शेयरों में से 2,007 के शेयर गिरावट में रहे जबकि 1.151 में तेजी रही। अन्य 98 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा का शेयर 5.99 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 5.79 प्रतिशत, टीसीएस में 5.41, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 4.84, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.23, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 2.13 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.27 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और इंडिगो के शेयर भी लाल निशान में रहे। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.17 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.73 फीसदी, ट्रेंट का 1.52 और बीईएल का 1.43 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

# सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट, चांदी 2000 तक टूटी, सोना 600 रुपये सस्ता

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट देखने को मिली। चांदी 2040 रुपये सस्ती होकर 2.61 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं सोना 630 रुपये गिरकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में बुलियन की दरों के अनुसार सोना 660 रुपये सस्ता होकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी 1200 रुपये गिरकर 2.62 लाख प्रति किलो पर आ गई। एमसीएक्स पर गुरुवार को चांदी की कीमतें चार प्रतिशत की तेजी के साथ 2.62 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोना की कीमतों में 1,957 रुपये का उछाल देखने को मिला। सोना 1.25 प्रतिशत चढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले दिन बुधवार को चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई और यह 4,000 रुपये उछलकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं, सोने के भाव में भी मजबूती रही और यह 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया। स्पाट गोल्ड की कीमत मामूली गिरावट के साथ 5,080 डालर प्रति औंस पर आ गई, जबकि स्पाट सिल्वर 2 प्रतिशत लुढ़ककर 82.2 डालर प्रति औंस पर पहुंच गया। अमेरिकी श्रम बाजार के मजबूत आंकड़ों के बाद गुरुवार को एशियाई कारोबार के दौरान सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई।

# चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं और दालों में भी गिरावट रही। चीनी के दाम बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये घटकर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत 18 रुपये फिसलकर 2,847 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई। आटा भी छह रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में नरमी रही। उड़द दाल औसतन 20 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत 15 रुपये और मूंग दाल की दो रुपये प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल और मसूर दाल में टिकाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 24 रिंगिट टूटकर 4,037 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ 57.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल 99 रुपये और सूरजमुखी तेल 77 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल की कीमत 60 रुपये और वनस्पति की 51 रुपये घट गई। सोया तेल में 34 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 17 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए। वहीं, चीनी तीन रुपये महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# रामपुर में वकील की हत्या के विरोध में साथी वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

**लखनऊ।** रामपुर में बुधवार को एक अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में गुरुवार को वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। देवरिया में हत्या के विरोध में दिवानी और कलेक्ट्रेट कचहरी के दर्जनों अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर परिसर में शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किए। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मिश्रा और कलेक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा बताया कि रामपुर एक अधिवक्ता फारूख अहमद खान की निर्मम हत्या के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया है।

बार एसोसिएशन के दोनों अध्यक्षों ने मांग किया है कि वकील के हत्यारों तत्काल गिरफ्तार कर मामले को एफटीसी कोर्ट में लगाकर तत्काल फांसी दिया जाय। रायबरेली की विभिन्न बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता की गोली मारकर की गई हत्या का विरोध करते हुए प्रस्ताव पारित कर न्यायिक कार्यो से विरक्त रहने की घोषणा करते हुए घटना की कड़े शब्दों में निदा की और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को सरकार द्वारा लागू कराने की भी मांग की। गौरतलब है कि रामपुर में बुधवार दोपहर अधिवक्ता फारूक अहमद खां (50) की एक लिपिक ने दिनदहाड़े अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वंदे मातरम...** किए जाने पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि सरकार का यह फैसला गैर कानूनी है। धार्मिक आजादी, सेक्युलर मूल्यों के खिलाफ है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मांग कि है कि सरकार इस नोटिफिकेशन को वापस ले। वापस नहीं लिया, तो पर्सनल लॉ बोर्ड इस फैसले को कोर्ट में चुनौती देगा। सिख संगठन दल खालसा ने वंदे मातरम अनिवार्य किए जाने के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे सिख पहचान व धार्मिक भावनाओं के खिलाफ बताया है। दल खालसा के नेता कंवरपाल सिंह बिट्टू ने बयान जारी करते हुए कहा कि यह फैसला भारतीयता के नाम पर हिंदुत्व विचारधारा को सिख समुदाय पर थोपने का प्रयास है। सिख होने के नाते हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। यह निर्णय सिख समुदाय की भावनाओं और उनकी धार्मिक पहचान के विपरीत है।

# गुरुकुल छात्रा ने 5,555 भिन्न ॐ लिखकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**वाराणसी।** धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी के तुलसीपुर महमूरगंज स्थित पाणिनि कन्या महाविद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी स्वर्णा निगम ने कला और आध्यात्मिक क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कुमारी स्वर्णा ने 5,555 अलग-अलग प्रकार के 'ॐ' (ओंकार) की विशिष्ट पेंटिंग्स बनाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस अद्वितीय कला-साधना को 'यूरेशिया वर्ल्ड रिकॉर्ड' में आधिकारिक रूप से दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरी काशी और देश के लिए गौरव का विषय है। गुरुवार को पाणिनि कन्या महाविद्यालय परिसर में भव्य प्रदर्शनी एवं विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में वाराणसी संसदीय कार्यालय के समन्वयक शिव शरण पाठक, विश्व वैदिक न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह, वरिष्ठ पर्यावरणविद् अनिल कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नए श्रमिक कानून कामगार विरोधी हैं: विपक्ष

नई दिल्ली, वार्ता

■ कहा: 2020 में तीन श्रम संहिताएं जल्दबाजी में पारित की करने के बाद श्रमिकों के हितों की तिलांजलि दी गई थी

लोकसभा में गुरुवार को विपक्षी सदस्यों ने औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को श्रमिकों के हितों के विरुद्ध करार देते हुए कहा कि इस कानून के लागू होने से कामगारों के अधिकारों में और ह्रास होगा।

विधेयक को विचार करने तथा पारित किए जाने के लिए सदन में प्रस्तुत किए जाने के बाद इस पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के के. सुरेश ने कहा कि देश भर के श्रमिक अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जब गुरुवार को देशव्यापी हड़ताल कर रहे हैं, तब यह संशोधन विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि 2020 में पारित की गई तीन श्रम संहिताएं जल्दबाजी में पारित की गई थीं, जिनमें श्रमिकों के हितों की तिलांजलि दी गई थी। अब इस विधेयक के जरिए श्रमिकों के अधिकारों को और कम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 300 तक श्रमिकों-कर्मचारियों वाली कंपनियां, फैक्ट्री और कारखाने सरकार की अनुमति के बगैर बंद किए जा सकेंगे।

सुरेश ने कहा कि 90 प्रतिशत कार्यबल असंगठित क्षेत्र में काम करता है, उसकी पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान कौन रखेगा। महिलाओं की भागीदारी कार्यबल में कम हो रही है। आज कारपोरेट सेक्टर को काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। कारपोरेट की मांगें मान ली जाती हैं। श्रमिकों की मांगें ठुकरा दी जा रही हैं। मोदी सरकार श्रमिकों की असुरक्षा को संस्थागत रूप दे रही है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार श्रमिकों के हितों में काम करती थी। तत्कालीन सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) लाई थी। संप्रग सरकार सामाजिक न्याय के लिए काम करती थी। आज सार्वजनिक उपक्रम कमजोर हो रहे हैं, उनका निजीकरण किया जा रहा है।

अनुबंध पर अधिक कर्मचारी लाए जा रहे हैं। यह विधेयक रोजगार सुरक्षा को क्षति पहुंचाता है। भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि इस विधेयक में पहले के श्रमिकों के जुड़े कानूनों को समेकित करके नई श्रम संहिताएंलाई गई हैं। इस विधेयक को प्रगतिशील सुधार के रूप में जाना जाना चाहिए। सरकार की मंशा श्रमिक-मालिक के बीच तालमेल के जरिए उद्योगों में तरक्की लाना है। सरकार गैरकानूनी तालाबंदी पर रोक लगाना चाहती है। सरकार के इन कदमों से अर्थव्यवस्था में सुधार लाना है। इस सरकार की ओर से लाई गईं श्रमिक संहिताएंपूरे देश में लागू होंगी। इनके लागू होने से औद्योगिक विवाद सुलझाना जयादा सरल हो जाएगा। समाजवादी पार्टी के सांसद अफजल अंसारी ने कहा कि 2020 में जब श्रम संहिताएंलागू की गई थीं, तो बड़े-बड़े दावे किए गए थे और अब उनमें संशोधन करना पड़ रहा है। सरकार जब एक मजबूत कानून नहीं बना सकती तो यह श्रमिकों के हितों की बात करेगी, ऐसा सोचना निरर्थक है। उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों की छंटनी को आसान कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में सरकार के प्रति श्रमिकों में घोर निराशा है। उद्योगों को ढील दी जा रही है। तीन सौ कर्मचारियों वाली कंपनियों- कारखानों में जब चाहे तब कामगारों को नौकरी से निकाला जा सकता है। सरकार को मजदूरों के हितों के बारे में सोचना चाहिए।

# ग्रीष्मकालीन सीजन को देखते हुए तैयारी तेज करें ऊर्जा विभाग: सीएम

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पिटकुल की समीक्षा बैठक, परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत मंथन



■ विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर मुख्यमंत्री का सख्त रुख, वितरण लॉस व विद्युत चोरी पर जीरो टॉलरेंस

■ ऊर्जा परियोजनाओं को मार्च तक पूर्ण औपचारिकता व अप्रैल में शुभारंभ के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी ग्रीष्मकालीन सीजन को देखते हुए यूजेवीएनएल, पिटकुल एवं यूपीसीएल को अभी से समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने, सभी औपचारिकताओं को मार्च तक पूर्ण कर अप्रैल तक परियोजनाओं के शुभारंभ के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत वर्षों में पूर्ण की गई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की उपलब्धियों, एडीबी पोषित एवं नॉन-एडीबी पोषित गतिमान परियोजनाओं, मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास की गई परियोजनाओं, मुख्यमंत्री घोषणा से संबंधित कार्यों तथा आरईसी/पीएफसी पोषित योजनाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

इसके साथ ही वर्ष 2025-26 में अतिरिक्त अंश पूंजी (राज्य सेक्टर एवं एसएएससीआई), प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए वर्षवार अंश पूंजी की आवश्यकता, पिटकुल के रिसोर्स एडीक्वेसी प्लान/मास्टर प्लान, आपदा मद में क्षतिपूर्ति के लिए धनराशि एवं मानव शक्ति की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने विद्युत वितरण लॉस को न्यूनतम करने, विद्युत चोरी पर सख्ती से रोक लगाने तथा वितरण लॉस में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएसआर मद में प्राप्त धनराशि के लिए पृथक खाता खोलकर उसका अधिकतम एवं बहु-रचनात्मक उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया। विभिन्न जनपदों में एडीबी पोषित उपकेंद्रों से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्धन, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु व आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव पंकज पांडेय, सी रवि शंकर, डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, विनय शंकर पाण्डेय, प्रबंध निदेशक उत्तराखंड जल विद्युत निगम डॉ. संदीप सिंघल, प्रबंध निदेशक यूपीसीएल अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

एडीबी पोषित द्वितीय चरण के अंतर्गत बहादराबाद (हरिद्वार), कोटद्वार (पौड़ी), भिकियासैंण (अल्मोड़ा), कपकोट (बागेश्वर) एवं नंदप्रयाग (चमोली) में भूमि आवंटन एवं स्थानांतरण की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूर्ण करने के लिए संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत शिलान्यास की गई सभी परियोजनाओं को तत्काल प्रभाव से पूर्ण करने के लिए निरंतर निगरानी एवं प्रभावी प्रगति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

**एडीबी एवं नॉन-एडीबी पोषित परियोजनाओं में तीव्र प्रगति:** वर्तमान में एशियाई विकास बैंक पोषित 220 एवं 120 केवी उप संस्थानों की परियोजनाएं मंगलौर, सेलाकुई, आराघर, खटीमा, धौलाखेड़ा, लोहाघाट एवं सरवरखेड़ा में गतिमान हैं।

इसके अतिरिक्त नॉन-एडीबी पोषित 400, 220 एवं 132 केवी उप संस्थानों की परियोजनाएं पीपलकोटी, घनसाली, बनबसा, रानीहाट, ऋषिकेश, अल्ट्राटेक एवं सिमली में प्रगति पर हैं।

### पिटकुल एमडी ध्यानी ने दी चार वर्ष की प्रमुख उपलधियों की जानकारी

पिटकुल के प्रबंध निदेशक पीसी. ध्यानी ने विगत चार वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि आरईसी द्वारा पिटकुल की क्रेडिट रेटिंग को ।+ से ।++ किए जाने से परियोजना क्रियान्वयन के लिए प्राप्त ऋणों पर 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को कम टैरिफ के रूप में प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पावर लाइन पत्रिका द्वारा पिटकुल को "पावर लाइन ट्रांस टेक इंडिया अवार्ड-2025" से सम्मानित किया गया है, जो ऊर्जा क्षेत्र के पारेषण क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में न्यूनतम लाइन लॉस के लिए प्रदान किया गया। कुशल प्रबंधन एवं सतत लाभ वृद्धि के परिणामस्वरूप पिटकुल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक का सर्वाधिक 1243 करोड़ का लाभांश उत्तराखंड सरकार को दिया गया है। विगत चार वर्षों में कुल 22 परियोजनाएं पूर्ण की गई हैं, जिनमें से 12 परियोजनाएं क्षमता वृद्धि से संबंधित हैं।

# स्विफ्ट स्कूल में छात्रों को मिलेगा सीखने का बेहतर अवसर: डॉ. रावत



■ राजकीय प्राथमिक विद्यालय, नौगाँव में शुरू हुआ स्विफ्ट स्कूल का संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी/ श्रीनगर।** पौड़ी गढ़वाल जनपद के खिर्सू विकासखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, नौगाँव में 12 फरवरी 2026 को स्विफ्ट स्कूल मॉडल का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस पहल के अंतर्गत विद्यालय को एक समग्र डिजिटल अधिगम संरचना से जोड़ा गया है, जिसमें स्विफ्ट पाल लैब की स्थापना की गई है तथा घर पर सीखने के लिए स्विफ्ट चैट ऐप के माध्यम से शैक्षणिक सहयोग की व्यवस्था की गई है।

यह पहल उत्तराखण्ड सरकार के सहयोग से कन्वे जीनियस फाउंडेशन की साझेदारी में साकार हो रही है। राज्य में सीखने के परिणामों को सुदृढ़ करने और विद्यालय स्तर पर शिक्षण-पद्धति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्विफ्ट स्कूल मॉडल को अपनाया गया है। स्विफ्ट पाल लैब विद्यालय परिसर में स्थापित एक संरचित डिजिटल अधिगम प्रयोगशाला है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को उनके सीखने के स्तर के अनुरूप व्यक्तिगत शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। इससे कक्षा शिक्षण को अतिरिक्त मजबूती मिलेगी तथा विद्यार्थियों की अवधारणात्मक स्पष्टता और नियमित अभ्यास को प्रोत्साहन मिलेगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्विफ्ट स्कूल मॉडल के लागू होने से विद्यालय में शिक्षण की गुणवत्ता को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह पहल शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय की सहभागिता से आगे बढ़ाई जाएगी तथा विद्यार्थियों की प्रगति का नियमित आकलन सुनिश्चित किया जाएगा।इस अवसर पर जिला अधिकारी स्वाति भदौरिया तथा जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक शिक्षा) अंशुल बिष्ट ने इस अवसर पर विद्यालय द्वारा स्विफ्ट स्कूल मॉडल को अपनाने को सराहनीय कदम बताया

# वात्सल्य योजना के तहत 3 करोड़ 5 लाख रुपए खातों में ट्रांसफर

■ महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने डीबीटी किया 2 महीने का पैसा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत लाभार्थियों को 3 करोड़ 5 लाख रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी की।

कैंप कार्यालय पर धनराशि लाभार्थियों की खातों में डीबीटी करने के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना में प्रदेश सरकार 2020 से ही कोरोना महामारी के समय अभिभावकों को खो देने वाले बेसहारा बच्चों को प्रति माह 3000 की सहायता राशि देती है। इस योजना के तहत नवंबर 25 तक का धन पहले ही जारी कर दिया गया था।कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि दिसंबर में 5114 लाभार्थियों को कुल 1 करोड़ 53 लाख 42 हजार रुपए गुरुवार को जारी किए गए हैं। जबकि जनवरी महीने के लिए कुल 5078 लाभार्थियों के 1 करोड़ 52 लाख 34 हजार रुपए की धनराशि जारी की गई है। इस योजना के तहत लाभार्थी के 21 वर्ष के हो जाने या बालिका लाभार्थियों के विवाह या लाभार्थी के सेवायोजित हो जाने के बाद वह योजना से बाहर हो जाते हैं। इस अवसर पर सीपीओ अंजना गुप्ता और डिप्टी सीपीओ राजीव नयन आदि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन क्लीन: मुठभेड़ के बाद दो शूटर गिरफ्तार

■ दोनों के पैरों में लगी गोली, तिब्बती मार्केट हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून के पॉश इलाके तिब्बती मार्केट के सामने हुए सनसनीखेज हत्याकांड के मामले में देहरादून पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। मुख्यमंत्री के कड़े रुख और एसएसपी अजय सिंह के सख्त निर्देशों के बाद पुलिस ने अर्जुन शर्मा के हत्यारे को दो अलग-अलग मुठभेड़ों में मुख्य शूटर और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है, जिन्हें उपचार के लिए कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।तिब्बती मार्केट मे एक दिन पूर्व अर्जुन शर्मा हत्याकांड को अंजाम देने वाले दोनों बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ में राजू अपने भाई पंकज के साथ दबोचा गया तो उसने पूरी कहानी उगल दी। राजू विनोद उनियाल का ड्राइवर बताया जा रहा है।

अर्जुन की हत्या के लिए उन्हें डील के रूप में 12 से 15 लाख रुपये मिलने थे। दोनों से गहन पूछताछ जारी है।पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने दो देशी तमंचे पे एक स्कूटी बरामद की। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि अपराधियों के लिए देहरादून में कोई जगह नहीं है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

**मुठभेड़ में पंकज के साथ दबोचा गया राजू है विनोद का ड्राइवर:** हत्याकांड के बाद फरार शूटरों यमकेश्वर पौड़ी निवासी दो भाइयों राजू और पंकज राणा के पैरों में गोली लगने और उनकी गिरफ्तारी के बाद न सिर्फ पुलिस ने राहत की सांस ली, बल्कि शूटरों ने हत्याकांड के पीछे मुख्य साजिशकर्ता कारोबारी विनोद उनियाल को बताया है। विनोद को मृतक अर्जुन की मां का करीबी बताया गया है।

मृतक अर्जुन की पत्नी अभिलाषा ने बुधवार को अपनी सास बीना शर्मा, विनोद उनियाल, उसकी पत्नी संगीता उनियाल और एसके मेमोरियल हॉस्पिटल के मालिक डॉ. अजय खन्ना के विरुद्ध हत्या करवाने के संदेह पर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि संपत्ति विवाद, आपसी संबंधों में तनाव और कथित साजिश, इन सभी पहलुओं को जोड़कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और वित्तीय लेन-देन की भी पड़ताल की जा रही है। गुरुवार को देर शाम एसएसपी अजय सिंह ने अर्जुन शर्मा हत्याकांड का खुलासा किया।

### दो अलग-अलग मुठभेड़ और अंजाम एक

एसएसपी देहरादून के निर्देश पर पूरे जनपद में नाकेबंदी और सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान तड़के सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच दो स्थानों पर सीधी भिड़ंत हुई। रायपुर क्षेत्र (लाडपुर के जंगल)घ्मे चेकिंग के दौरान एक बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। वही लालतप्पर चौकी मे स्कूटी सवार एक अन्य बदमाश को जब पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो वह खंडर फैक्ट्री में छिपकर फायरिंग करने लगा। पुलिस की जवाबी मुठभेड़ में इस बदमाश के दाहिने पैर में भी गोली लगी है।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग को मिला नया नेतृत्व



■ दून के हाजी सुलेमान अंसारी बने प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी में लंबे समय से खाली चल रहे अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पद पर आखिरकार नियुक्ति हो गई है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद हाजी सुलेमान अंसारी को उत्तराखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी।

यह घोषणा एआईसीसी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की और से जारी प्रेस नोट में की गई, जिसमें तेलंगाना और उत्तराखंड दोनों राज्यों के अल्पसंख्यक विभागों के अध्यक्षों की नियुक्ति की जानकारी दी गई है। उत्तराखंड कांग्रेस में अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश अध्यक्ष पद काफी समय से रिक्त चल रहा था। संगठनात्मक दृष्टि से यह विभाग महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यह पार्टी और अल्पसंख्यक समुदायों के बीच संवाद का सेतु होता है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी चुनावी परिदृश्य और सामाजिक समीकरणों को देखते हुए कांग्रेस ने इस पद पर सक्रिय और जमीनी अनुभव रखने वाले चेहरे को आगे बढ़ाया है।

हाजी सुलेमान अंसारी की नियुक्ति को इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके तहत पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और अल्पसंख्यक समुदाय में विश्वास को पुनर्स्थापित करने की कोशिश कर रही है।

### जमीनी राजनीति से प्रदेश स्तर तक का सफर

हाजी सुलेमान अंसारी का राजनीतिक सफर बेहद साधारण पृष्ठभूमि से शुरू हुआ। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत देहरादून की ग्राम सभा मेंहूंवाला माफी से प्रधान के रूप में की थी। स्थानीय स्तर पर सक्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने संगठनात्मक कौशल और जनसंपर्क क्षमता का परिचय दिया। कांग्रेस पार्टी में वे विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। संगठन के भीतर उनकी सक्रियता, जमीनी पकड़ और समुदायों के बीच संवाद स्थापित करने की क्षमता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताया है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ग्राम स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक का अनुभव उन्हें संगठनात्मक संरचना को समझने और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने में मदद करेगा।

### राजनीतिक महत्व और आगामी रणनीति

उत्तराखंड की राजनीति में अल्पसंख्यक मतदाताओं की भूमिका कई सीटों पर निर्णायक मानी जाती है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा अल्पसंख्यक विभाग को सक्रिय करना रणनीतिक दृष्टि से अहम कदम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी आने वाले समय में अल्पसंख्यक विभाग के माध्यम से जिला और ब्लॉक स्तर पर पुनर्गठन अभियान चला सकती है। हाजी सुलेमान अंसारी की जिम्मेदारी केवल संगठन विस्तार तक सीमित नहीं होगी, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर पार्टी की स्पष्ट भूमिका को जनता तक पहुंचाना भी उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा।

### पुलिस ने मोबाइल स्नेचर लाड व लक्की को दबोचा

**देहरादून।** राजधानी की कैंट पुलिस ने टपकेश्वर-शेरबाग रोड पर हुई मोबाइल स्नेचिंग की वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी लाड सिंह और लक्की सिंह ने नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। बीते 7 फरवरी को गढ़ी कैंट निवासी प्रदीप पाल की पत्नी जब टपकेश्वर रोड से अपने घर की ओर जा रही थीं, तभी बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। सूचना के आधार पर पुलिस ने पोस्ट ऑफिस तिराहे के पास चेकिंग के दौरान लाड सिंह पुत्र रोशन सिंह निवासी कांवली रोड व लक्की सिंह पुत्र स्व. शमशेर सिंह, निवासी कांवली रोड को घेरकर दबोच लिया। दोनों आरोपी लक्ष्मण चौक क्षेत्र के निवासी हैं।

# यूटीयू देहरादून के छः परिसर संस्थानों के लिए वित्तीय सहायता को लेकर मंथन

■ मुख्य सचिव ने की विश्वविद्यालय के परिसरों के लिए राज्य एवं केंद्र पोषित योजनाओं से वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने को बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून के छः परिसर संस्थानों के लिए राज्य एवं केंद्र पोषित योजनाओं से वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने संबंधी बैठक आयोजित हुई।

मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय को राज्य में तकनीकी शिक्षा की बेहतरी के लिए प्रयास करने के साथ संस्थानों में आवश्यक अवस्थाना सुविधाओं के विकास तथा फैकल्टी की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में विश्वविद्यालय के परिसरों में छात्रों को आवश्यक संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध होने से इनमें संचालित विषयों में छात्रों की संख्या बढ़ेगी तथा जिन उद्देश्यों के लिए इन परिसरों की स्थापना की गई है उसका उद्देश्य भी पूरा हो सकेगा।

मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय से प्रौद्योगिकी संस्थान गोपेश्वर, पिथौरागढ, टनकपुर, बौन (उत्तरकाशी) डब्लू आईटी. देहरादून में हॉस्टल निर्माण के साथ अन्य आवश्यक आवासीय भवनों के निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा, ताकि छात्रों के साथ प्रमुख फैकल्टी को आवासीय सुविधाएं भी उपलब्ध हो सके। मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय को अपने आय के संसाधनों में वृद्धि के साथ अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर होने वाले व्यय का प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने को कहा, ताकि उस पर शासन स्तर पर विचार कर नीतिगत निर्णय लिया जा सके। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए आवश्यक है कि इनमें हॉस्टल की सुविधा हो फैकल्टी की व्यवस्था हो तथा आवश्यक उकरण एवं अन्य संसाधन उपलब्ध हो। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. तृप्ता ठाकुर ने विस्तृत प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विश्वविद्यालय के कार्य-कलापों की जानकारी दी। बैठक में सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा, वी. षणमुगम, रजिस्ट्रार राजेश उपाध्याय, निदेशक डब्ल्यू. आईटी. मनोज पाण्डा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ड्रीमर्स एजु हब के कार्तिक पांडेय ने रचा इतिहास

■ एसएससी टेक में ऑल इंडिया रैंक-३ हासिल कर बढ़ाया उत्तराखंड का मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देवभूमि के युवाओं का भारतीय सेना के प्रति जज्बा एक बार फिर स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है।

राजधानी स्थित प्रतिष्ठित सैन्य प्रशिक्षण संस्थान श्ड्रीमर्स एजु हबश के छात्र कार्तिक पांडेय ने एसएससी टेक्निकल एंट्री में अखिल भारतीय स्तर पर तीसरी रैंक प्राप्त कर न केवल संस्थान, बल्कि पूरे उत्तराखंड को गौरवान्वित किया है।कार्तिक पांडेय ड्रीमर्स एजु हब के 10 अक्टूबर 2024 बैच के छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) की बारीकियों को इसी संस्थान से सीखा। उनकी कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि उन्हें 34 एसएसबी इलाहाबाद द्वारा सेना में अधिकारी पद के लिए अनुशंसित किया गया।मूल रूप से नैनीताल जिले के रामनगर निवासी कार्तिक का बचपन से ही सपना भारतीय सेना की वर्दी पहनकर देश की सेवा करना था।

संस्थान के प्रशिक्षकों के अनुसार, कार्तिक न केवल शैक्षणिक रूप से मेधावी रहे, बल्कि शारीरिक दक्षता और नेतृत्व क्षमता में भी उन्होंने सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अनुशासन और निरंतर अभ्यास उनकी सफलता के मूल मंत्र रहे।कार्तिक की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर ड्रीमर्स एजु हब के संस्थापक हरिओम चौधरी एवं सह-संस्थापिका अंकिता तनेजा ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।अपनी ऐतिहासिक सफलता पर कार्तिक पांडेय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय अपने माता-पिता के अटूट सहयोग और गुरुओं के सटीक मार्गदर्शन को दिया।

### चार नए लेबर कोड के विरोध में मजदूर यूनियनों ने निकाली रैली

**देहरादून।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर गुरुवार को सीटू, एटक और इंटक से जुड़ी युनियनों के साथ ही बस्ती बचाओ आंदोलन के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर देहरादून में रैली निकालकर प्रदर्शन किया. इस दौरान जिला मुख्यालय में पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन के माध्यम से प्रेषित किया गया है.

यह रैली राजपुर रोड घंटाघर एश्ले हॉल से होते हुए जैसे ही सचिवालय की ओर बढ़ी, तभी पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया. पुलिस के रोके जाने से नाराज प्रदर्शनकारी सड़क पर ही धरने पर बैठ गए, और मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर हल्ला बोलते हुए रैली निकाली।

# जन-जन की सरकार: जोशी ने सुनीं जन समस्याएं

■ 41 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को रायपुर ब्लॉक के सरोना स्थित राइका भगद्वारीखाल में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" तथा "प्रशासन चला गांव की ओर" कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

शिविर में कृषि विभाग के लाभार्थियों को कृषि यंत्र एवं चेक वितरित किए गए। वहीं बाल विकास विभाग के माध्यम से महिलाओं एवं किशोरियों को महालक्ष्मी किट एवं किशोरी किट प्रदान की गई। शिविर के दौरान कुल 41 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। शेष विकासपरक एवं योजनाओं से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध प्रस्ताव तैयार कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री का संकल्प है कि राज्य के प्रत्येक नागरिक तक सरकार की योजनाओं का लाभ पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे और कोई भी व्यक्ति बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत अब तक सात लाख से अधिक नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल चुका है। मंत्री गणेश जोशी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों की ई-केवाईसी के लिए सुवाखोली और सहस्त्रधारा में विशेष कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रिप परियोजना के तहत सीएलएफ से जोड़ने के लिए भी विशेष शिविर लगाने को कहा।

इस अवसर पर एडीएम के.के मिश्रा, एसडीएम हरी गिरी, परियोजना निदेशक विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, ग्राम प्रधान आस्था नेगी, पूनम देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य घनश्याम नेगी, प्रेम कोहली, अरविंद राणा सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बसंत महोत्सव में बरसी विकास की गंगा, महाराज ने दी 13 करोड़ की सौगात

**■ होम स्टे और स्टार गेजिंग से बदलेगी पहाड़ की तस्वीर, पर्यटन मंत्री ने दिखाई विकास की नई राह**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रकृति के नवसृजन और उल्लास के प्रतीक बसंत ऋतु के आगमन पर घनसाली नगर पंचायत क्षेत्र में तीन दिवसीय घनसाली बसंत महोत्सव-2026 का भव्य आगाज हुआ। श्रीराम होटल में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट एवं पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और क्षेत्रवासियों को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। इस अवसर पर उनके साथ उनकी पुत्रवधु मोहिना रावत और पौत्र शियांश रावत, स्थानीय विधायक शक्तिलाल शाह, जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खंडेलवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच साझा किया। महोत्सव में पहाड़ की लोक संस्कृति, परंपरा और विकास का एक अनूठा संगम देखने को मिला।कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने संबोधन में कहा कि बसंत का यह पावन पर्व हमारे जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बसंत में प्रकृति अपना पुराना चोला त्यागकर नए रंगों और खुशबू से सराबोर हो जाती है, उसी प्रकार यह महोत्सव भी हमें आपसी मतभेद भुलाकर एकजूट होने और समाज में प्रेम व सौहार्द बांटने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पर्यटन मंत्री ने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे इस महोत्सव के माध्यम से जीवन की खुशियों को गले लगाएं और प्रकृति के सौंदर्य का आनंद लें।

महोत्सव के मंच से सतपाल महाराज ने घनसाली विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए कुल 13 करोड़ 1 लाख 42 हजार रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसमें लोक निर्माण विभाग की 1 करोड़ 71 लाख 79 हजार रुपये की लागत वाली एक महत्वपूर्ण सड़क योजना और सिंचाई विभाग की 10 करोड़ 69 लाख 63 हजार रुपये की लागत वाली दो महत्वाकांक्षी योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही पंचायती राज विभाग के अंतर्गत 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित तीन पंचायत भवनों का लोकार्पण भी किया गया। पर्यटन के क्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाशते हुए सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश सरकार स्लीप अंडर द स्टार्स जैसी अभिनव गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। इसके तहत पर्यटक सुरक्षित स्थानों पर खुले आसमान के नीचे रात गुजार सकेंगे और तारों से सजी आकाशगंगा का अद्भुत नजारा देख सकेंगे। यह पहल न केवल पर्यटकों को एक नया अनुभव देगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। उन्होंने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय होम स्टे योजना के तहत अब तक 5000 से अधिक होम स्टे पंजीकृत हो चुके हैं, जिससे हजारों लोग लाभान्वित हुए हैं। साथ ही आदि कैलाश यात्रा और लिपुलेख से कैलाश दर्शन को सुगम बनाने के लिए भी सरकार व्यापक कार्ययोजना पर काम कर रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक शक्तिलाल शाह ने कहा कि हमारी पौराणिक संस्कृति ही हमारी पहचान है और इसे जीवित रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। नगर पंचायत अध्यक्ष घनसाली आनंद बिष्ट ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनके सम्मान में एक विशेष प्रशस्ति पत्र पढ़ा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को महालक्ष्मी किट भी वितरित की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष चमियाला गोविंद, व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश बडोनी, पूर्व प्रमुख वसुमति घानाता, प्रमुख राजीव कण्डारी, ज्येष्ठ प्रमुख प्यार सिंह बिष्ट, कनिष्ठ प्रमुख कृष्णा गैरोला और उपजिलाधिकारी घनसाली अलकेश नौडियाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ श्रीनगर में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** श्रमिक विरोधी नीतियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में निजीकरण, सरकारी स्कूलों को क्लस्टर योजना के नाम पर बंद करने, अंकिता भंडारी हत्याकांड के वीआईपी आरोपियों की गिरफ्तारी तथा साक्ष्य मिटाने वालों पर कार्रवाई सहित विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को ट्रेड यूनियनों के देशव्यापी आह्वान के समर्थन में श्रीनगर में आक्रोश देखने को मिला।इस दौरान सीटू से जुड़े रेलवे प्रोजेक्ट डुगरीपंथ और श्रीनगर के कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर एक दिवसीय हड़ताल कर बद्री-केदार मंदिर समिति धर्मशाला से गोला बाजार तक लगभग रैली निकाली। रेलवे प्रोजेक्ट मजदूर संघ के अध्यक्ष आशीष रावत और प्रदेश अध्यक्ष एसएफआई नितिन मलेठा ने कहा कि मजदूरों को जाति-धर्म के नाम पर बांटकर उनकी एकता को कमजोर किया जा रहा है। कहा कि मजदूरों से 12 घंटे काम लेकर उन्हें न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है, जबकि स्थायी रोजगार की व्यवस्था समाप्त की जा रही है।कहा कि वर्तमान में लागू किए जा रहे नए श्रम कानून मजदूर विरोधी हैं। आक्रोशित श्रमिकों ने पुराने श्रम कानूनों को पुन: लागू करने की मांग करते हुए कहा कि मजदूर संगठन ऐसे कानूनों को पारित नहीं होने देंगे और आन्दोलन जारी रखेंगे।श्रमिकों ने वीबी जी राम जी बिल को निरस्त कर मनरेगा कानून को बहाल करने,बस्ती वासियों को मालिकाना हक देने,देहरादून में प्रस्तावित एलीवेटेड रोड़ निरस्त करने, बिजली बिल 2025 को निरस्त कर स्मार्ट मीटर ना लगाने,आपदाग्रस्त परिवारों को राहत देने,न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपये प्रतिमाह दिए जाने,योजना कर्मियों को स्थायी कर्मचारी घोषित किये जाने,वन अधिकार अधिनियम को लागू करने सहित अन्य विषयों पर कार्रवाई किये जाने की मांग की।

# कलेक्ट्रेट में जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**■ डीएम प्रतीक जैन ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददात**

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता मिलन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखीं।

सिंदवाणी तल्ली से आए ग्रामीणों ने दृयुक तोक में सोलर लाइट लगाए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि शाम होते ही गांव में अंधेरा छा जाता है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अंधेरे के कारण सुरक्षा संबंधी आशंकाएं भी बनी रहती हैं। राजकीय महाविद्यालय अगस्त्यमुनि से आए छात्रसंघ पदाधिकारियों ने बालिका छात्रावास में सुरक्षा कर्मी की तैनाती तथा महाविद्यालय परिसर में हेल्थ डेस्क स्थापित करने, ग्राम जग्गी बगवान के ग्रामीणों ने परी तोक को सड़क मार्ग से जोड़ने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क संपर्क न होने के कारण उन्हें आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच प्रभावित होती है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में ग्राम चिलौणड़ के ग्रामीणों ने भंगर गदेरे पर पुलिया निर्माण की मांग उठाई। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि शासन-प्रशासन की प्राथमिकता जनसमस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने सभी विभागों को प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के समाधान की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा अधिकारियों से फीडबैक लेकर कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, 18 गाँवों को मिलेगी ऑल वेदर कनेक्टिविटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** लालढांग चिल्लरखाल रोड का वाद उच्चतम न्यायालय में वर्षों से विचाराधीन था, गुरुवार को लालढांग - चिलरखाल वाद पर महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय पारित किया है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस सड़क के पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण की अनुमति प्रदान किए जाने के साथ ही क्षेत्र के विकास का मार्ग पूर्ण रूप से प्रशस्त हो गया है ।लगभग 11.5 किलोमीटर लंबी इस सड़क में से 4.7 किलोमीटर का हिस्सा सेंट्रल फॉरेस्ट एरिया से होकर गुजरता है, जिसके कारण निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित था।

न्यायालय के इस सकारात्मक आदेश के बाद अब लगभग 18 गाँवों और 40 हजार से अधिक की आबादी को ऑल वेदर रोड कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। यह निर्णय क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक प्रगति के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा।

स्थानीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि कोटद्वार और आसपास के समस्त ग्रामीण अंचलों के लिए जीवनरेखा है। पिछले चार वर्षों से वे निरंतर इस विषय को लेकर प्रयासरत थीं। उन्होंने शासन स्तर पर लगातार संवाद स्थापित किया, संबंधित विभागों के साथ समन्वय किया तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में इस वाद से संबंधित प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करवाई। उनके सतत प्रयासों और प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप ही आज यह सकारात्मक आदेश पारित हो सका है। खण्डूडी ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर संपर्क सुविधा प्रदान करना उनका संकल्प रहा है और वे कोटद्वार के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

## एक नजर .......

### श्रीनगर में महाशिवरात्री पर्व पर निकलेगी भव्य झांकी

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर क्षेत्रांर्गत नागेश्वर मंदिर में महाशिवरात्री का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस मौके पर नागेश्वर महादेव मंदिर में चार पहर की पूजा-अर्चना होगी। 15 फरवरी को महाशिवरात्री के पर्व पर नागेश्वर मंदिर के मंहत नितिन पूरी के सानिध्य में नगर क्षेत्र में भव्य झांकि की आयोजन किया जायेगा। मंहत नितिन पुरी ने बताया कि 15 फरवरी को महाभिषेक और चार पहर की विशेष पूजा अनुष्ठान मंदिर में की जाएगी। बताया कि विशेष पूजा अनुष्ठान के दौरान होने वाली चार पहर की पूजा में पहले पहर की पूजा सुबह 8 बजे, दूसरे पहर की पूजा 11 बजे, तीसरे पहर की पूजा रात 1 बजे और चौथे पहर की पूजा अगले दिन सुबह 4 बजे की जाएगी। मंदिर समिति के संयोजक अनूप बहुगुणा ने बताया कि नगर क्षेत्र में भगवान शिव-पार्वती की झांकि निकाली जायेगी। इसके लिए धामपुर से कलाकारों की टीम को भी बुलाया गया है। वहीं, देर शाम भव्य शोभा यात्रा नगर क्षेत्र में निकाली जाएगी। जिसमें गुरिल्ला, बाहुबली हनुमान मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शोभा यात्रा नागेश्वर मंदिर से शुरू होकर गोला बाजार, गणेश बाजार और नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस नागेश्वर मंदिर में ही समाप्त होगी।

### मांगों पर कार्यवाही न होने पर 16 को तालाबंदी की चेतावनी

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अकरी-बारजुला पट्टी के गांव में पेयजल व सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए पाव अकरी के ग्रामीणों का क्रमिक अनशन गुरूवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। तीसरे दिन आभा देवी, चौता देवी, सरिता देवी, प्रमिला देवी, सुमति देवी, अंजू देवी, कुंदनलाल भट्ट, रमेश पोखरियाल, चित्रमणी डंगवाल, धन सिंह रावत, उम्मेद सिंह गुसांई क्रमिक अनशन पर रहें। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि लम्बे से वह न्यूली पेयजल योजना के पुनर्गठन करने, अकरी-बारजुला पंपिंग योजना कि उच्च स्तरीय जांच किए जाने व कोराखाल (सेल) तोक से मठुर गांव तक मोटरमार्ग का निर्माण कराए जाने की मांग कर रहें है, लेकिन शासन प्रशासन के ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रही है। कहा कि यदि 15 फरवरी तक मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं करता है तो वह 16 फरवरी को उपजिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर तालाबंदी करने के लिए मजबूर होगें।

### बैकुण्ठ चतुर्दषी मेले में भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्यवाही की मांग

**श्रीनगर।** बैकुण्ठ चतुर्दशी एवं विकास प्रदर्शनी मेले में भ्रष्टाचार के आरा. ेप में पार्षदों को नाम पर रूकम दिए जाने पर नगर निगम के पार्षदों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। गुरूवार को इस संदर्भ में उन्होने कोतवाली श्रीनगर को ज्ञापन भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में पार्षद देवेंद्रमणी मिश्रा, मीना देवी, विकास चौहान, शुभम कुमार प्रभाकर, पंकज कुमार सती, सुमित सिंह, विकास चौहान ने कहा कि पूर्व में कोतवाली श्रीनगर में दिए ज्ञापन में बैकुण्ठ चतुर्दशी मेले में 19.50 लाख रूपये के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। कहा कि जो कि उपजिलाधिकारी, निगम पार्षदों व व्यापार मंडल पर नाम पर ली गई है। कहा कि निगम के पार्षदों द्वारा इसकी घोर निंदा की जाती है। साथ ही सेठपाल नामक व्यक्ति से जिन लोगों को रकम देने की बात कहीं गयी है उनके साथ पूछताछ किए जाने की बता कही। उन्होने पुलिस प्रशासन से उक्त मामले जांच किए जाने, जांच को सर्वाजनिक किए जाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# धरासू में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** मुख्यमंत्री की जन-जन की सरकार-जन जन के द्वार मुहिम के तहत गुरुवार को विकासखंड एकेश्वर की न्याय पंचायत धरासू के प्राथमिक विद्यालय में एक विशाल बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी चौबट्टाखाल रेखा आर्य की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में न्याय पंचायत के विभिन्न गांवों से आए 527 ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। शि. विर का मुख्य उद्देश्य शासन-प्रशासन की सेवाओं को सीधे जनता के द्वार तक पहुँचाना रहा, जिससे ग्रामीणों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों की दौड़ न लगानी पड़े ।शिविर के दौरान उपजिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को अत्यंत संवे. दनशीलता के साथ सुना। कुल दर्ज 25 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष जटिल मामलों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए एक निश्चित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ,उपजिलाधिकारी रेखा आर्य ने शिविर में लगाए गए सभी 23 विभागीय स्टॉलों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देशित किया कि वे केवल कार्यालयों तक सीमित न रहकर नियमित रूप से क्षेत्रों का भ्रमण करें और विकास कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा पात्र व्यक्तियों को बिना किसी विलंब के लाभ पहुँचाने की है।उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में ही जनसुनवाई कर मौके पर निस्तारण करने की कार्यसंस्कृति विकसित करने को कहा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सौरभ हांडा, ग्रामोत्थान परियोजना प्रबंधक कुलद. ीप बिष्ट, सहायक प्रबंधक आशुतोष कौशिक सहित राजस्व, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि और पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ज्ञानसू की टीम ने जीता श्री काशी विश्वनाथ फुटबॉल रनिंग ट्रॉफी का खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** नगरपालिका परिषद बाड़ाहाट के एक साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत रामलीला मैदान उत्तरकाशी में आयोजित फुटबॉल रनिंग में ज्ञानसू की टीम ने जीता है।

वीरवार को मैच समापन के दिन माँ गंगा टीम व ज्ञानसू के मध्य टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। मैच के पहले हाफ में 34 वें मिनट में ज्ञानसू के स्ट्राइकर नवीन ने पहला गोल किया। मैच के 35 वें मिनट में माँ गंगा टीम के आकाश ने गोल बराबर कर दिया।

इसके ठीक 38 वें मिनट में पुन: माँ गंगा के आकाश ने लगातार दूसरा गोल कर पहले हाफ में 2- 1 से बढ़त दिला दी। मैच के दुसरे हाफ में ज्ञानसू के मनवीर ने 1 गोल करके मैच को 2- 2 से बराबरी पर ला दिया। मैच का निर्णय पेनल्टी शूट में हुआ जिसमे ज्ञानसू ने 5 - 4 से विजय प्राप्त कर टूर्नामेंट अपने नाम किया। 9 ए साइड मैच के पहले




हाफ में टूर्नामेंट के समापन के बतौर मुख्य अतिथि आयोजक पालिकाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान ने खिलाड़ियों से परिचय करते हुए फुटबॉल खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना, अनुशासन, जिले का नाम रोशन करने का आहवाहन किया। इस अवसर पर बेस्ट स्कोररेर नवीन, बेस्ट स्ट्राइकर आकाश, बेस्ट गोल. कीपर नितिन नेगी, बेस्ट डिफेंडर पारस को ट्रॉफी मिली। विजेता टीम को 51000 नकद व ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 31000 नकद व ट्रॉफी भेंट किया है। इस अवसर पर शैलेन्द्र सिंह मटूडा, प्रेम सिंह पंवार, गंगा सिंह राणा, दीपेन्द्र पंवार, सभासद महावीर चौहान, मनीष पंवार, देवराज बिस्ट, संतोषी राणा, सुनीता नेगी, मधु भट्ट, वंदना नौटियाल, नीरज पंवार, कृष्णा रमोला, अरुण बिस्ट, इरशाद, विश्वास रावत, अजय रॉय, दुर्गेश नौटियाल, गौतम पंवार, मनोज शाह, राजेंद्र चौधरी शामिल रहे।। मैच रेफ्री हर्षित चौहान, सुमित पुंडीर, हिमांशु प्रजापति ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# देवडोलियों के सानिध्य में पुरोला रवांई बसंतोत्सव का आगाज

**पुरोला ( उत्तरकाशी )।** रवांई क्षेत्र की लोक आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक रवांई बसंतोत्सव 'बजार की जातर' के चार दिवसीय सांस्कृतिक मेले का शुभारंभ गुरुवार को 26 गांवों के ईष्ट मटिया महासु ओडारू-जखंडी महाराज की देवडोलियों के सानिध्य में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। नगर क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के बीच देव आशीर्वाद के साथ मेले का शुभारंभ होते ही पूरा क्षेत्र धार्मिक और सांस्कृतिक रंग में रंग गया।परंपरा के अनुसार गुरुवार सुबह देवता के मूल थान पुजेली गांव से दोनों देवडोलियों को सजा-संवार कर श्रद्धालुओं द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ नागराज मंदिर तक लाया गया। इसके पश्चात नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में लगभग दो किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा के माध्यम से देवडोलियां मेला स्थल तक पहुंचीं।

# एक महीने बाद भी नहीं थमा धरना प्रदर्शन, मालिकाना हक के लिए डटे विस्थापित

**■ केमसारी टिन शेड कॉलोनी के निवासियों का धरना जारी, प्रशासन की बेरुखी पर फूटा गुस्सा दो दशक का दर्द और 30 दिन का संघर्ष, एकता शक्ति संगठन ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** एशिया के सबसे बड़े टिहरी बांध की झील में अपना सब कुछ समा देने वाले पुरानी टिहरी के विस्थापित आज भी अपने अधिकारों के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। विस्थापन का दर्द झेल रहे केमसारी टिन शेड कॉलोनी के निवासियों के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। एकता शक्ति संगठन के बैनर तले स्थायी मालिकाना हक की मांग को लेकर चल रहा इनका शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन अब 30वें दिन में प्रवेश कर गया है। एक महीना पूरा होने के बावजूद शासन और प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल न होने पर आंदोलनकारियों में गहरा रोष व्याप्त है।

धरना स्थल पर डटे विस्थापितों का कहना है कि वे पिछले 30 दिनों से लगातार अपनी जायज मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। विस्थापितों का आरा. ेप है कि उन्हें पुरानी टिहरी से उजाड़े हुए दो दशक से अधिक का समय बीत चुका है। इतने लंबे अरसे से वे टिन शेड्स में अस्थाई तौर पर जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें उनके आवासों का स्थायी आवंटन नहीं किया गया है। न तो उन्हें भूमि का मालिकाना हक मिला है और न ही सिर पर पक्की छत की गारंटी। वे आज भी असुरक्षा और अनिश्चितता के माहौल में जीने को विवश हैं, जबकि उन्होंने देश के विकास के लिए अपनी पुश्तैनी जमीनें कुर्बान कर दी थीं।

आंदोलनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार और पुनर्वास विभाग ने उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया, तो वे अपने आंदोलन को और अधिक उग्र बनाने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन की यह चुप्पी अब बर्दाश्त से बाहर होती जा रही है। धरना स्थल पर संगठन के संरक्षक सुरेंद्र खत्री, सुरेंद्र घई, मनीष, पंकज, नीरज, दीपक, गुड्डी देवी, सुनीता राणा, ममता पैन्यूली, राजेश और मधु देवी सहित बड़ी संख्या में विस्थापित मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द मालिकाना हक की प्रक्रिया पूरी करे, अन्यथा परिणाम गंभीर होंगे।

# कोटद्वार पुलिस की सतत निगरानी के साथ सघन चेकिंग जारी

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार क्षेत्र में शांति, कानून-व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पौड़ी पुलिस द्वारा निरंतर सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी की जा रही है। जनपद में प्रवेश एवं निकास करने वाले सभी वाहनों की चेकिंग बैरियर प्वाइंटस पर की जा रही है, साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं सत्यापन की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। नगर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, चौराहों, संवेदनशील स्थलों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों एवं भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। पुलिस टीमों द्वारा लगातार पैदल गश्त एवं मोबाइल गश्त कर स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है साथ ही बाहर से आकर कोटद्वार का माहौल खराब करने अथवा किसी भी प्रकार से शांति भंग करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# नशा मुक्त रुद्रप्रयाग को लेकर प्रशासन सख्त

**■ अवैध खेती और कारोबार पर होगी कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में नार्को समन्वय केंद्र की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जनपद को ड्रग्स फ्री बनाने को लेकर प्रभावी ढंग से संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित विभागों को ठोस कार्यवाही के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में भांग की अवैध खेती, मादक पदार्थों के कारोबार तथा प्रति. बंधित नशीली दवाइयों की बिक्री पर कठोर निगरानी रखी जाए। उन्होंने नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाए। पुलिस उपाधीक्षक विकास पुंडीर ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पूरे राज्य सहित जनपद को ड्रग्स फ्री बनाने के लिए सभी पुलिस की ओर से संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग की ओर से विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं आमजन के बीच व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही नारकोटिक्स पदार्थों की रोकथाम को लेकर नियमित चेकिंग, छापेमारी एवं संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर कठोर कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त टीमों की ओर से समय-समय पर अवैध भांग की खेती का विनष्टीकरण भी किया गया तथा जनपद के सभी चेक पोस्टों पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि बंजर भूमि पर कृषि गतिविधियां न होने के कारण कई स्थानों पर भांग की अवैध खेती को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों को ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर प्रभावी रोकथाम एवं वैकल्पिक उपयोग करने के निर्देश दिए, जिससे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। शिक्षा विभाग को जनपद के सभी विद्यालयों में नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों की नियमित निगरानी तथा समय-समय पर काउंसलिंग की जाए। साथ ही विद्यालय परिसरों के 100 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग को प्रतिबंधित एवं नियंत्रित दवाइयों की सूची पुन: तैयार कर संबंधित प्रतिष्ठानों को उपलब्ध कराने तथा दवाइयों की अवैध बिक्री न करने के निर्देश दिए। जनपद के सभी मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करने तथा उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

# सीएम ने किया मिट्ठीबेरी-परवल मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत जनपद देहरादून के सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में मीठीबेरी से परवल होते हुए चांदनी चौक तक तथा परवल से विज्ञान धाम झाझरा तक 1203.40 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के द्वितीय चरण (किलोमीटर 1 से 10) का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदृढ़ सड़क अवसंरचना प्रदेश के समग्र विकास का आधार है। बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यापार, पर्यटन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी और क्षेत्र की आर्थिकी सशक्त होगी।जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रेटिंग्स उत्तराखंड को समावेशी विकास में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित कर रही हैं। उन्होंने मातृशक्ति को पहाड़ की अर्थव्यवस्था का केंद्र बताते हुए कहा कि 'लखपति दीदी' योजना के माध्यम से महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के जरिए ऐसे उत्पाद तैयार कर रही हैं जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भी प्रतिस्पर्धा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था 26 गुना बढ़ी है, बजट आकार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है, विद्युत उत्पादन चार गुना बढ़ा है तथा रिवर्स माइग्रेशन में 44 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है।इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश सुशासन और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। युवा, महिला और किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है।

प्रदेश की संस्कृति और मौलिक पहचान बनाए रखने के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं। पुष्कर धामी के नेतृत्व में अब तुष्टीकरण के लिए कोई स्थान नहीं है तथा सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास पर कार्य किया जा रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




■ बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय लोगों ने किया स्वागत, क्षेत्र को सौगात देने के लिए लोगों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार, मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश भर में हो रहे अभूतपूर्व कार्य

■ १२०३.४० लाख रुपये की लागत से सहसपुर में सड़क चौड़ीकरण के द्वितीय चरण का शिलान्यास, मीठीबेरी-परवल-चांदनी चौक एवं परवल-विज्ञान धाम झाझरा मार्ग को मिलेगा नया स्वरूप

### देवभूमि की अस्मिता पर कोई समझौता नहीं, जीरो टॉलरेंस की नीति जारी

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि देवभूमि उत्तराखंड की मूल पहचान, संस्कृति और जनसांख्यिकीय संतुलन से किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून तथा अवैध अतिक्रमण और भू-माफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा इस वित्तीय वर्ष में 10 से 12 हजार नियुक्तियों की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर की क्षेत्रीय समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और सक्रियता की सराहना की।

# कांग्रेस के सनातन विरोधी कृत्य का भाजपा करेगी पुरजोर विरोध : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने धर्म की राजनीति के कांग्रेसी आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि वह तुष्टिकरण के खातिर गलत करे और कोई उसकी चर्चा भी न करे ऐसा संभव नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट किया डेमोग्राफी, राष्ट्रीय सुरक्षा कांग्रेस के लिए राजनीति का मुद्दा हो सकता है, लेकिन यह हमारे लिए सैद्धांतिक, वैचारिक और सामाजिक कर्तव्य का विषय है। विभिन्न माध्यमों द्वारा पूछे गए मीडिया सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, जब जब प्रदेश में डेमोग्राफी बदलने की साजिश और धर्मांतरण के षडयंत्र उजागर होते हैं, सर्वाधिक तकलीफ कांग्रेस को ही होती है। अधिकांश मामलों में उंगलियां कांग्रेस सरकारों और नेताओं की तरफ ही उठती हैं। प्रत्येक प्रकरण में इनके नेता सनातन धर्म के विरोध और समुदाय विशेष के अपने वोट बैंक के पक्ष में खड़े हो जाते हैं। प्रदेश की देवभूमि छवि और शांत माहौल को बिगाड़ने वालों की साजिश में शामिल हो जाते हैं। लिहाजा कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को भाजपा पर आरोप लगाने के बजाय अपने गिरेबाँ में झांकना चाहिए। उन्होंने सिलसिलेवार ढंग से कांग्रेसी आरोपों का जबाब देते हुए कहा कि जो आज मुस्लिम यूनिवर्सिटी के ताबीज की बात करते हैं, उसका पहला हकदार तो सहसपुर का उनका वह मुस्लिम नेता है जिसने बैठक के अंदर की बात का बाहर आकर मीडिया में खुलासा किया। अब जब अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान के नाम पर दी गई जमीन की पोल खुली, तो मुस्लिम यूनिवर्सिटी योजना की कड़ियां जुड़ने लगी हैं। कांग्रेस आज वहां स्थानीय लोगों के जमीन खरीदने की बात कर, गंभीर विषय को पीछे करना चाहती है। लेकिन एक भी शब्द निन्दा के, उन समुदाय विशेष के बाहरी भूमाफियाओं के लिए नहीं कह रही है। बेहतर होता थोड़ी चिंता वह हमारे भोलेभाले सैकड़ों लोगों की भी करते जिनके साथ कांग्रेसी वोट बैंकधारियों ने वहां लैंड फ्रॉड किया है। उन्होंने कहा कि प्रकरण की जांच हो रही है और सभी प्रभावितों को पूरा न्याय सुनिश्चित करवाया जाएगा।



■ डेमोग्राफी कांग्रेस के लिए राजनैतिक मुद्दा, भाजपा के लिए सैद्धांतिक और सामाजिक कर्तव्य

## ऋषिकेश में अवैध निर्माण और प्लाटिंग पर एमडीडीए का सख्त प्रहार

# पशुलोक में बहुमंजिला भवन सील, खेरिकला व रायवाला में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

■ प्राधिकरण ने संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में अवैध निर्माण और प्लाटिंग की गतिविधियों से दूर रहने की दी चेतावनी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत ऋषिकेश में अवैध निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को अंजाम दिया।

एमडीडीए की टीम ने गली नंबर 10, निर्मल बाग, ब्लॉक-बी, पशुलोक, ऋषिकेश (देहरादून) में श्रवि द्वारा किए जा रहे अवैध बहुमंजिला निर्माण पर कार्रवाई करते हुए भवन को सील कर दिया। बताया गया कि संबंधित निर्माण बिना स्वीकृत मानचित्र के किया जा रहा था, जो प्राधिकरण की निर्माण संबंधी नियमावली का उल्लंघन है। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता पूनम सकलानी, अमित भारद्वाज, सुपरवाइजर तथा पुलिस बल की मौजूदगी में सीलिंग की प्रक्रिया पूरी की गई।

इसके अलावा, खेरिकला स्यामपुर, ऋषिकेश में सुनील रावत द्वारा लगभग 05 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। मौके पर बनाई गई अवैध सड़कों एवं भू-खंडों के सीमांकन को हटाते हुए प्लाटिंग को निरस्त किया गया।



### किसी भी प्रकार की संपत्ति खरीदने से पूर्व प्राधिकरण से अवश्य लें जानकारी : तिवारी



उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अनधिकृत प्लाटिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर के सुव्यवस्थित और नियोजित विकास के लिए नियमों का पालन अनिवार्य है। एमडीडीए का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि नागरिकों को जागरूक करना भी है, ताकि वे बिना मानचित्र स्वीकृति या विधिक अनुमति के किसी भी निर्माण कार्य में निवेश न करें। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की संपत्ति खरीदने से पूर्व प्राधिकरण से विधिवत जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

### अवैध निर्माण और प्लाटिंग के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा: बर्निया

सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि अवैध निर्माण और प्लाटिंग के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा नियमित रूप से निगरानी की जा रही है और नियमों के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। "हमारा लक्ष्य पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से नियोजित विकास को बढ़ावा देना है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

इसी क्रम में रायवाला, ऋषिकेश क्षेत्र में संदीप रावत द्वारा लगभग 06 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर भी प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाया। टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से विकसित की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त किया और संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी।

# तपोवन में विकास कार्यों का जायजा लेने पहुंचे मंत्री सुबोध उनियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नरेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक सुबोध उनियाल ने मंगलवार को मुनि की रेती, ढालवाला और तपोवन क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का विस्तार से अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री ने क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य, जल निकासी तथा सीवर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की योजनाएं, शहरी यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के प्रयास, निर्माणाधीन वाहन पार्किंग स्थलों के विकास तथा पर्यटन गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए शहरी सुविधाओं के विस्तार संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से स्थानीय निवासियों और पर्यटकों दोनों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

इस दौरान गंगा तट पर बाढ़ से सुरक्षा के लिए बनाए जा रहे मजबूत सुरक्षा तटबंधों तथा भूस्खलन और कटाव को रोकने के लिए किए जा रहे ढाल संरक्षण कार्यों का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। मंत्री ने स्पष्ट किया कि इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य नदी किनारे बसे क्षेत्रों, सड़कों और सार्वजनिक संपत्तियों को सुरक्षित रखना तथा संभावित प्राकृतिक आपदाओं के जोखिम को कम करना है।

■ अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश

### मांगों को लेकर सड़कों पर उतरी भोजनमाताएं

**खटीमा।** भोजन माता कामगार यूनियन खटीमा इकाई ने गुरुवार को सड़कों पर उतर अपनी 11 सूत्रीय मांगो को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया. जिलाध्यक्ष रेखा राणा के नेतृत्व में भोजन माताओं ने जुलूस के रूप में खटीमा तहसील पहुंच जोरदार धरना प्रदर्शन किया. तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन भेज उनकी मांगों को जल्द पूरा करने की गुहार लगाई.। भोजन माता कामगार यूनियन खटीमा इकाई के बैनर तले संगठन की जिला अध्यक्ष रेखा राणा के नेतृत्व में भोजन माताओं ने मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़कों पर जुलूस निकाला।


**सूचना**

मैंने अपना नाम POONAM से बदलकर POONAM AGARWAL W/O PANKAJ KUMAR AGARWAL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाये ।

Poonam Agarwal
W/O Pankaj kumar Agarwal निवासी हरिद्वार रोड आर0 आर0 सिनेमा के सामने शंकरपुरी तहसील रुड़की जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड ।



## कार्यालय जिला पंचायत रुद्रप्रयाग

संख्या 1981 / 2026 दिनांक 12.02.2026

### दर विशलेषण हेतु कोटेशन सूचना

श्री केदारनाथ यात्रा व्यवस्था - 2026 को मध्यनजर रखते हुए जिला पंचायत रुद्रप्रयाग द्वारा निम्न यात्रा मार्ग पर सफाई का कार्य किया जाना है जिस हेतु सफाई के लिये कूड़ा निस्तारण वाहन हेतु अनुमानित लागत तैयार करने एंव प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त करने हेतु कोटेशन आमन्त्रित किये जाते है। अतः इच्छुक वाहन स्वामी / सप्लायर्स अपने कोटेशन दरें जिला पंचायत कार्यालय रुद्रप्रयाग को स्वंय / (amazprpg@gmail.com) पर दिनांक 23-02-2026 तक जमा कर दें। जिसकी प्रतिस्पर्धात्मक विवेचना कर आगणन गठित किये जायेंगे, तत्पश्चात सफाई हेतु पृथक से निविदा सूचना आमंत्रित की जायेगी ।

| क्र० सं० | यात्रा मार्ग का विवरण | किलोमीटर प्रति दिन |
|---|---|---|
| 1. | सिरोबगड बैरियर से खांकरा बाजार तक काण्डई, गहडखाल, खेडाखाल, नगरासू एवं सतेराखाल चोपता ( पोखरी मार्ग), जवाडी बाईपास, भटवाडीसैंण तक सफाई व्यवस्था एंव एकत्रित ठोस अपशिष्ठ कूडे का निस्तारण करने हेतु फलई स्थित काम्पैक्टर तक पहुचाना होगा । | 50 |
| 2. | रामपुर सिल्ली, चन्द्रापुरी, चन्द्रनगर एवं बसूकेदार, भीरी से काकडागाड-कुण्ड मार्ग तक सफाई व्यवस्था एंव एकत्रित ठोस अपशिष्ठ कूडे का निस्तारण करने हेतु फलई स्थित काम्पैक्टर तक पहुचाना होगा | 30 |
| 3. | कालीमठ बाजार से कोटमा तक, नारायणकोटी, देवीधार, व्यूंगाड, करोखीतक, देवीधार बैरियर से ब्यूंगाड एवं करोखी, मैखण्ड, बैरागणा, पुलिस चौकी फाटा तक, फोटा बाजार एवं हैलीपैड, फाटा बैरियर से बडासू बाजार के सीमा प्रारम्भ तक सफाई व्यवस्था एंव एकत्रित ठोस अपशिष्ठ कूडे का निस्तारण करने हेतु काकडागाड स्थित काम्पैक्टर / टैजिंग सेण्टर तक पहुचाना होगा । | 40 |
| 4. | सुमाड़ी बाजार, मयाली बाजार, जखोली बाजार से चिरबटिया तक सफाई व्यवस्था एंव एकत्रित ठोस अपशिष्ठ कूडे का निस्तारण करने हेतु मयाली स्थित काम्पैक्टर तक पहुचाना होगा । | 35 |
| 5. | बडासू बाजार, शेरसी बाजार, रा०राजमार्ग से रामपुर के अन्तिम सीमा तक, सीतापुर पार्किग, त्रियुगीनाराण, सोनप्रयाग से गौरीकुण्ड हैलीपैड तक सफाई व्यवस्था एंव एकत्रित ठोस अपशिष्ठ कूड़े का निस्तारण करने हेतु शेरसी टैजिग सेण्टर / काकडागाड स्थित काम्पैक्टर तक पहुचाना होगा । | 50 |
| 6. | मनसूना, किमाणा, पठालीधार, सारी देवरियाताल से चोपता ख्र तुंगनाथ मार्ग तक सफाई व्यवस्था एंव एकत्रित ठोस अपशिष्ठ कूडे का निस्तारण करने हेतु मनसूना स्थित काम्पैक्टर तक पहुचाना होगा । | 40 |

**नोट:-**

01. दरें प्रति दिन के हिसाब से देनी होगी।
02. दरें विस्तृत विवरण सहित उपलब्ध करायी जानी होगी।
03. उक्त सम्बन्ध में अन्य जानकारी किसा भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
04. यह निविदा केवल अनुमानित लागत / आंगणन तैयार किये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत रुद्रप्रयाग ।**


### जोशी को पूर्व सैनिक रोजगार मेला कार्यक्रम के लिए किया आमंत्रित

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से गुरुवार को उनके कैंप कार्यालय में अतिरिक्त महानिदेशक, पुनर्वास निदेशालय (पश्चिमी क्षेत्र) के ब्रिगेडियर सुधीर मलिक ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान ब्रिगेडियर सुधीर मलिक ने सैनिक कल्याण मंत्री को महानिदेशालय पुनर्वास, रक्षा मंत्रालय द्वारा देहरादून के जसवंत ग्राउंड, गढ़ी कैंट में 13 से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले पूर्व सैनिकों (ईएसएम) के लिए रोजगार मेला कार्यक्रम हेतु औपचारिक आमंत्रण दिया। मुलाकात के दौरान पूर्व सैनिकों के पुनर्वास, कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे आयोजनों से पूर्व सैनिकों को सम्मानजनक रोजगार प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

# धोरन में मेकेनाइज्ड वेस्ट ट्रांसफर सिस्टम का ट्रायल रन सफल

■ पूर्व डंप साइट को वैज्ञानिक वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन में किया गया विकसित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून द्वारा धोरन क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक वैज्ञानिक, स्वच्छ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में स्थापित मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन का आज सफल ट्रायल रन किया गया। उल्लेखनीय है कि इस एमटीएस के निर्माण का कार्य जनवरी 2025 में प्रारंभ किया गया था और लगभग एक वर्ष की अवधि में इसे पूर्ण रूप से विकसित कर संचालित होने के लिए तैयार कर लिया गया है।

पूर्व में जहाँ इस स्थान का उपयोग पारंपरिक कचरा डंपिंग के लिए किया जाता था, वहीं नगर निगम द्वारा सुनियोजित तकनीकी हस्तक्षेप, आधारभूत संरचना विकास तथा यांत्रिक प्रणाली की स्थापना के माध्यम से इसे एक आधुनिक एवं वैज्ञानिक वेस्ट ट्रांसफरस्टेशन में परिवर्तित किया गया है। इस नई प्रणाली के माध्यम से अब कचरे को जमीन पर डंप किए बिना ही सीधे कम्प्रेस्ड कैप्सूल्स में भरकर शीशमबाड़ा प्रोसेसिंग प्लांट भेजा जाएगा, जिससे ओपन डंपिंग की व्यवस्था पूर्णतः समाप्त होगी।

**डंप साइट से वैज्ञानिक ट्रांसफर स्टेशन में रूपांतरण किए गए प्रमुख कार्य:** स्थल का वैज्ञानिक री-डेवलपमेंट एवं लेव. लिंग कर नियंत्रित संचालन के लिए प्लेटफॉर्म तैयार किया गया। कचरे की ओपन डंपिंग को समाप्त करने के लिए रिसिविंग हुपर आधारित मैकेनिकल डिस्चार्ज सिस्टम स्थापित किया गया। हाई-प्रेशर स्टैटिक कॉपेक्शन मशीनस की स्थापना कर कचरे का वॉल्यूम कम करने की व्यवस्था विकसित की गई। सीलबंद कैप्सूल / कंटेनर आधारित ट्रांसफर मैकेनिज्म लागू किया गया, जिससे लीचेट, दुर्गंध एवं फैलाव पर नियंत्रण सुनिश्चित हुआ।



**प्रमुख लाभ**

ओपन डंपिंग पूर्णतः समाप्त – स्वच्छता स्तर में उल्लेखनीय सुधार, दुर्गंध एवं प्रदूषण नियंत्रण, लीचेट जनरेशन में कमी ख्र पर्यावरण संरक्षण, कम ट्रिप में अधिक कचरे का परिवहन, संच. ालन लागत एवं समय की बचत, स्वच्छ सर्वेक्षण मानकों के अनुरूप आधुनिक अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली


**सूचना**

मैंने अपना नाम DEEKSHA TAYAL से बदलकर DEEKSHA GOEL W/O SAGAR GOEL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचानाव पुकारा जाए ।

Deeksha Goel W/O Sagar Goel मकान नंबर 177/15 , 10 सिविल लाइन रुड़की जिला हरिद्वार उत्तराखंड ।



**सूचना**

मैंने अपना नाम SABIYA PARVEEN से बदलकर SAABIYA PARVEEN D/O MOHD AKRAM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए ।

Saabiya Parveen
D/O Mohd Akram निवासी 17, निकट पुरानी मस्जिद पठानपुरा रुड़की जिला हरिद्वार उत्तराखंड ।


# बेहतर खरीद रणनीति का फायदा, यूपीसीएल को 160 करोड़ की बचत

**देहरादून( शाह टाइम्स संवाददाता )।** उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपनी नियमित बिजली आपूर्ति योजना में पावर एक्सचेंज के उपयोग को बढ़ाया है। डेटा-आधारित खरीद रणनीतियों के सहारे यूपीसीएल ने वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर 2025) में 160 करोड़ से अधिक की बचत की है। साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र बेचकर 125 करोड़ की अतिरिक्त आय भी अर्जित की है। सौर, जल, पवन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बेहतर आपूर्ति और कोयला आधारित उत्पादन की स्थिरता के कारण अप्रैल से दिसंबर 2025 के दौरान डे-अहेड मार्केट और रियल-टाइम मार्केट में बिजली की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट आई। इंडियन एनर्जी एक्सचेंज पर 9एमएफवाई-26 के दौरान डीएएम में औसत दैनिक बाजार समाशोधन मूल्य 3.85 प्रति यूनिट रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 14 फीसदी कम है, जबकि आरटीएम में औसत कीमत 3.56 प्रति यूनिट रही, जो साल-दर-साल 16 फीसदी कम है। इन कीमतों ने यूपीसीएल को प्रतिस्पर्धी दरों पर बिजली खरीदने और महंगी दीर्घकालिक द्विपक्षीय समझौतों पर निर्भरता घटाने का अवसर दिया। यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार ने कहा कि "हमारे पावर प्रोक्योरमेंट डिवीजन, जिसका नेतृत्व हमारे निदेशक (प्रोजेक्ट्स) अजय कुमार है अग्रवाल कर रहे हैं, ने मौसम की स्थिति का विश्लेषण सहित वैज्ञानिक और डेटा-आधारित दृष्टिकोण अपनाया है, ताकि मांग और आपूर्ति के संतुलन को बनाए रखते हुए किफायती दरों पर बिजली-पानी खरीदी जा सके।


## कार्यालय नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार ( पौडी गढवाल )

पत्रांक:- 5550 / स्वा०अनु0 / नीलामी सूचना / 2025-26 दिनांक:- 12.02.2026

### संशोधन सूचना

**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार श्वान पशु लाईसेन्स उपविधि 2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के द्वारा कार्यालय पत्र सं0 5353/ स्वा०अनु० / सार्व०सूच0 / श्वान पशु / 2025-26 दिनांक 03.02.2026 के द्वारा श्वान पशु लाईसेन्स उपविधि 2025 जारी की गयी थी। उसमें किसी प्रकार का सुझाव / संशोधन / आपत्ति अथवा दावा दर्ज करने की अंतिम तिथि 05.03.2026 को की जाती है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति पर विचार / दावा नही किया जायेगा।

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**

# खेल महाकुंभ प्रतियोगिता में टीम नैनीताल ने लहराया परचम

## सीएमओ आरके सिंह ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खेल महाकुंभ 2025 में गुरुवार को फुटबॉल खेलविधा (बालक वर्ग) के अंडर-14 एवं अंडर-19 वर्ग के मुकाबले उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

अंडर-14 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में नैनीताल की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए हरिद्वार राज्यसभा की टीम को 4-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। इस वर्ग में नैनीताल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हरिद्वार राज्यसभा की टीम द्वितीय और पौड़ी गढ़वाल की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया।

अंडर-19 बालक वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले भी बेहद रोमांचक रहे। पहले क्वार्टर फाइनल में टिहरी की टीम ने कड़े संघर्ष में हरिद्वार राज्यसभा को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में पिथौरागढ़ की टीम ने हरिद्वार लोकसभा को 2-0 से पराजित कर अंतिम चार में जगह बनाई। तीसरे क्वार्टर फाइनल में नैनीताल ने चमोली को 6-5 से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की, जबकि चौथे क्वार्टर फाइनल में पौड़ी गढ़वाल की टीम ने देहरादून को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी आर.के. सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। पिट्टू



एसोसिएशन के अध्यक्ष पी.सी. पाण्डेय द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जिला क्रीड़ाधिकारी शवाली गुरूंग, नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री चौम्पियनशिप ट्रॉफी मुकेश कुमार भट्ट सहित युवा कल्याण एवं खेल विभाग, शिक्षा विभाग तथा फुटबॉल निर्णायकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता का संचालन नोडल अधिकारी मुकेश कुमार भट्ट के निर्देशन में सफलतापूर्वक किया गया।

# दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला से ठगे 50 हजार व कानों के कुंडल

### सीसीटीवी कैमरे खंगाल जांच में जुटी ज्वालापुर पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर में टप्पेबाज गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मध्य हरिद्वार के भीड़भाड़ वाले इलाके में बदमाशों ने दिनदहाड़े एक बुजुर्ग महिला को अपना निशाना बनाया। जालसाज महिला से 50 हजार रुपये नकद और उनके सोने के कुंडल ठगकर फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार राजीव नगर निवासी 75 वर्षीय आनंदी गुरुवार दोपहर को पंजाब नेशनल बैंक से पैसे निकालकर घर लौट रही थीं। जब वह गोविंदपुरी के पास एक शोरूम के सामने पहुंचीं, तभी दो अनजान व्यक्तियों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने महिला को अपनी बातों में ऐसा उलझाया कि उन्होंने बैंक से निकाले गए 50 हजार रुपये बदमाशों को सौंप दिए। इतना ही नहीं, बदमाशों ने महिला के कानों से सोने के कुंडल भी उतरवा लिए और मौके से रफूचक्कर हो गए।जब महिला को ठगी का पता चला, तो उन्होंने तुरंत अपने परिवार को जानकारी दी। सूचना मिलने पर ज्वालापुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली है ताकि बदमाशों का पता लगाया जा सके। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# शारदीय कांवड़ यात्रा में बढ़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महाशिवरात्रि का पर्व नजदीक आने के साथ ही शारदीय कांवड़ यात्रा में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में कांवड़िए हरकी पैड़ी से कांवड़ों में गंगाजल भरकर अपने गंतव्यों को लौट रहे हैं। महाशिवरात्रि तक लाखों शिवभक्त गंगाजल लेने हरिद्वार पहुंचेंगे। कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से मेला क्षेत्र को जोन और सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा और यातायात के इंतजाम किए गए हैं। धर्मनगरी हरिद्वार में कांवड़ मेले की धूम है। हरकी पैड़ी सहित तमाम घाटों और बाजारों में हर तरफ बोल बम के जयकारे गूंज रहे हैं। शारदीय कांवड़ यात्रा में पैदल कांवड़िए ज्यादा संख्या में पहुंचते हैं। जिनमें उत्तर प्रदेश के बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा आदि जनपदों के श्रद्धालुओं की संख्या



सर्वाधिक होती है। इसके अलावा सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ आदि जनपदों से और उत्तराखंड के कुमाऊं से भी श्रद्धालु हरिद्वार आते हैं और कई दिनों तक पैदल यात्रा करते हुए महाशिवरात्रि पर अपने अभिष्ट शिवालियों में पहुंचकर महादेव शिव का जलाभिषेक करते हैं।

# भगत सिंह चौक-टिबड़ी मार्ग पर एकत्र कूड़े से स्थानीय लोग परेशान : यूथ कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम से भगत सिंह चौक टिबड़ी मार्ग पर एकत्र किए जा रहे कूड़े से स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए कूड़ा हटाने की मांग की है। यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष कैश खुराना ने कहा कि पूरे शहर का कूड़ा भगत सिंह चौक के समीप रिहायशी क्षेत्र में एकत्र किया जा रहा है। कूड़े से उठने वाली सडन बदबू से लोग परेशान हैं और घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। कूड़े की वजह संक्रामक रोग फैलने की भी संभावनाएं बनी हुई हैं। हवा के साथ कूड़े की बदबू आसपास के क्षेत्र में फैल रही है। जिससे व्यापारी भी परेशान हैं।



लोगों की परेशानी को देखते हुए नगर निगम को कूड़ा एकत्र करने की व्यवस्था आबादी से दूर किसी अन्य स्थान पर करनी चाहिए। पार्षद विवेक भूषण विक्की एवं जतिन हांडा ने कहा कि शहर के बीचों बीच सड़क के किनारे कूड़े का ढेर लगने से लोग बीमार हो रहे हैं। दुर्गंध के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे परेशान हैं। क्षेत्र के लोग बार-बार कूड़ा हटाने की मांग कर रहे हैं। सड़क पर वाहनों की आवाजाही रहती है और कूड़े ढेर पर आवारा पशुओं की वजह से दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं। इस दौरान दिव्यांश अग्रवाल, सोहित सेठी, हिमांशु गुप्ता, अनिल ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ड्यूटी पर गई महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हेतमपुर गांव की एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों लापता हो गई है। पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। सिडकुल थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि बाबू सिंह पुत्र सौराम मूल रूप से बिजनौर जिले के शेरकोट हरेवली निवासी वर्तमान में सिडकुल के हेतमपुर गांव ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी पूजा 8 फरवरी को ड्यूटी के लिए कंपनी गई थीं। जो घर वापस नहीं लौटी महिला को जान-पहचान वालों आसपास काफी खोजबीन की पर कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से महिला का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# ट्रेन से मोबाइल चोरी कर बैंक खातों से उड़ाते थे रकम, तीन गिरफ्तार

### एसपी अरूणा भारती के नेतृत्व मे जीआरपी को मिली सफलता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चलती ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल और पर्स चोरी कर उनके बैंक खातों से पैसे उड़ाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया है। जीआरपी ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपी चोरी के बाद मोबाइल का लॉक खोलकर एटीएम से नकदी निकाल लेते थे। एसपी जीआरपी अरुणा भारती ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपियों में से दो शातिर,अंश शर्मा और बलदेव सिंह रावत, ट्रेनों में यात्रियों की लापरवाही का फायदा उठाकर उनके मोबाइल और बैग चोरी करते थे। चोरी के बाद वे अपने तीसरे साथी दीपक सेमवाल के पास जाते थे, जो मोबाइल का लॉक तोड़कर नया यूपीआई पिन बना देता था। इसके बाद ये लोग एटीएम से पैसे निकालकर ऐश करते थे। बीती 25 जनवरी को हेमकुंड एक्सप्रेस में सफर कर रहे गुजरात के पीयूष चंद्रकांत मोदी की पत्नी का पर्स चोरी हो गया था। पर्स में आईफोन, वीवो फोन, एयरपॉड और नकदी के साथ डेबिट-क्रेडिट कार्ड भी थे। पुलिस ने जब इस मामले की जांच शुरू की तो देहरादून के एक एटीएम की फुटेज में दो संदिग्ध चेहरे दिखाई दिए। जांच में सामने आया कि पकड़े गए आरोपी पहले भी जेल जा चुके हैं। अंश शर्मा तो मोतीचूर के पास हुई ट्रेन डकैती और गैंगस्टर एक्ट में भी शामिल रहा है। पुलिस



टीम ने तीनों आरोपियों को देहरादून से गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी का आईफोन और एयरपॉड बरामद कर लिया गया है। तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद 14 दिन की रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में उ.नि. प्रमोद कुमार, अ. उप.नि. श्यामदास, का. जाहुल हसन, का. ईश्वर नेगी, का. दीपक चौधरी (एसओजी जीआरपी) शामिल रहे हैं।

# रालोद ने मनाई अजीत सिंह की जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय लोकदल के कैम्प कार्यालय नन्दपुरी, ज्वालापुर में गुरुवार को पार्टी के लोकप्रिय एवं दूरदर्शी नेता स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर एवं मिठाई वितरित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। चौधरी अजीत सिंह के बहुआयामी व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव चौधरी अशोक बलियान ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह भारतीय सामाजिक एवं राष्ट्रीय राजनीति के परिदृश्य में कृषि, उद्योग और प्रौद्योगिकी के गहन जानकार के रूप में एकमात्र अनूठे व्यक्तित्व थे। प्रदेश उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय अजीत सिंह ऐसे राजनेता थे जो धुर विरोधी विचारधाराओं वाली राजनीतिक पार्टियों में भी समान रूप से सम्मानित रहे। उनकी राजनीति संवाद, समन्वय और सिद्धांतों पर आधारित रही। प्रदेश महासचिव लोकेश सैनी ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह ने सदैव किसान-मजदूर की समस्याओं और सरकार की कार्यशैली के बीच उत्पन्न तनाव को कम कर योजनाओं को धरातल पर उतारने में सेतु की भूमिका निभाई। वहीं हरिद्वार जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने कहा कि जब-जब वे किसी विभाग के मंत्री रहे, उन्होंने बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए, जिसका सीधा लाभ किसान, मजदूर सहित समाज के हर वर्ग को मिला। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता उदयवीर चहल, रायपुर विधानसभा अध्यक्ष सुरेशपाल, रालोद युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र पंवार, उपाध्यक्ष विपिन चौधरी सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### नार्कोटिक दवाओं के अभिलेख न देने पर ज्वालापुर की

# दो फर्मों पर कार्रवाई, लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अपर आयुक्त, फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, उत्तराखंड, देहरादून से प्राप्त निर्देशों एवं उप औषधि नियंत्रक द्वारा गठित त्वरित कार्रवाई दल (क्यूआरटी) के अनुपालन में "सेफ ड्रग, सेफ लाइफ अभियान" के अंतर्गत ज्वालापुर क्षेत्र में औषधि विक्रेता फर्मों का संयुक्त औचक निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ औषधि निरीक्षक अनीता भारती के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य कोडीन युक्त कफ सिरप तथा स्वापक एवं मन:प्रभावी औषधियों की अवैध बिक्री पर रोक लगाना था। निरीक्षण के दौरान वैभव मेडिकोज (सराय रोड, ज्वालापुर) और कुमार केमिस्ट (आर्यनगर, ज्वालापुर) में क्रय-विक्रय अभिलेख प्रस्तुत न करने सहित भारी अनियमितताएं पाई गईं। इस पर दोनों फर्मों के क्रय-विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए उन्हें बंद करा दिया गया। अपर आयुक्त के आदेशों के तहत स्वापक एवं मन:प्रभावी औषधियों के क्रय-विक्रय में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित फर्मों के औषधि विक्रय लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की जाएगी। इसके अतिरिक्त चार अन्य फर्मों को मौके पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण दल में औषधि निरीक्षक हरीश सिंह, विनोद जगुड़ी, ऋषभ धामा, हार्दिक भट्ट और मेघा भी शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनहित और जनस्वास्थ्य की दृष्टि से इस प्रकार की प्रवर्तन कार्रवाई जनपद हरिद्वार में निरंतर जारी रहेगी, ताकि मादक एवं मन:प्रभावी औषधियों की अवैध बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।



# भारतीय सनातन संस्कृति एवं आर्थिकी का मुख्य स्रोत है गौमाता : मदन कौशिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विधायक मदन कौशिक ने कार्यकर्ताओं के साथ सिडकुल स्थित पेंटागन मॉल में गोदान फिल्म देखी। फिल्म देखने के बाद विधायक मदन कौशिक ने कहा कि गौमाता भारतीय सनातन संस्कृति एवं आर्थिकी का मुख्य स्रोत हैं। फिल्म के हर एक पात्र के माध्यम से युवा पीढ़ी को पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहकर स्वदेशी की भावना की श्रेष्ठ प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि गोदान जैसी फिल्में समाज में गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। मेयर किरण जैसल ने फिल्म की विषयवस्तु को भारतीय संस्कृति, ग्राम्य जीवन और गौ-संवर्धन की परंपरा से जुड़ा अत्यंत सार्थक एवं प्रेरणादायी प्रयास बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता को विशेष स्थान प्राप्त है। गाय केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जैविक कृषि, पोषण एवं पर्यावरण संरक्षण की आधारशिला भी है। भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने कहा कि गौ संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आधारित इस फिल्म को राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड में टैक्स फ्री किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस फिल्म को देख सकें और गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता का व्यापक प्रसार हो सके। फिल्म को देखने वालों में वरिष्ठ नेता सुशील त्यागी, हीरा सिंह बिष्ट, अन्नू कक्कड, तरुण नैयर, मंडल अध्यक्ष तुषांक भट्ट, प्रशांत शर्मा, मृदुला शास्त्री सिंघल आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पार्क में झूले से लटका शव मिलने से सनसनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र के ऋषिकुल कश्यप घाट के पास स्थित एक पार्क में गुरुवार सुबह एक युवक का शव झूले से लटका मिला। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया मृतक की जेब से 10 फरवरी का दिल्ली से हरिद्वार आने वाली रोडवेज बस का एक टिकट बरामद हुआ है। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष के आसपास है। शव की शिनाख्त के लिये पुलिस टीम को लगाया गया है।

### सूचना

मेरे व्यवहारी बबलू पाल पुत्र श्री जनेश्वर की सम्पत्ति (प्लाट) मुतालिका खसरा नं0 246क ग्राम भगवानपुर जदीद मुस्तहकम परगना व तहसील भगवानपुर जिला हरिद्वार का पुराना असल बैनामा जो की श्रीमती प्रवेश शर्मा ने श्रीमती बीरवती पत्नी श्री जैनपाल के हक में दिनांक 13.11.2009 ई0 मे किया था व जिसका बही नं0-1 जिल्द नं0-992, पृष्ठ नं0-217 से 240, क्रमांक नं0-8072 दिनांक 13.112009 पर पंजीकृत है जो कही खो गया है व बबलू पाल उक्त प्लाट पर पीरामल फाईनेंस लि0 से लोन लेने की इच्छुक है यदि किसी को यह दस्तावेज मिलता है या किसी को कोई आपत्ति हो, तो कृप्या 14 दिन के अंदर सम्पर्क करे, उसके बाद इसका प्रयोग अमान्य होगा - विरेन्द्र सिंह एडवोकेट, चौ बर नंबर 27, तहसील रूड़की मो0 नं0 9412073170

### सूचना (खोया-पाया)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 3 फरवरी 2026 को फेरूपुर जाते हुए मेरी कक्षा 10 की अंक तालिका अनुक्रमांक संख्या 0012661 वर्ष 2008 यूके बोर्ड एवं अन्य आवश्यक कागजात कहीं रास्ते में गिरकर खो गए हैं जो काफी खोजबीन के बाद भी उक्त दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए, जिनका प्रयोग अवैध होगा। तोशिबा पुत्री अफराईल पत्नी दिलशाद, निवासी 338-35, ग्राम पदार्था उर्फ धनपुरा, थाना पथरी तहसील व जिला हरिद्वार।

### सूचना (संबंध विच्छेद)

मेरा पुत्र अमित नेगी मेरे व परिवार के कहने सुनने में नहीं है, मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करता हूं, भविष्य में अपने कृतयों व लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। दिलीप सिंह नेगी पुत्र स्व. इंद्र सिंह नेगी, 20 फीट रोड ग्राम खैरी खुर्द, पो. सत्यनारायण मंदिर ऋषिकेश, देहरादून।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

### कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में

# 12वीं की छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव रानीमाजरा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में 12वीं कक्षा की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्रावास वार्डन एवं शिक्षकों ने छात्राओं को आगामी परीक्षाओं एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाए दीं। इस दौरान बालिकाओ ने गीत, कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सीनियर बालिकाओ के प्रति अपना स्नेह प्रकट किया। विदाई ले रही छात्राओं ने भी छात्रावास में बिताए अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों और साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रावास में हमे वार्डन सुनीता राज द्वारा माँ जैसा प्यार मिला हमे कभी किसी तरह की कोई परेशानी नही हुई छात्रावास ने हमे केवल पढाई ही नही बल्कि जीवन के मूल्यों आत्मनिर्भता और आत्मविश्वास की शिक्षा भी दी है। इस अवसर पर छात्रावास की वार्डन सुनीता राज ने अपने संबोधन में कहा कि 12 वीं कक्षा की छात्राए छात्रावास की अनुशासन, मेहनत और संस्कार की मिसाल रही हैं। इन बालिकाओ ने अपने लक्ष्य पाने के लिए कठिन मेहनत की है। उन्होंने सभी छात्राओं को आगामी परीक्षाओं एवं जीवन के अगले चरण के लिए शुभकामनाए देते हुए कहा कि सफलता कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास से मिलती है। वार्डन ने आशा व्यक्त की कि छात्राए भविष्य में अपने परिवार, विद्यालय और छात्रावास का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रावास परिवार हमेशा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता रहेगा। इस अवसर पर वर्षा, अंशिका, राधा, अंजलि, आरती, पायल, शारुल, खुशी, मुस्कान वंशिखा, आदि उपस्थित रही।



# नगर निगम की हाईमास्ट लाइटें व मोटर चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर क्षेत्र के विष्णुलोक कॉलोनी में चोरों ने नगर निगम की संपत्ति को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने कचरा प्लांट के पास लगे हाईमास्ट को क्षतिग्रस्त कर लाइटें व मोटर चोरी कर ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त श्याम सुन्दर प्रसाद ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि वार्ड संख्या 53, विष्णुलोक कॉलोनी में सूर्या फ्लड लाइटें, सीसीटीएनएस कंट्रोल पैनल और थ्री फेज मोटर चोरी कर ली है। रानीपुर कोतवाली प्रभारी आशुतोष राणा ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है जल्दी ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# सिद्ध महापुरूष थे तारा बाबा महाराज : हरिचेतनानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिरसा हरियाणा के पूर्व विधायक गोपाल काण्डा के संयोजन में सिरसा से हरिद्वार पहुंची बाबा तारा महाराज की यात्रा का श्रवणनाथ नगर स्थित तारकेश्वर धाम में गौ गंगा धाम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी निर्मल दास के नेतृत्व में संतों और विधायक मदन कौशिक ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक गोपाल काण्डा ने तारा बाबा घाट पर गंगा पूजन और आरती कर संतों से आशीर्वाद लिया। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि मानव कल्याण के लिए जीवन समर्पित करने वाले तारा बाबा सिद्ध महापुरूष थे। सभी को सदैव अपने गुरूजनों का आदर सम्मान करने के साथ उनकी शिक्षाओं का पालन करना चाहिए। 15 फरवरी को भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित महाशिवरात्रि का पर्व है। महाशिवरात्रि पर सभी पूर्ण श्रद्धाभाव से भगवान शिव का जलाभिषेक करें। जलाभिषेक करने के दौरान माता पार्वती का भी स्मरण अवश्य करें। ऐसा करने से शिव और शक्ति की सम्मिलित कृपा प्राप्त होती है। पूर्व विधायक गोपाल कांडा ने कहा कि सभी संत महापुरूष उनके लिए गुरू समान और पूज्यनीय हैं और संतों के सानिध्य में ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि गुरू परमात्मा का ही स्वरूप हैं। त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति तारा बाबा की शिक्षाएं समाज के लिए धरोहर के समान हैं। सभी को उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत हनुमान दास, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी श्रवण मुनि, गोपाल मुनि, स्वामी राम गिरी, पूर्व राज्यमंत्री सुशील चौहान, पार्षद दीपक शर्मा, राजकुमार एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व संतजन मौजूद रहे।

# धर्मस्थलों पर मर्यादित वेशभूषा पहनें श्रद्धालु : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल स्थित दक्ष प्रजापति महादेव मंदिर के प्रबंधक और पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत स्वामी रविन्द्र पुरी ने श्रद्धालुओं से मर्यादित वेशभूषा पहनकर मंदिरों और धर्मस्थानों में आने और धर्मानुकल आचरण करने की अपील की है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि देवस्थानों में मनोरंजन के बजाय आत्मरंजन के लिए जाना चाहिए। वेशभूषा, आचरण, व्यवहार और भावना पवित्र होनी चाहिए। तभी मंदिरों में पूजा अर्चना ओर देवदर्शन का फल प्राप्त होगा। उन्होंने मंदिर संचालकों, सरकार के मंदिर बोर्ड और संतो से भी अपील की है कि इसका विशेष ध्यान रखें। यदि लोकाचार और व्यवहार में मर्यादा नहीं रहेगी तो धर्म भी नही रहेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में श्रद्धालुओं को जागरूक करने के लिए दक्ष प्रजापति महादेव मंदिर में कई बोर्ड लगाए गए हैं।

# वैदिक परंपरा के साथ मनाई महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय में आर्य समाज के संस्थापक एवं महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती श्रद्धा, उत्साह और वैदिक परंपरा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुकुल की यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञ के साथ हुआ, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने महर्षि दयानंद के जीवन, उनके क्रांतिकारी विचारों और समाज सुधार के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में संस्कृत शिक्षा के उपनिदेशक डॉ. वाजश्रवा आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद ने भारतीय समाज को अंधविश्वास, कुरीतियों और सामाजिक बुराइयों से मुक्त करने का ऐतिहासिक




कार्य किया। उनका "वेदों की ओर लौटो" का संदेश आज भी समाज को नैतिक व वैचारिक दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी मित्र देव ने की तथा संचालन पूज्य स्वामी विरक्त देव जी ने किया। स्वामी विरक्त देव ने कहा कि महर्षि दयानंद ने सती प्रथा जैसी अमानवीय कुप्रथाओं का विरोध करते हुए नारी शिक्षा और समान अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। डॉ. हेमंत तिवारी ने महर्षि दयानंद के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके वैदिक पुनर्जागरण आंदोलन ने समाज में नई चेतना का संचार किया और भारतीय संस्कृति को नई दिशा दी। कार्यक्रम के अंत में पूज्य स्वामीनारायण देव ने सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मां सरस्वती पब्लिक स्कूल के संस्थापक दयानंद चौहान, पूर्व राज्य मंत्री सुशील चौहान, क्षेत्रपाल सिंह चौहान, पूज्य स्वामी वासुदेव, स्वामी कौशल देव, स्वामी प्रकाश देव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। जयंती समारोह के दौरान उत्तर मध्यमा द्वितीय खंड के विद्यार्थियों का समावर्तन संस्कार भी पूज्य स्वामी विरक्त देव के नेतृत्व में संपन्न कराया गया। शीघ्र ही परीक्षाएं देने जा रहे एवं अन्य संस्थानों में अध्ययन हेतु प्रस्थान करने वाले विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# शिवालिकनगर में बिजली विभाग की सख्त कार्रवाई, एक दर्जन कनेक्शन काटे

## जेई राव शाहबाज के नेतृत्व में टीम ने की चार लाख की वसूली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विद्युत वितरण खंड ज्वालापुर अंतर्गत शिवालिकनगर क्षेत्र में बिजली विभाग ने बकायेदारों और बिजली चोरी के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। एसडीओ (द्वितीय) अर्चना के निर्देश पर अवर अभियंता राव शाहबाज के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान विभागीय टीम ने बकाया बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब एक दर्जन बिजली कनेक्शन काट दिए। इसके साथ ही लगभग चार लाख रुपये की बकाया राशि की मौके पर ही वसूली की गई। जांच के दौरान एक मकान से बिजली चोरी होते हुए भी पकड़ी। संबंधित उपभोक्ता के खिलाफ विभागीय जुर्माना लगाने के साथ-साथ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की गई है। अधिशासी अभियान रवि कुमार ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और बकायेदारों व बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अवर अभियंता राव शाहबाज ने कहा कि बिजली चोरी और बिल बकाया रखना दंडनीय अपराध है। विभाग का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि व्यवस्था को सुचारु रखना है। सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि समय पर अपना विद्युत बिल जमा करें और किसी भी प्रकार की अवैध कनेक्शन या चोरी से बचें। यदि बकाया समय पर जमा नहीं किया गया तो आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# स्वावलंबन की राह पर अग्रसर पहाड़ की नारी, सिलाई प्रशिक्षण पाकर संवर गया चालीस महिलाओं का भविष्य

■ नागदेव पत्थल्ड में टीएचडीसी के सहयोग से संपन्न हुआ चार माह का सिलाई शिविर हुन. रमंद बनकर महिलाओं ने की नई शुरुआत जिला पंचायत सदस्य ने दी महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने की सीख ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति के प्रयासों की हुई सराहना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिकी को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाई जा रही मुहिम रंग लाने लगी है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत नागदेव पत्थल्ड में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के वित्तीय सहयोग और ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति रानीचौरी के तत्वधान में संचालित चार माह का विशेष महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस शिविर के माध्यम से क्षेत्र की 40 महिलाओं और युवतियों को सिलाई-कढ़ाई का गहन प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार किया गया, जिससे वे अब अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी। प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए जिला पंचायत सदस्य चंबा गीता डबराल ने कहा कि पहाड़ की महिलाओं के पास हुनर की कमी नहीं है, बस उसे निखारने और सही दिशा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास का भी संचार करते हैं। गीता डबराल ने संस्था द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे इन सामाजिक कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और कहा कि जब एक महिला हुनरमंद होती है, तो पूरा परिवार सशक्त होता है। उन्होंने आयोजक संस्था और टीएचडीसी के प्रयासों को ग्रामीण विकास के लिए मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और इस अवसर के लिए कार्यक्रम संयोजक सुशील बहुगुणा का विशेष आभार व्यक्त किया। प्रतिभागियों ने कहा कि सुशील बहुगुणा के मार्गदर्शन और सहयोग के कारण ही उन्हें यह बहुमूल्य प्रशिक्षण प्राप्त हो सका है, जो भविष्य में उनकी आजीविका का मुख्य साधन बनेगा। मास्टर ट्रेनर रेखा नकोटी ने महिलाओं को सिलाई की बारीकियां सिखाईं। समापन अवसर पर सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वित. रित किए गए और उन्हें निरंतर अभ्यास करते हुए इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान स्वाड़ी संतोषी देवी, ग्राम प्रधान कुड़ियाल गांव गोपाल सिंह, गौरी देवी, कुम्भीवाला भट्ट और लक्ष्मी बहुगुणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नौटियाल ने नेशनल अंडर-16 वॉलीबॉल टीम में बनाई जगह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फाटा/रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी के शेरसी गांव की प्रतिभाशाली बेटी खुशी नौटियाल का चयन नेशनल अंडर-16 वॉलीबॉल टीम के लिए होने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। खुशी, धर्मेश नौटियाल की पुत्री हैं और वर्तमान में माँ आनंदमयी मेमोरियल स्कूल, रायवाला में कक्षा 10 की छात्रा हैं।

खुशी ने स्कूली क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वह वॉलीबॉल के साथ-साथ एथलेटिक्स में भी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से प्रतिभाग करती रही हैं। हाल ही में रुद्रपुर उधमसिंह नगर में आयोजित अंडर-16 वॉलीबॉल नेशनल ट्रायल कैंप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है। खुशी के पिता धर्मेश नौटियाल आर्मी से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने बताया कि खुशी बचपन से ही खेलकूद में रुचि रखती है और परिवार के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों ने भी उसके खेल कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खुशी की प्रारंभिक शिक्षा डॉ. जैक्सवीन नेशनल स्कूल, गुप्तकाशी से हुई है। उनकी माता गृहिणी हैं और परिवार ने हमेशा उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

खुशी की इस उपलब्धि पर केदारघाटी में गर्व और उत्साह का वातावरण है। पर्वतीय क्षेत्र की बेटियां अपने परिश्रम और प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रही हैं, जिसका ताजा उदाहरण खुशी नौटियाल हैं। उनकी सफलता पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, पूर्व विधायक मनोज रावत, ब्लॉक प्रमुख पंकज शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमित मैखंडी, सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप सिंह रावत, पूर्व कनिष्क प्रमुख शैलेन्द्र कोटवाल, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन जमलोकी, मंडल अध्यक्ष सुभाष रावत, कमलेश भट्ट सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।




# जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार, लगा बहुउद्देशीय शिविर

■ शिविर में लगाए गए स्टालों के माध्यम से 380 लोगों ने लिया विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददात**

**.चमोली।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वाकांक्षी पहल जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड गैरसैंण की तहसील आदिबद्री के न्याय पंचायत देवलकोट (कंसुआ) में गुरुवार को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अपर सचिव उत्तराखंड शासन विनोद गिरी गोस्वामी द्वारा की गई। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना रहा। शि. विर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से कुल 380 लोगों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाया। स्वास्थ्य, समाज कल्याण, राजस्व, कृषि, शिक्षा, पेयजल, विद्युत, पशुपालन, आयुर्वेद, होम्योपैथिक, रीप एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया।शिविर के दौरान कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, कृषि एवं सामाजिक समस्याओं से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। कार्यक्रम में राज्यमंत्री आर० पी० सती, उप जिलाधिकारी सोहन सिंह रांगड, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विनय जोशी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीआईटीयू की यूनियनों ने तहसील परिसर में भरी हुंकार

■ 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति को प्रेषित किया, मजदूरों और किसानों पर हमलावर है मोदी सरकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** अखिल भारतीय किसान सभा व सीआईटीयू की चाय बगान श्रमिक संघ सहित विभिन्न यूनियन ने तहसील परिसर पर जोरदार नारेबाजी कर एसडीएम विकासनगर के माध्यम से 18 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन राष्ट्रपति को प्रेषित किया।

तहसील परिसर पर आम सभा का संबोधित करते हुए सभा के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रसाद देवली ने कहा कि केंद्र सरकार की भाजपा सरकार ने मजदूरों के हक में बने श्रम कानूनों को समाप्त कर इनके स्थान पर भार श्रम संहिताएं लागू कर मजदूर वर्ग को पूंजीपतियों का गुलाम बनाने के रास्ते खोल दिए हैं। इन कानूनों के चलते मजदूरों को 8 घंटे की बजाए 12 घंटे काम करने को विवश किया जाएगा। कहा कि मजदूरों को ट्रेड यूनियन बनाने के अधिकार समाप्त तथा मजदूरों के सुरक्षा कवच 9 श्रम कानूनों को समाप्त कर उद्योगपतियों के अनुक. ूल बनाया गया है।

इसी प्रकार श्रम न्यायालयों और औद्योगिक न्यायाधिकरण को समाप्त कर सलाहकार बोर्ड बना दिए गए हैं। कहा कि ऐसी श्रम सँ. हताएं जो सेवा शर्तें, मजदूरी दरों का निर्धारण, रोजगार शर्तें, सुरक्षा स्वास्थ्य एवं श्रमिक कल्याण को समाप्त कर ठेका प्रथा को बढ़ावा देकर सिविल न्यायालय को सँ. हताओं के जरिए किसी भी मामले की सुनवाई करने की इजाजत नहीं देता है।

इसी प्रकार मोदी सरकार किसानों पर भी हमलावर है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में हमने रूस से सस्ता क्रूड आयल खरीदना बंद कर दिया है और हम वेन्यूजुला से मंहगा तेल खरीदने को विवश हो गए हैं। यह हमारे आजाद देश को अमेरिका का उपनिवेश बनाने की साजिश है।

ज्ञापन देने वालों में सीटू के जिला सचिव गोपाल वल्मिकी, सँविदा श्रमिक संघ के अध्यक्ष नवीन तोमर, किसान सभा के जिलाध्यक्ष कमरुद्दीन, एसएफआई के जिला सचिव अयाज खान, ड्राइवर कंडक्टर यूनियन के अध्यक्ष मुकरम, ई रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष अनिल कुमार, महामंत्री सुदेश तोमर, चाय बगान श्रमिक संघ के महामंत्री देवानंद पटेल, माला गुरुंग, सुधा देवली आदि शामिल रहे।

**एक नजर .......**

## ई-रिक्शा ऑटो के लिए 40 लोकल स्टॉपेज खोलने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता (विकासनगर)।** विधानसभा विकासनगर, कालसी, हरबर्टपुर क्षेत्र में ई रिक्शा के चालान काटने रुके जाने और ई रिक्शा ऑटो के लिए 40 लोकल स्टॉपेज खोलने की मांग की गई।

सुदेश तोमर (अध्यक्ष) ई रिक्शा वर्कर यूनियन, द्वारा यशस्वी मुख्यमंत्री को प्रेषित किए गए ज्ञापन में कहा गया कि ई रिक्शा चालक आर्थिक रूप से प्रताड़ित है जहां आजकल ई रिक्शा चालक और ई रिक्शा ऑटो चालक के लिए हाईवे पर चलना जहां रोका जा रहा है उत्तराखंड में ही रुड़की, हरिद्वार अन्य जगह हाईवे पर ई रिक्शा चल रही है जबकि विकासनगर क्षेत्र में रोका जा रहा है। उन्होंने कहा ई रिक्शा चालकों को वही नगर पालिका विकासनगर, नगर पालिका हरबर्टपुर और कालसी से हरबर्टपुर डकरानी और विकास नगर क्षेत्र में लोकल स्टॉपेज के लिए स्थान हमारे द्वारा चिन्हित कर गए हैं जिस्म की स्टॉपेज खोलने की अनुमति दी जाए जिससे हम लोकल से हाइवे तक जा सकें और आवागमन यात्रियों के लिए सुगम हो सके ट्रैफिक का जाम कम हो सके। कहा ऐसा न करने तक ई रिक्शा चालक आर्थिक प्रताड़ित हो रहे है, जहां ई रिक्शा चालक कालसी से सेलाकुई तक करीब 5000 ई रिक्शा चल रही है? जिसका इन्वेस्टमेंट करीब 5 अरब बैठता है और हर साल का इंश्योरेंस, आर.टी.ओ टैक्स अलग है जो 2.5 अरब में बैठता है, लेकिन प्रशासन फिर भी ई रिक्शा चालकों को सहयोग नहीं कर रहा है उन्होंने 37 मार्गों पर स्टॉपेज खोलने की मांग की है।

## शिक्षा व समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान



**रुद्रप्रयाग।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और निरंतर समाज सेवा के लिए समर्पित शिक्षक डॉ. राधेलाल उत्तरांचली को देश की प्रतिष्ठित अकादमिक उपाधि 'डीलिट' (डॉक्टर ऑफ लिटरेचर) से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 19 फरवरी को दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। उपाधि "काशी हिन्दी विश्वविद्यालय, वाराणसी" के कुलपति द्वारा प्रदान की जाएगी।डॉ. उत्तरांचली को इससे पूर्व भी शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी शैक्षिक प्रतिबद्धता और सामाजिक सक्रियता ने उन्हें विशिष्ट पहचान दिलाई है।ज्ञातव्य है कि डी. लिट उपाधि केवल उन व्यक्तियों को प्रदान की जाती है जो पूर्व में पीएचडी धारक हों अथवा जिन्हें पीएचडी. की मानद उपाधि प्राप्त हो चुकी है। डॉ. उत्तरांचली को भी शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में पूर्व में मानद पीएचडी उपाधि प्रदान की जा चुकी है। डॉ. उत्तरांचली नब्बे के दशक से लेकर वर्तमान तक विभिन्न शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे जनपदीय एवं प्रांतीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों पर दायित्व निभा चुके हैं। वर्तमान में वे जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, रुद्रप्रयाग के निर्वाचित जिला महामंत्री के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से शिक्षक समुदाय एवं जनपद में हर्ष का वातावरण है। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने इसे जनपद के लिए गौरव का क्षण बताया है।

# चकराता में पहले शीतकालीन महोत्सव का आगाज

■ जौनसार-बावर की संस्कृति की बिखरी छटा, मोटे अनाजों से बने पारंपरिक व्यंजन रहे आकर्षण का केंद्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** गुरुवार को चकराता छावनी बाजार में प्रथम शीतकालीन महोत्सव (विंटर कार्निवल) का भव्य शुभारंभ जौनसार-बावर की समृद्ध लोक संस्कृति के साथ हुआ। महोत्सव के पहले दिन पूरे छावनी बाजार में जनजातीय क्षेत्र जौनसार-बावर की पारंपरिक झांकियां निकाली गई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान पौराणिक और पारंपरिक लोकगीतों एवं लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। जनजातीय क्षेत्र की प्रसिद्ध बूढ़ी दिवाली का आयोजन कर बूढ़ीयात नृत्य प्रस्तुत किया गया। ढोल-दमाऊं की थाप पर कलाकारों ने ऐसा समां बांधा कि पूरा वातावरण उत्साह और उमंग से भर उठा। डॉ. नंदलाल भारती के लोक कला मंच, चकराता के कलाकारों ने मंच पर ठोड़ा नृत्य, हारुल, परात नृत्य और जंगबाजी जैसे पारंपरिक नृत्यों की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सैन्य अधिकारियों, स्थानीय जनप्रति. निधियों और दर्शकों से खूब तालियां बटोरीं।महोत्सव में स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए। जनजातीय क्षेत्र की महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों द्वारा मोटे अनाजों से बने पारंपरिक व्यंजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। अस्के, उलवे, पिनवे, मशाडा भात, लाल चावल-राजमा, सत्तू छाज, कंडाली की सब्जी, मंडुवे की रोटी, सुसुवे का साग, आजे, सेल रोटी, रागी की नमकीन व लड्डू आदि व्यंजनों का लोगों ने जमकर स्वाद लिया। इसके अतिरिक्त पहाड़ी नमक, राजमा, कुल्थ दाल, लाल चावल, पारंपरिक परिधान जैसे घाघरा, जंघा, डांटू, चोड़ा, जुड़ा तथा देवदार की लकड़ी से बनी हस्तशिल्प वस्तुओं के स्टॉल भी लगाए गए, जिन्हें लोगों ने काफी सराहा। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर एसडीएम डॉ. हर्षिता सिंह, छावनी अधिशासी अधिकारी रिपुदमन, सभासद अनिल चांदना, रंगकर्मी डॉ. नंदलाल भारती, व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर सिंह चौहान, उपाध्यक्ष दिनेश चांदना, पूर्व सभासद कमल रावत, आनंद राणा, नीलम चौहान, राजवीर राठौर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हर घर नल से जल पहुंचा ग्वेफड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत ग्वेफड़ में हर घर नल योजना पूर्ण होने पर गुरुवार को "जल अर्पण दिवस" उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भरत सिंह चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए योजना को ग्राम पंचायत को औपचारिक रूप से सुपुर्द किया। गांव में प्रथम चरण (फेज-1) में 11 लाख रुपये तथा द्वितीय चरण (फेज-2) में 60 लाख रुपये की लागत से कुल 70 लाख रुपये की योजना तैयार की गई। कार्यदायी संस्था जल संस्थान द्वारा योजना पूर्ण होने के बाद इसका स्वामित्व ग्राम पंचायत ग्वेफड़ को सौंप दिया गया। अब गांव के प्रत्येक घर तक नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंगल दलों एवं स्कूली बच्चों द्वारा जल संरक्षण एवं जल जीवन मिशन विषयक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। ग्राम प्रधान लीला सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए योजना पूर्ण होने पर सरकार और विभाग का आभार व्यक्त किया। अधिशासी अभियंता अनीश पिल्लई ने योजना की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रमुख अगस्त्यमुनि भुवनेश्वरी देवी, जिला पंचायत सदस्य पवन कुमार एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य शीला रावत ने योजना निर्माण से लेकर पेयजल आपूर्ति तक की प्रक्रिया की जानकारी साझा की। विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई।

# लंबगांव में गूंजा हिंदू राष्ट्र का जयघोष

**नई टिहरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के ऐतिहासिक अवसर पर लंबगांव में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में धर्म और संस्कृति की रक्षा का संकल्प दो. हराया गया। फूल सिंह बिष्ट राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लंबगांव के प्रांगण में श्री सेम नागराज हिंदू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिंदू राष्ट्र की संकल्पना और सनातन धर्म के अनुरूप आचरण पर विशेष जोर दिया। सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संतों और विचारकों ने स्पष्ट किया कि हिंदू शब्द की जड़ें सिंधु सभ्यता से जुड़ी हैं, लेकिन सनातन धर्म का न कोई आदि है और न ही कोई अंत। यह शाश्वत है और हिंदू समाज को जगाने की जिम्मेदारी प्रत्येक सनातनी की है।

# रील के जुनून में 'मौत का सफर' फेयरवेल पार्टी में हाईवे पर स्टंटबाजी

■ रुद्रप्रयाग पुलिस ने पांच वाहनों के काटे चालान, वायरल वीडियो बना सबूत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** सोशल मीडिया पर मशहूर होने की चाह में युवाओं की खतरनाक स्टंटबाजी आखिरकार पुलिस कार्रवाई तक पहुंच गई। इंस्टाग्राम पर वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर रुद्रप्रयाग पुलिस ने फेयरवेल पार्टी के दौरान नेशनल हाईवे पर यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने वाले पांच वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, राइंका रुद्रप्रयाग के छात्र-छात्राएं फेयरवेल पार्टी के जश्न में इस कदर डूब गए कि चलती गाड़ियों की खिड़कियों और दरवाजों से बाहर निकलकर खतरनाक अंदाज में झूलते और हंगामा करते नजर आए। यह पूरा घटनाक्रम नेशनल हाईवे पर हुआ, जहां जरा सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। जागरूक नागरिकों ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का लिंक पुलिस को उपलब्ध कराया। वीडियो का संज्ञान लेते हुए यातायात निरीक्षक ने तत्काल कार्रवाई की। जांच के दौरान वीडियो में दिखाई दे रहे पांच वाहनों की पहचान की गई और संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत चालान काटे गए। हैरानी की बात यह रही कि वाहन चालक युवाओं की इस लापरवाही को रो. कने के बजाय इसे जारी रहने देते रहे, जिससे स्थिति और भी जोखिमपूर्ण हो गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर 'रील' बनाने या लोकप्रियता हासिल करने के नाम पर कानून से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाईवे पर इस प्रकार की स्टंटबाजी न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि स्वयं और अन्य लोगों की जान जोखिम में डालने जैसा है। पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से अपील की कि किसी भी उत्सव या आयोजन को शालीनता एवं अनुशासन के साथ मनाएं। पुलिस का कहना है कि "एक छोटी सी लापरवाही, जिंदगी भर का दर्द बन सकती है। सुरक्षित यात्रा ही असली जश्न है।

# जेबीआईटी में दो दिवसीय फाउंडर डे संपन

■ दूसरे दिन स्वास्थ्य, रक्तदान, पैथोलॉजी परीक्षण शिविर का किया गया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** जेबीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय 18वें फाउंडर डे के उपलक्ष में आयोजित उत्सव के दूसरे दिन निःशुल्क स्वास्थ्य, रक्तदान, पैथोलॉजी परीक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर संस्थान में स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, पैथोलॉजी परीक्षण में महंत इंद्रेश अस्पताल, मैक्स अस्पताल, ग्राफिक एरा अस्पताल, दून इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, रेडक्लिफ लैब और टाटा लैब के चिकित्सकों की टीम और प्रयोगशाला परीक्षण विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की जांच की गई। शिविर में संस्थान के आस पास ग्रामीण क्षेत्रों और कार्मिकों में से लगभग 800 मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया और 61 लोगों ने रक्तदान किया और उन्हें दवाईयां वितरित की गई। इस मौके पर सीएमओ डा. मनोज कुमार शर्मा ने स्वास्थ्य की महत्ता और उसका सही देखभाल के तौर तरीकों पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर यूकास्ट के डायरेक्टर जनरल डा. दुर्गेश पंत, आईआरसीएस चेयरमैन ओंकार बहुगुना, लायन राहुल देव, प्रेसिडेंट लायन क्लब देहरादून, लायन आशुतोष गोयल, निदेशक लायन देहरादून, आईआरसीएस जनरल सेक्रेटरी डा. जेएन नौटियाल, डा. हरिश चंद शर्मा, चेयरपर्सन हेमलता सिंघल, वाईस चेयरमैन संदीप सिंघल, सेक्रेटरी रजत सिंघल, कार्यकारी निदेशक संध्या सिंघल, सोनाल सिंघल, डा. पीके चौधरी, डा. विशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

# बद्रीनाथ व केदारनाथ धाम में हैलीपैड विस्तार एवं सुधारीकरण कार्य 2.13 करोड़ मंजूर

## मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की धनराशि



### नन्दा राजजात यात्रा के विभिन्न पड़ावों की पार्किंग को 4.60 करोड़ की धनराशि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा क्षेत्र बद्रीनाथ में विकासखण्ड ज्योर्तिमठ के अन्तर्गत श्री बद्रीनाथ धाम में यूकाडा द्वारा संचालित स्थाई हैलीपैड के प्लेटफार्म विस्तार एवं एप्रोच रोड के सुधारीकरण सम्बन्धित कार्यों के लिए 1.74 करोड़, श्री केदारनाथ धाम में जी०एम०वी०एन० के समीप स्थित हैलीपैड का सुरक्षात्मक कार्य को 39.40 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने नन्दा राजजात यात्रा-2026 हेतु विकासखण्ड थराली के अन्तर्गत शहीद भवानी दत्त इण्टर कॉलेज परिसर चौपड्घ्यों में पार्किंग एवं विश्राम गृह का निर्माण (क्षमता-08 चौपहिया वाहन) के लिए 71.67 लाख, विकासखण्ड देवाल के अन्तर्गत जनता इण्टर कॉलेज, सरकोट में 63 चौपहिया वाहन एवं 09 दुपहिया वाहन क्षमता को पार्किंग तथा 02 कक्षों का विश्राम गृह एवं शौचालय के निर्माण के लिए 1.14 करोड़, विकासखण्ड कर्णप्रयाग के अन्तर्गत नौटी में 37 चौपहिया वाहन एवं 48 दुपहिया वाहन क्षमता की सरफेस पार्किंग निर्माण के लिए 42.39 लाख, विकासखण्ड नारायण बगड़ के अन्तर्गत मगोती में 94 चौपहिया वाहन क्षमता की सरफेस पार्किंग निर्माण कार्य के लिए 79.56 लाख, विकासखण्ड कर्णप्रयाग के अन्तर्गत कांसुवा में 43 चौपहिया वाहन क्षमता की सरफेस पार्किंग के निर्माण के लिए 64.23 लाख सहित विकासखण्ड थराली के अन्तर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक, कुलसारी के पास थराली-ग्वालदम मोटर मार्ग के बायीं तरफ 89 चौपहिया वाहन क्षमता के लिए अस्थाई वाहन पार्किंग निर्माण हेतु 5.51 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा नन्दा राजजात यात्रा-2026 के लिए विकासखण्ड नन्दानगर के अन्तर्गत ग्राम कनोल मुख्य पड़ाव में स्थाई सतह पार्किंग (30 कार) निर्माण के लिए 33.65 लाख, ग्राम आला मुख्य पड़ाव में अस्थाई सतह पार्किंग (13 कार) निर्माण के लिए 18.30 लाख, ग्राम रामणी मुख्य पड़ाव में स्थाई सतह पार्किंग (28 कार) निर्माण के लिए ₹31.03 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

'मुख्यमंत्री ने स्वीकृत की जनपद ऊधम सिंह नगर के राजकीय आश्रम पद्धति उ०मा० विद्यालय बिडौरा एवं राजकीय आश्रम पद्धति बालिका उ०मा० विद्यालय खटीमा के मरम्मत एवं रख-रखाव के लिए 2.03 करोड़ की धनराशि'

मुख्यमंत्री ने राजकीय आश्रम पद्धति उ०मा० विद्यालय बिडौरा में बाउण्ड्री वाल निर्माण के लिए 83.99 लाख, छात्रावास भवन के मरम्मत एंव रख-रखाव के निर्माण कार्य के लिए 33.75 लाख, आवासीय भवन के मरम्मत एंव रख-रखाव के निर्माण कार्य के लिए 28.20 लाख, शिक्षण भवन के के मरम्मत एंव रख-रखाव के निर्माण कार्य के लिए 24.21 लाख के साथ राजकीय आश्रम पद्धति बालिका उ०मा० विद्यालय खटीमा में विभिन्न मरम्मत एंव रख-रखाव के कार्य के लिए 15.39 लाख तथा राजकीय आश्रम पद्धति बालिका उ०मा० विद्यालय खटीमा में विभिन्न मरम्मत एंव रख-रखाव के कार्य के लिए 17.30 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद पौडी गढ़वाल के विकासखण्ड यमकेश्वर में नोडखाल-मालाकोट मोटर मार्ग (ग्रामीण मार्ग) का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महिताब सिंह के नाम पर किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# लैन्सडाउन विधानसभा में की गई मुख्यमंत्री घोषणाओं पर शासनादेश जारी

### सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने जताया मुख्यमंत्री का आभार



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से गुरुवार को पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार पूर्व सैनिकों के सम्मान और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि लैन्सडाउन विधानसभा, जनपद पौड़ी के अंतर्गत दिनांक 05 अक्टूबर, 2025 को मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं पर शासनादेश (जीओ) जारी कर दिया गया है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार भी जताया। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जयहरीखाल का उच्चीकरण किया जाएगा। रा०इ०का० कर्तिया का नाम शहीद कमल रावत के नाम पर रखा जाएगा। हाई स्कूल डोबरियासार का नाम शहीद अनुज नेगी के नाम पर किया जाएगा। गोडलाखचिणौँ मार्ग का नाम शहीद किशवानन्द ध्यानी के नाम पर रखा जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जयहरीखाल का नाम शहीद हरीश जोशी के नाम पर किया जाएगा तथा जयहरीखालखगूमखाल मार्ग का नाम शहीद खुशाल सिंह नेगी के नाम पर किया जाएगा।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार शहीदों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और उनके नाम पर संस्थानों एवं मार्गों का नामकरण कर नई पीढ़ी को उनके बलिदान से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार निरंतर संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य कर रही है।

इस अवसर पर रि.कर्नल रघुवीरसिंह भंडारी, कर्नल आर. एस रांगडा, कर्नल नवीन थापा, कैप्टन रमेश सिंह, अशोक सिंह सहित अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।


**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी नं० : UA40109UP2001SGC025867/2358, वि.क्रा.वि. गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून-248001
दूरभाष संख्या: 91-135-2763672-76, फैक्स: 91-135-2760289, वेबसाईट: www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा सूचना**
(निविदा विशिष्टीकरण संख्या सीसीपी-II/21/2025-2026)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०, देहरादून निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है :-

| सामग्री का नाम | मात्रा | अनुमानित लागत (₹) | विगत तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्न ओवर (₹) | धरोहर राशि (₹) | निविदा प्रपत्र का मूल्य बिक्रीकर सहित (₹) | निविदा क्रय करने एवं निविदा प्रपत्र आनलाईन एवं आफलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफ लाईन निविदा भाग- एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नया परिवर्तक ऑयल | 200 कि० ली० | 2.183 करोड़ | 4.000 करोड़ | 4.370 लाख | 11 800 | 12.03.2026 को 17:00 बजे तक | 13.03.2026 को 15:30 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।
No.: 125/EE(CM)/UPCL/A-2 Date : 12.02.2026

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, कस्टमर केयर नं0- 18004190405
"विद्युत बिलों के 24X7 ऑन लाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 18001804185 / फैक्स नं. 0135-2760911 पर दें)


# रीप ग्रामोत्थान की ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने की समीक्षा

## विभागीय मंत्री ने बजट शत-प्रतिशत खर्च करने व महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आज अपने कैंप कार्यालय में ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित रूरल एंटरप्राइज एक्सेलेरेशन प्रोजेक्ट ख्र ग्रामोत्थान की विभागीय समीक्षा की। इस दौरान मंत्री ने परियोजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने योजना के अंतर्गत आवंटित वित्तीय बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना और अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाना है, इसलिए कार्यों में तेजी और पारदर्शिता आवश्यक है।

ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक महिलाओं को क्लस्टर लेवल फेडरेशन , किसान उत्पादक संगठन एवं स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वरोजगार एवं आजीविका संवर्धन के लिए ठोस एवं परिणामोन्मुखी प्रयास किए जाएं।

उन्होंने वे-साइट एमिनिटी निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए, ताकि स्थानीय उत्पादों के विपणन को बढ़ावा मिल सके और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हों। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कृषि एवं गैर-कृषि आधारित क्लस्टर-आधारित उद्यमों के विकास पर विशेष बल देते हुए कहा कि चयनित वैल्यू चेन के माध्यम से ग्रामीण उद्यमिता को मजबूती दी जाए। उन्होंने "पशु सखी" जैसी पहलों के माध्यम से डिजिटल सशक्तिकरण को गति देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, पशुपालकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए मोबाइल फोन वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि तकनीक के माध्यम से उत्पादकता और आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर परियोजना निदेशक झरना कमठान, वित्त नियंत्रक भूपेंद्र कांडपाल, उप निदेशक रिप महेंद्र सिंह यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# श्रम संहिताएं मजदूर अधिकारों पर हमला

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय हड़ताल के आह्वान पर हल्द्वानी के बुधपार्क में विभिन्न ट्रेड यूनियनों और सामाजिक संगठनों ने संयुक्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में आशा वर्कर्स, भोजनमाताओं, मजदूरों, किसानों सहित सैकड़ों लोगों ने भागीदारी की और केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई। वक्ताओं ने मोदी सरकार द्वारा लाए गए चार श्रम संहिताओं, बैंक-बीमा व सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण, बिजली संशोधन विधेयक, बीज विधेयक, मनरेगा में बदलाव, शिक्षा के निजीकरण तथा पुरानी पेंशन योजना बहाली जैसे मुद्दों को लेकर कड़ा विरोध जताया। आशा और भोजनमाता जैसी महिला कर्मियों को सम्मानजनक वेतन व स्थायी नौकरी देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। ऐक्टू प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने श्रम संहिताओं को मजदूर अधिकारों पर बड़ा हमला बताया। बैंक यूनियन के जिला सचिव योगेश पंत और बीमा कर्मचारी संघ के पंकज त्रिपाठी ने निजीकरण और 'हायर एंड फायर' नीति का विरोध किया। आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने आशा कार्यकर्ताओं की बदहाल स्थिति पर चिंता जताई, जबकि प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की महासचिव रजनी जोशी ने अल्प मानदेय को लेकर सरकार को घेरा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोगेंद्र लाल ने और संचालन डा. कैलाश पांडेय ने किया। राष्ट्रीय हड़ताल में ऐक्टू, उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, बैंक यूनियन, बीमा कर्मचारी संघ, किसान महासभा, भाकपा माले, सनसेरा श्रमिक संगठन, मानव अधिकार रक्षा अभियान, पछास, क्रालोस, आइसा, भीम आर्मी, निर्माण मजदूर यूनियन आदि संगठनों ने हिस्सेदारी की, जिसमें मुख्य रूप से केके बोरा, कमला समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।


**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**BSNL भारत संचार निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
Connecting Bharat
BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED
(A Govt. of India Enterprise)

संख्या: BSNLCO-11/12(11)/1/2025-RECTT-CO-Part(1) दिनांक:- 03.02.2026

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) दूरसंचार एवं वित्त संवर्ग में वरिष्ठ कार्यकारी प्रशिक्षु (सीनियर एग्जीक्यूटिव ट्रेनी) के पद हेतु प्रत्यक्ष भर्ती योजना के अंतर्गत खुले बाजार से प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम मे आवेदन आमंत्रित करता है।

इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी एवं नवीनतम अपडेट के लिए बीएसएनएल की वेबसाइट www.bsnl.co.in पर जा सकते हैं।

CBC 06204/12/0002/2526 बीएसएनएल निगम कार्यालय, नई दिल्ली



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

पत्रांक : 1568/कर अनु0/2025-26 दिनांक : 12.02.2026

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग द्वारा आगामी वित्तीय वर्षो हेतु अधोवर्णित वसूली ठेकों तथा उल्लिखित सम्पत्तियों को निर्धारित अवधि हेतु बन्द बोली के आधार पर आवंटित करने हेतु दिनांक 26-02-2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन सायं 3:00 बजे निविदा समिति द्वारा निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेंगी, निविदा प्रपत्र पालिका कार्यालय, रूद्रप्रयाग से दिनांक 24-02-2026 को प्रातः 10:00 से सायं 3:00 बजे तक निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं, किसी भी आवेदन को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष/निविदा समिति में निहित होगा, अन्य जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है, तथा सूचना को जनपद की बेबसाइट http://rudraprayag.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | विवरण | क्षमता | अवधि | जमानत धनराशि | निविदा हेतु निर्धारित न्यूनतम धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मजदूरी लाईसेन्स शुल्क वसूली ठेका, | | 01.04.2026 से 31.03.2027 तक | 13,659/- | 2,73,182/- | 1000+GST |
| 2. | नया बस अड्डा पार्किंग शुल्क वसूली ठेका, | 35 nos. car parking | 01.04.2026 से 31.03.2027 तक | 16,575/- | 3,31,500/- | 1000+GST |
| 3. | वार्ड 07 गुलाबराय मैंदान के सामने पार्किंग शुल्क वसूली ठेका,(पार्किंग- 01) | 14 nos. car parking | 01.04.2026 से 31.03.2027 तक | 3,315/- | 66,300/- | 1000+GST |
| 4. | वार्ड 07 मारूति सोरूम के सामने पार्किंग शुल्क वसूली ठेका, (पार्किंग-02) | 29 nos. car parking | 01.04.2026 से 31.03.2027 तक | 6,615/- | 1,32,300 /- | 1000+GST |
| 5. | वाहन पार्किंग (वार्ड 03, बेलनी) | 15 nos. car vichle parking | 01.04.2026 से 31.03.2027 तक | 5,000 /- | 50,000/- | 1000+GST |
| 6. | पालिका क्षेत्रान्तर्गत निर्धारित स्थानों पर होर्डिंग्स स्थापित करने हेतु, | 34 स्थान | 01.04.2026 से 31.03.2027 तक | 19,500/- | 1,95,000/- | 1000+GST |
| 7. | नया बस अड्डा निकट बारातघर, | | 01.04.2026 से 31.03.2029 तक (तीन वर्षो हेतु) | 80,000/- | 16,00,000/- | 1000+GST |
| 8. | पार्किंग निकट संगम (निकट काली कमली आश्रम तथा सुरंग पार निकट संगम मार्ग) | 12 nos. car vichle parking | 01.04.2026 से 31.03.2027 तक | 2,000/- | 20,000/- | 1000+GST |
| 9. | पार्किंग कालापौड, निकट डाटपुल | 5 nos. car vichle parking | 01.04.2026 से 31.03.2027 तक | 500/- | 3,000/- | 1000+GST |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
रूद्रप्रयाग।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
रूद्रप्रयाग।

# दुर्गा शाह पुस्तकालय का हाई कोर्ट ने लिया संज्ञान

## न्यायमित्र से निदेशक पर्यटन व कार्यदायी संस्था एडीबी को पक्षकार बनाने को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल के नैनी झील किनारे स्थित ऐतिहासिक दुर्गा शाह नगर पालिका पुस्तकालय का जीर्णोद्धार करने के दौरान कार्यदायी संस्था एडीबी के द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग कर सरकारी धन का दुरुपयोग करने को लेकर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने न्यायमित्र से कहा है कि वह निदेशक पर्यटन व कार्यदायी संस्था एडीबी को पक्षकार बनाएं, साथ में कोर्ट ने उनसे जवाब प्रस्तुत करने को भी कहा। मामले की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 18 मार्च बुधवार की तिथि नियत की है। बता दें इस मामले को कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई की। जनहित याचिका में कहा गया कि यह पुस्तकालय का निर्माण वर्ष 1933-34 में मोहन लाल साह द्वारा 5 हजार रुपये नगर पालिका नैनीताल को दान में देकर लकड़ी व अन्य सामग्री से इसका निर्माण करवाया था। पुस्तकालय में दुर्लभ व कई अन्य विषयों के महत्वपूर्ण पुस्तकें रखी गयी। पहले कई समय तक यहां से लाउडस्पीकर के माध्यम से समाचार प्रसारित होते थे। वर्ष 2023-24 में इसका जीर्णोद्धार कार्यदायी संस्था एडीबी के द्वारा डेढ़ करोड़ की लागत से कराकर नगर पालिका को सौंप दिया। मात्र डेढ़ वर्ष के भीतर ही इसमें लगाई गयी लकड़ी व शीशे उखड़ने लगे। वर्तमान में उखड़ी लकड़ी व शीशों को रस्सी से बांधकर उनको रोका गया है ताकि कोई जान माल की हानि न हो। यह सब जीर्णोद्धार करते समय लगाई गयी घटिया सामग्री के कारण हुआ। जब इस संबंध में नगर पालिका ने राज्य सरकार को पत्र भेजा तो उस पर कोई विचार नहीं किया गया जो कि यह एक सरकारी धन का दुरुपयोग है। जनहित याचिका में कहा गया कि मामले की जांच कराई जाए।



### राज्य व केंद्र सरकार, आईटीबीपी को मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के ग्राम खैरी मानसिंह की भूमि को बिना ग्रामीणों की अनुमति से आईटीबीपी को दिए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने राज्य सरकार, केंद्र सरकार सहित आईटीबीपी से दो सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा है, साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता से उसका प्रति उत्तर देने को कहा है। खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई हेतु तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत कि है। मामले के अनुसार देहरादून जिले का ग्राम खैरी मानसिंह मालदेवता निवासी नंद किशोर ने उच्च न्यायालय मे जनहित याचिका दायर कर कहा है कि राज्य सरकार ने बिना ग्रामीणों को सुने उनकी खेती योग्य भूमि को आईटीबीपी को दे दी। भूमि दिए जाने के बाद भी ग्रामीणों को कोई आपत्ति नहीं थी लेकिन अब आईटीबीपी के द्वारा उनके घरोंए खेतो को जाने वाले मार्गो को बंद कर दिया गया है। उनको नहीं जाने दिया जा रहा है। इस मामले को सुझाने के लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी, आईटीबीपी तथा मुख्य सचिव व मुख्यमंत्री को भी प्रत्यावेदन दिए लेकिन उनके प्रत्यावेदन पर किसी ने सुनवाई नहीं की न ही ग्रामीणों के हक का संज्ञान लिया। अब मजबूर होकर ग्रामीण अपने हक के लिए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

# राजस्व अपील 6 माह में अनिवार्य रूप से तय हो

## ज़मीन से जुड़े मामले में हाई कोर्ट के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने जमीन से जुड़े एक विवादित मामले में महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए कुमाऊं कमिश्नर को निर्देश दिया है कि लंबित राजस्व अपील को अगले 6 महीनों के भीतर अनिवार्य रूप से तय किया जाए। न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की पीठ ने श्चरण सिंह एवं अन्य बनाम विमला देवी एवं अन्य के मामले में सुनवाई करते हुए यह आद. ेश पारित किया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि न्याय के हित में मामले का त्वरित निस्तारण आवश्यक है। याचिकाकर्ताओं चरण सिंह आदि ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर कर बोर्ड ऑफ रेवेन्यू और कुमाऊं कमिश्नर द्वारा पूर्व में पारित आदेशों को चुनौती दी थी। यह विवाद गदरपुर के सहायक कलेक्टर/एसडीएम द्वारा 30 अगस्त 2025 को पारित एक डिक्री से शुरू हुआ था। याचिकाकर्ता चाहते थे कि जब तक कमिश्नर कोर्ट में उनकी मुख्य अपील लंबित है तब तक निचली अदालत के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी जाए ताकि उन्हें उनकी जमीन से बेदखल न किया जा सके। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील ने अपनी प्रार्थना को सीमित करते हुए केवल यह मांग की कि कुमाऊं मंडल के कमिश्नर को लंबित अपील संख्या 138/2024-25 को समयबद्ध तरीके से तय करने का निर्देश दिया जाए, वहीं प्रतिवादी पक्ष (कैविएटर) की ओर से अधिवक्ता ने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई लेकिन यह शर्त रखी कि अपील पर निर्णय होने तक निष्पादन कार्यवाई जारी रहनी चाहिए। दोनों पक्षों की सहमति सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय ने रिट याचिका को अंतिम रूप से निस्तारित कर दिया। कोर्ट ने कुमाऊं कमिश्नर को आदेश की प्रति मिलने की तिथि से अधिकतम 6 माह के भीतर अपील पर अंतिम फैसला सुनाने का निर्देश दिया है। अदालत ने बीच का रास्ता निकालते हुए यह भी व्यवस्था दी कि इस अवधि के दौरान निष्पादन की कार्यवाही चलती रहेगीए लेकिन जब तक कमिश्नर अपील पर फैसला नहीं सुना देते? तब तक निष्पादन अदालत कोई भी अंतिम आदेश पारित नहीं करेगी। इस आदेश के साथ ही अदालत ने सभी संबंधित पक्षों और राजस्व अधिका. रियों को कानूनी प्रक्रिया का पालन करने का निर्देश दिया है।

# अंतर राज्य युवा आदान प्रदान के तहत हुए कई कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मेरा युवा भारत नैनीताल (युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा हर्मिटेज यूजीसी-एमएमटीटीसी कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में आयोजित अंतर राज्य युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के चौथे दिन यानी बीरवार की गतिविधियाँ अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक रहीं। बता दें मेरा युवा भारत की उप निदेशक डौल्वी तेवतिया के निर्देशन में चतुर्थ दिवस की शुरुआत प्रात: कालीन प्रभातफेरी से हुई जिसमें सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इसके बाद भाषा शिक्षण सत्र का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षक पुष्कर दानू के साथ मेरा युवा भारत नैनीताल के सक्रिय स्वयंसेवक संजय बिष्ट एवं अजय कोहली ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। दोपहर सत्र में यूजीसी-एमएमटीटीसी कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के प्राचार्य प्रो. रीतेश साह द्वारा देवभूमि उत्तराखंड की संस्कृति पर व्याख्यान दिया गया। इसके पश्चात आरोही संस्था के कार्यकारी निदेशक डा. पंकज तिवारी एवं समीरन त्रिपाठी द्वारा आरोही संस्था एवं इसके ग्रामीण विकास तथा महिला स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण से जुड़े कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका, शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। यह सत्र युवाओं के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। अंतिम सत्र में डीएसबी परिसर नैनीताल के एनसीसी कैडेट्स के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया जबकि सायंकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों के युवाओं ने अपनी-अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।

# दूहरादून कोर्ट से दोषी को हाई कोर्ट से राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत विशेष न्यायाधीश देहरादून की अदालत से दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति की सजा को निलंबित किया है। हाईकोर्ट ने कहा कि आरोपी सुनील की अपील के विचाराधीन रहने तक निचली अदालत का आदेश निलंबित रहेगा। न्यायमूर्ति रवींद्र मैठानी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने विशेष सत्र न्यायालय देहरादून द्वारा 31 जुलाई 2024 को सुनाए गए दोषसिद्धि के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह निर्णय लिया।

सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि इस मामले में मुख्य गवाह यानी पीड़ित स्वयं अपने बयानों से मुकर गया है। पीड़ित ने अदालत में स्पष्ट रूप से कहा कि आरोपी ने उसके साथ कोई गलत काम नहीं किया और न ही उसने आरोपी को पहचाना। अभियोजन पक्ष के मुख्य गवाह के इस रुख ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा के आधार को कमजोर कर दिया जिसे उच्च न्यायालय ने जमानत देने का एक महत्वपूर्ण कारण माना। अदालत ने फारेंसिक साइंस लेबोरेटरी की रिपोर्ट पर भी गंभीर सवाल उठाए, हालांकि राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि पीड़ित के कपड़ों पर आरोपी का सीमेन पाया गया था लेकिन जांच अधिकारी कुसुमलता पुरोहित के बयानों ने इस दावे को उलझा दिया। जांच अधिकारी ने जिरह में स्वीकार किया कि उन्होंने घटना के समय पहने गए पीड़ित के कपड़े कब्जे में नहीं लिए थे। अदालत ने पूछा कि यदि कपड़े आधिकारिक तौर पर जब्त नहीं किए गए थे तो वे एफएसएल तक सुरक्षित रूप से कैसे पहुँचे?

# जिला अस्पताल को मिली नई एक्सरे व अल्ट्रासाउंड मशीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में वीरवार को श्री कैंची हनुमान मंदिर एवं आश्रम ट्रस्ट कैंचीधाम के सौजन्य से नई एक्सरे और अल्ट्रासाउंड मशीन दी गई। जिनका शुभारंभ रिबन काटकर अस्पताल प्रबंधन और ट्रस्ट के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला अस्पताल प्रबंधन की ओर से एक पत्र मिला था कि अस्पताल में कुछ मशीनों की आवश्यकता है। मंदिर ट्रस्ट की ओर से सेवा का कार्य किया जाता है जिसके तहत अस्पताल को मशीनें मुहैया कराई गई हैं। बताया कि 68 लाख लागत की एक्सरे और अल्ट्रासाउंड की मशीनें अस्पताल को मुहैया कराई गई हैं साथ ही इसमें 3 साल की मेंटेनेंस भी इन्लूड करके दी गई है। मेंटेनेंस का कार्य कंपनी ही करेगी। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने आगे कहा कि भविष्य में भी जिला अस्पताल प्रबंधन को हर संभव सहायता दी जाएगी। इस मौके पर जिला अस्पताल के पीएमएस डा. तरूण कुमार टम्टा ने जिला अस्पताल प्रबंधन की ओर से ट्रस्ट का विशेष आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ओपी बिंद्रा, एमपी सिंह, प्रदीप साह तथा शैलेश साह सहित जिला अस्पताल के डा. अनिरुद्ध गंगोला, डा. नरेंद्र रावत, डा. अभिषेक गुप्ता समेत मेट्रन शारदा गिनवाल, जानकी कनवाल, नीमा रौतेला तथा जितेंद्र कुमार सहित सभी डाक्टर्स और स्टाफ मौजूद रहा।



# इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़कर अब 15 फरवरी: प्रो. चंद्रकला रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र कुविवि डीएसबी परिसर नैनीताल की समन्वयक प्रो. चन्द्रकला रावत ने बताया कि इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 15 फरवरी 2026 रविवार हो गई है कहा कि जो प्रवेश से वंचित छात्रों हेतु एक सुनहरा मौका है। अत: प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी यथाशीघ्र आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर प्रवेश ले लें। प्रो.रावत के मुताबिक इग्नू विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु बेहतर विकल्प प्रदान करता है। प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी हेतु इग्नू अध्ययन केंद्र डीएसबी परिसर नैनीताल में संपर्क कर सकते हैं या इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट आईजीएनओयू डाट एसी डाट इन से ले सकते हैं।

# राज्य सरकार अपने आदेश में करे सुधार: हाई कोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड के मुखय कार्यकारी अधिक. ारी के पद पर संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी के बजाय अंडर सेकेट्री स्तर के अधिकारी की नियुक्ति किये जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई के बाद राज्य सरकार से इस आदेश में सुधार करने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 17 फरवरी मंगलवार को होगी। जनहित याचिका की सुनवाई मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। याचिकाकर्ता के अनुसार वक्फ बोर्ड के सीईओ के पद पर ज्वाइंट सेकेट्री स्तर के अधिकारी की तैनाती होती है लेकिन हाल ही में सरकार ने इस पद पर मो. आरिफ की नियुक्ति की है जो अब तक लोकायुक्त में अंडर सेकेट्री स्तर के अधिकारी थे। इस मामले में सरकार ने अदालत को बताया कि यह नियुक्ति अस्थाई तौर पर की गई है लेकिन हाईकोर्ट ने इस तर्क को नहीं माना और सरकार से उक्त आदेश में सुधार करने को कहा है।

# 2026-27 के लिये 58 करोड़ का बजट पास

## नैनीताल नगर पालिका की बोर्ड बैठक, 8 उप समितियों के अध्यक्षों का मनोनयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल नगर पालिका परिषद की वीरवार को हुई बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये 58 करोड़ का बजट पास करने के साथ ही पालिका के 8 उप समितियों के अध्यक्ष मनोनीत किये गए। पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पालिका की विभिन्न समितियों के अध्यक्षों का मनोनयन किया गया। जिनमें कर निर्धारण समिति को छोड़कर अन्य समितियों के अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। वित्त समिति की अध्यक्ष पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल को बनाया गया जबकि कर निर्धारण समिति के अध्यक्ष पद के लिये नारायणनगर वार्ड के सभासद भगवत सिंह रावत व सैनिक स्कूल वार्ड की सभासद ललिता दफौटी द्वारा दावेदारी करने से मतदान कराना पड़ा जिसमें 12 सभासदों ने मतदान किया जिसमें ललिता दफौटी को 7 व भगवत रावत को 5 मत मिले। अन्य समितियों में स्वास्थ्य समिति का अध्यक्ष रमेश प्रसाद वहीं पुस्तकालय समिति का अध्यक्ष गजाला कमाल वही निर्माण समिति का अध्यक्ष शीतल कटियार जबकि शिक्षा समिति का अध्यक्ष सपना बिष्ट तथा हाट फड़ समिति का अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार तथा फ्लैट्स समिति का अध्यक्ष अंकित चन्द्रा व स्वच्छता समिति का अध्यक्ष राकेश पवार को बनाया गया। बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी रों. हताश शर्मा ने किया। बैठक में सभासद मनोज साह जगाती, भगवत सिंह रावत, जितेंद्र पांडे, गीता उप्रेती, सपना बिष्ट, ललिता दफौटी तथा गजाला कमाल, रमेश प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, शीतल कटियार, अंकित चन्द्रा, राकेश पवार सहित लेखाकार सिद्धार्थ शर्मा, कर अधीक्षक दीपेंद्र बमोला, मुखय सफाई निरीक्षक अमित कुमार तथा कार्यालय अधीक्षक शिवराज सिंह नेगी आदि मौजूद थे।



# बैंक कर्मियों की हड़ताल से उपभोक्ता रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के आह्वान पर बीरवार को नैनीताल में उत्तरांचल बैंक एम्पलाइज यूनियन से जुड़े बैंक कर्मियों ने श्रम कानून के विरोध में मल्लीताल पंजाब नेशनल बैंक के सामने विरोध प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया। इन बैंकों के ग्राहकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उत्तरांचल बैंक एमपलाइज यूनियन के अध्यक्ष प्रवीण शाह ने कहा कि श्रम कानून के बदलाव के विरोध में संगठन की ओर से विरोध प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया गया। उन्होंने कहा कि 5 साल पहले संसद में श्रम विरोधी कानून पास कर दिया गया था लेकिन यूनियन के विरोध के चलते अभी तक लागू नहीं हो पाया। कहा कि अभी हाल ही में बिहार चुनाव जीतने के बाद इन्होंने उत्सुकता पूर्वक तुरंत यह कानून लागू कर दिया इसके विरोध में संगठन फिर से सामने आया है और हड़ताल का निर्णय लिया गया है। संगठन की ओर से आगे जो निर्देश प्राप्त होंगे उसका पालन किया जाएगा। इस हड़ताल में नैनीताल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक आफ बड़ोदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक तथा पंजाब एंड सिंध बैंक तथा पंजाब नेशनल बैंक व इंडियन ओवरसीज बैंक शामिल रहे जबकि अन्य बैंक खुले रहे। प्रदर्शन के दौरान रोहित कैशले, पंकज खुलबे, चंदन राजपूत, रोशन बिष्ट, रजत शाह, नरेश बिष्ट तथा विनोद वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# भोजनमाताओं ने निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की नैनीताल इकाई ने बीरवार को मल्लीताल स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर से तल्लीताल गांधी चौक तक रैली निकाल जमकर नार. ेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन की बलाक अध्यक्ष तुलसी देवी ने बताया कि भोजन माताएं लंबे समय से अपने न्यूनतम वेतन और स्थाई नौकरी के लिए संघर्ष कर रही हैं लेकिन सरकार उनकी मांगों को लगातार अनसुना कर रही हैं जिसकी वजह से उन्हें आंदोलन करना पड़ रहा है। कहा कि भोजनमाताएं कई बर्षो से प्रदेश के सरकारी व अर्धसरकारी विद्यालय में भोजन बनाने का काम कर रही हैं। उन्हें 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 3 हजार रूपये महीना दिया जाता है। बताया कि कई भोजनमाताएं धरने में नहीं पहुंची हैं क्योंकि उन्हें स्कूल प्रशासन द्वारा धमकाया गया है। भोजनमाताओं की मांग है कि उन्हें न्यूनतम वेतन, पीएफई एसआई पेंशन तथा आकस्मिक अवकाश, प्रसूति अवकाश तथा भोजनमाताओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित किया जाए तथा निकली गई भजनमाताओं को पुन: वापस लिया जाए। कहा की यदि मांग पूरी नहीं हुई तो सभी भोजनमाताएं वृहद आंदोलन करने को मजबूर होंगी। इस दौरान अनीता देवी, पुष्पा जलाल, सीमा देवी, सुशीला, चंपा देवी, लता, शबीना, संतोष, जानकी देवी, हेमा देवी, भगवती देवी, नंदी बिष्ट, पूजा देवी, दीपा देवी, शकीना, दीपा नेगी, नंदी बिष्ट, सरस्वती देवी, कमला पंत तथा हेमा डालाकोटी व निरमा देवी मौजूद रहे।




# उत्तराखंड राज्यपाल को सड़क सुरक्षा पर आधारित पुस्तक भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह को ष्भारत में सडक दुर्घटनाएं नामक पुस्तक भेंट की गई, जो सड़क सुरक्षा पर आधारित है।



यह पुस्तक एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष प्रो. डा. बीकेएस संजय और उनके पुत्र डा. गौरव संजय द्वारा लिखी गई है। पुस्तक में भारत में सड़क दुर्घटनाओं के कारण, दुष्परिणाम और रोकथाम उपायों पर चर्चा की गई है। इसमें यातायात नियमों का पालन, सड़क संरचना में सुधार, ट्रामा केयर सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण और जन जागरूकता अभियानों की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। साथ ही, सड़क सुरक्षा शिक्षा को स्कूलों में पाठ्यक्रम में शामिल करने और गुणवत्तापूर्ण ड्राइविंग स्कूलों की संख्या बढ़ाने की अपील की गई है। राज्यपाल ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सड़क सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान बताया।

# आम हड़ताल के समर्थन में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** फैडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के तहत उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की हल्द्वानी यूनिट ने अखिल भारतीय आम हड़ताल में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का समर्थन किया। इस दौरान यूनिट के पदाधिक. ारी और सदस्य रमन मार्केट में एकत्रित हुए और केंद्र सरकार से 29 श्रम कानूनों की बहाली, मनरेगा की पुन: बहाली, फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने जैसी प्रमुख मांगों के लिए उपजिला. धिकारी हल्द्वानी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इसके बाद सभी पदाधिकारी और सदस्य बुध पार्क पहुंचे, जहां दूसरी ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर उन्होंने अपनी आवाज उठाई। प्रमुख मांगों में केंद्र सरकार से 4 लेबर कोर्ट को वापस लेने, न्यूनतम मजदूरी 26,000 रुपये प्रतिमाह करने, सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों के लिए वैधानिक कार्य नियम लागू करने, सरकारी अस्पतालों और संस्थानों में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को हटाने, उत्पीड़न और पीड़ित करने की कार्यवाही को रो. कने, तथा ट्रैकिंग और निगरानी के लिए डिजिटलीकरण द्वारा नए कार्य मानदंड लागू करने की मांग की गई। अखिल भारतीय आम हड़ताल में यूपीएमएसआरए हल्द्वानी यूनिट के कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, यूनिट सचिव जिया उल हक, नवीन सुपियाल, नंदन पांडे, रवि कांडपाल, मोहन सिंह, रमेश पंत, प्रेम सिंह, अंशुल शर्मा, दिनेश सती, गौख सिंह बिष्ट, और भरत सिंह शामिल हुए।




# हड़ताल में शामिल हुई आशाएं

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने वीरवार को ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय मंच द्वारा आहूत अखिल भारतीय आम हड़ताल में शामिल होकर नैनीताल के तल्लीताल स्थित गांधी चौक पर प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार को ज्ञापन भेजा। यूनियन ने कहा कि नेशनल हेल्थ मिशन के तहत कार्यरत आशा वर्कर्स स्वास्थ्य विभाग के सभी अभियानों और सर्वे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद न तो उन्हें न्यूनतम वेतन मिलता है और न ही कर्मचारी का दर्जा। गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल से लेकर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों तक सभी जिमेदा. रियां निभाने के बावजूद उन्हें काम के अनुरूप भुगतान नहीं मिल रहा और कई राज्यों में अलग-अलग प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 31 अगस्त 2021 को आशा प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के बाद मासिक मानदेय तय करने और डीजी हेल्थ के प्रस्ताव के अनुसार 11 हजार 500 रुपये प्रतिमाह देने का आश्वासन दिया था लेकिन चार साल बाद भी यह वादा लागू नहीं हुआ। यूनियन ने केंद्र सरकार से इस वादे को तत्काल लागू कराने की मांग की। यूनियन ने चारों नए लेबर कोड वापस लेने, आशा वर्कर्स का नियमितीकरण और सम्मानजनक वेतन, पूरे देश में समान मानदेय, न्यूनतम वेतन व कर्मचारी का दर्जा, सेवानिवृति पर अनिवार्य पेंशन या तब तक 10 लाख रुपये की एकमुश्त राशि, विभिन्न मदों के भुगतान समय पर जारी करना, अस्पतालों में सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करना, विशेषज्ञ डाक्टरों के खाली पद भरना तथा सभी अस्पतालों में आशा घर का निर्माण शामिल है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस दौरान चन्द्रा सती, दुगा टम्टा, प्रेमा अधिकारी, भगवती शर्मा, देवकी रौतेला, नीरू पुजारी, प्रभा विष्ट, सरिता कुरिया, रमा गैड़ा, मनीषा आर्या, शांति आर्या तथा निर्मला चंद्रा आदि मौजूद रहे।

# सुनियोजित अभियान पर भड़का ट्रस्ट

## मां नयना देवी मंदिर की छवि धूमिल करने पर दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के श्री मां नयना देवी मंदिर की छवि को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर सुनियोजित अभियान चलाए जाने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट नैनीताल की ओर से कोतवाली मल्लीताल में तहरीर दी गई है। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह के अनुसार कुछ समय पूर्व एक मुस्लिम दंपत्ति की ओर से गलत फहमी में जूते पहनकर मंदिर के मुखय द्वार से भीतर प्रवेश करने की घटना सामने आई थी। इस घटना को लेकर शरारती तत्वों ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ प्रचार करते हुए धार्मिक विद्वेष फैलाने का प्रयास किया। इस मामले में तत्काल पुलिस को तहरीर दी गई थी लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद अब तक की गई कार्रवाई व प्राथमिकी दर्ज होने अथवा पूछताछ की स्थिति की कोई जानकारी ट्रस्ट को नहीं दी गई है, इससे श्रद्धालुओं में असंतोष व्याप्त है। साह ने कहा कि इसके अतिरिक्त ट्रस्ट ने एक अन्य वीडियो का भी संज्ञान लिया है जो वर्तमान में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक महिला की ओर से दर्शकों से यह कहा जा रहा है कि श्री मां नयना देवी मंदिर का प्रसाद घर नहीं ले जाना चाहिए। ट्रस्ट का कहना है कि यह बयान न केवल मंदिर परंपराओं का अपमान है बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर सीधा प्रहार भी है। प्रतिवर्ष देश-विद. ेश से लाखों भक्त श्रद्धापूर्वक मंदिर का प्रसाद अपने घर ले जाते हैं। उक्त वीडियो को साक्ष्य के रूप में पेन ड्राइव में कोतवाली को सौंपा गया है। ट्रस्ट ने दोनों मामलों में दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाओं को आहत करने का दुस्साहस न कर सके। ट्रस्ट ने पुलिस से इस प्रकरण में की गई कार्रवाई से लिखित रूप में अवगत कराने का भी अनुरोध किया है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि शिकायत के बाद मामले में जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी साथ ही संबंधित जानकारी से ट्रस्ट को अवगत कराया जाएगा।



# शांतिपूर्ण शुरु हुई आईएससी की बोर्ड परीक्षा

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में वीरवार से इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट (आईएससी) की 12वीं की बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण शुरू हो गई। पहले दिन मनोविज्ञान की परीक्षा हुई। दूसरी ओर अब 17 फरवरी मंगलवार से इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आइसीएसई) 10वीं की परीक्षाएं शुरु होंगी। शेरवुड कालेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने बताया कि आईएससी बोर्ड से संबद्ध नगर में चार विद्यालय संचालित किए जाते हैं जिनमें शेरवुड कालेज, आल सेंट्स कालेज, सेंट मैरी कॉन्वेंट कालेज और सेंट जोजफ कालेज के शामिल है। संधु के मुताबिक लगभग 225 विद्यार्थी 12वीं की परीक्षा दे रहे हैं और 350 विद्यार्थी 10वीं की परीक्षा में शामिल होंगे। कहा कि 12वी की परीक्षा 6 अप्रैल तक जारी रहेगी जबकि 10वीं की परीक्षा 25 मार्च को समाप्त हो जाएगी। बताया कि वीरवार को 12वीं की मनोविज्ञान की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। शुक्रवार आज अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होंगा।

## यूकेडी ने कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियां

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ की बैठक बुधवार को जिलाध्यक्ष रघुवर सिंह भाकुनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 19 फरवरी को युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी एवं केंद्रीय युवा टीम के अल्मोड़ा आगमन कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न ब्लॉकों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अल्मोड़ा नगर की व्यवस्था महानगर अध्यक्ष मोहित शाह को दी गई। लमगड़ा, धौलादेवी, हवालबाग, ताकुला व मजखाली क्षेत्र के पदाधिकारियों को भी दायित्व सौंपे गए। बैठक में जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपा जोशी, केंद्रीय मंत्री गिरीश नाथ गोस्वामी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गंगनहर में होने वाले हादसों पर आखिर कब लगेगी लगाम!

## निगम पुल से सोलानी पार्क तक पिकनिक स्पॉट तो बना दिया पर सुरक्षा के नहीं किए गए है पुख्ता इंतजाम

**अख्तर मलिक**

**रुड़की।** नगर निगम पुल से सोलानी पार्क तक गंगनहर के घाटों पर पिकनिक स्पॉट व कुछ पूजा के धाम तो बना दिये है लेकिन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं जिसकी वजह निगम पुल से सोलानी पार्क तक लगातार हादसे से हो रहे हैं। हादसों में जहां काफी आमजन नहर में पैर फिसलने से डूब चुके हैं तो कई बार छात्रों की भी इसी तरह जान चली गई है। लेकिन प्रशासन ने इन हादसों से सबक लेते हुए आज तक सुरक्षा के स्थायी इंतजेमाम नहीं किय हैं।

ऐसे में अगर नगर निगम पुल से सोलानी पार्क तक इन घाटों पर अगर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं तो शायद होने वाले इन हादसों पर लगाम लग सकती है इसके लिए अगर प्रशासन इन घाटों पर परमानेंट जल पुलिस या एसडीआरएफ के जवानों की ड्यूटी भी लगाई जाये तो जरूर आगे लोगों की जान बच सकती है।

❖अब से पहले भी कई छात्र व आमजन गंवा चुके हैं इसी तरह अपनी जान

❖इन घाटों पर अगर जल पुलिस या एसडीआरएफ की परमानेंट ड्यूटी लगे तो हादसों पर लग सकती है लगाम

अवगत करा दें कि रुड़की नगर निगम लोहे वाले पुल से लेकर सोलानी पार्क तक गंग नहर के घाटों को एक तरह से पिकनिक स्पॉट के तौर पर विकसित कर दिया है और अब तो यहा पूजा धाम भी बना दिये हैं। खासकर गर्मियों में शाम के टाइम लोगों का जमावाड़ा भी लगा रहता है कुछ लोग इन घाटों पर नहर में पैर लटका कर बैठते हैं तो कुछ लोग फ्री टाइम में यहां शाम के समय ठंडे पानी का लुफ्त लेने के लिए भी आते हैं। तो कुछ लोग यहां अपने परिवार के साथ भी मौज मस्ती के लिए अक्सर देखे जा सकते हैं और जब से निगम प्रशासन ने घाटों पर सौंदर्यकरण कराने के साथ गंगा आरती स्थल बनाया है तब से तो यहां आरती करने वालों की व पिकनिक के तौर पर घूमने वालों का और ज्यादा भीड बढ गयी है। शाम 5:00 के बाद अक्सर गंग नहर नगर निगम पुल से सोलानी पार्क तक हजारों की संख्या में लोग यहां देखे जा सकते हैं कुछ लोग इन घाटों पर नीचे बैठे रहते हैं तो कुछ लोग दूर से ही यहां एंजॉय करने आते हैं। अब जिस तरह से निगम प्रशासन ने यहां लाइटिंग की व्यवस्था कर दी है बैठने के



लिए बैंच लगवा दी हैं घाटों पर साफ सफाई का भी ध्यान रखा जा रहा है तो उसे यहां आने वाले लोगों की संख्या में और भारी इजाफा हो गया है लेकिन यहां पहले से ही होने वाले हादसों को लेकर निगम व प्रशासन ने आजतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ऐसा नहीं है कि यहां हादसे नहीं हो रहे हैं कभी ना कभी अक्सर नगर निगम पुल से लेकर सोलानी पार्क तक इसी तरह पैर फिसलने से हादसे होते रहे हैं जब हादसे होते हैं तो तब निगम प्रशासन व अन्य प्रशासन सुरक्षा को लेकर सोचता है लेकिन अभी तक यहां प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम नहीं किए हैं जबकि इतनी बड़ी तादाद में यहां लोग रोज आते हैं और घंटों तक अपना वक्त बिता कर चले जाते हैं।

जिस तरह से बुधवार को आईआईटी का छात्र पैर फिसलने से नहर में डूबा और काफी देर तक बचाव के लिए चिल्लाता रहा अगर इस दौरान यहां कोई जल पुलिस या एसडीआरएफ का जवान तैनात होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। और इत्तेफाक की बात यह है कि अब तक जितने पहले हादसे हुए हैं उनमें भी जल पुलिस से पहले यहां तैराकी में माहिर कुछ युवकों ने व एक मोनू जलवीर के नाम से मशहूर युवक ने ही काफी लोगों की जान बचाई है। लेकिन प्रशासन ने लगातार होने वाले गंगनहर घाटों पर हादसों से सबक लेते हुए जन सुरक्षा के लिए गंभीरता से ठोस कदम नहीं उठाया है। प्रशासन को यहां आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए भी स्थाई इंतजाम करने होंगे तभी आगे चलकर इन हादसों पर रोक लगा सकती है। अन्यथा लोग यहां घूमने आते रहेंगे और यूं ही अपनी जान गवाते रहेंगे। और यूं ही प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े होते रहेंगे। अब देखना होगा कि यहां होने वाले इन दर्दनाक हादसों से प्रशासन क्या सबक लेता है क्या निगम पुल से सैलानी पार्क तक एसडीआरएफ व जल पुलिस के जवानों की स्थायी नियुक्ति करता है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# गंगनहर में डूबे छात्र का 24 घंटे में भी नहीं लगा सुराग

## एसएसपी ने गंगनहर पहुंच कर लिया सर्च ऑपरेशन का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बुधवार को देर शाम आईआईटी के द्वितीय वर्ष के छात्र आशीष शुक्ला गंगेर नहर में पैर फिसलने से लापता हो गया। जिसकी तलाश के लिए बुधवार शाम से ही लगातार सर्च आपरेशन चल रहा है। लेकिन 24 घंटे के बाद भी लापता हुए छात्र का सुराग नहीं लग पाया है।

❖बुधवार देर शाम आईआईटी रूडकी का छात्र आशीष शुक्ला गंगनहर में पैर फिसल कर हो गया था लापता

बनारस निवासी आईआईटी का छात्र आशीष शुक्ला अपने दो दोस्तो के साथ देर शाम आइआइटी से रूडकी गंगनहर पुल पर घूमने गया था लेकिन अचानक ही उसका पैर फिसल गया और नहर में डूबता चला गया। तुरंत ही लोगों व दोस्तों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन वह नहर में समाता चला गया। सूचना पर स्थानीय पुलिस व जल पुलिस के एसडीआरएफ लगातार छात्र को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन चल रही है लेकिन अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है आज बृहस्पतिवार को एसएसपी प्रमिंदर सिंह डोभाल भी सर्च अभियान का जायजा लेने के लिए गंग नहर किनारे पहुंचे और सर्च ऑपरेशन के तमाम हालात काजल जालिया। जानकारी के अनुसार, आशीष शुक्ला अपने कुछ साथियों के साथ नहर किनारे घूमने गए थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह सीधे गहरे पानी में जा गिरे। तेज बहाव और गहराई के कारण वह कुछ ही पलों में पानी में समा गए। साथियों ने शोर मचाकर मदद की गुहार लगाई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, जल पुलिस और राहत-बचाव दल तत्काल मौके पर पहुंच गए। बचाव टीमों ने नहर में नावों के जरिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे ऑपरेशन की निगरानी की। उन्होंने नाव में बैठकर नहर के कई किलोमीटर क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलवाया। मौके पर क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से गोताखोरों को भी लगाया गया, लेकिन देर रात तक छात्र का कोई पता नहीं चल सका। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के छात्र के साथ हुई इस घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। सहपाठियों और शिक्षकों में भी गहरा शोक व्याप्त है। एसएसपी ने बताया कि बुधवार शाम से ही सर्च ऑपरेशन लगातार चल रहा हैजल पुलिस में एसडीआरएफ की टीम छात्र को खोजने के लिए पूरी ताकत झोंक हुए हैं जल्द ही लापता छात्र को खोज लिया जाएगा।

# पुलिस ने दो मासूम बच्चों को परिजनों से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस की तत्परता और सजगता के चलते आज दो मासूम बच्चों को सकुशल उनके परिजनों से मिलाया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार तेलीवाला, पाडली गुज्जर निवासी बालिका आनालिया (4 वर्ष) पुत्री इब्राहिम एवं बालक उमर (4 वर्ष) पुत्र मुस्तकीम को उनके परिजनों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र तेलीवाला में छोड़ा गया था। खेल-खेल में दोनों बच्चे आंगनबाड़ी से निकलकर अकेले ही रेलवे स्टेशन रुड़की की ओर पहुंच गए। रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान चेतक-47 पर तैनात कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह एवं स्पेशल पुलिस ऑफिसर राजेंद्र त्यागी की नजर जब इन बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल दोनों बच्चों को अपनी अभिरक्षा में लेकर कोतवाली गंगनहर पहुंचाया।पुलिस टीम द्वारा तत्परता से बच्चों के परिजनों की तलाश शुरू की गई। काफी खोजबीन और प्रयासों के बाद माता-पिता का पता लगाकर दोनों मासूमों को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चों को सुरक्षित पाकर परिजनों ने गंगनहर पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया। गंगनहर पुलिस की सक्रियता से एक संभावित अप्रिय घटना टल गई। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि छोटे बच्चों पर विशेष निगरानी रखें और उन्हें अकेला न छोड़ें।

# सड़क हादसे में मौत पर मुकदमा

**झबरेडा।** थाना क्षेत्र में चार माह पूर्व हुई सड़क दुर्घटना के मामले में तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।ग्राम जोला डिडौली थाना नागल जिला सहारनपुर निवासी सुबोध कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका जीजा शैलेन्द्र कुमार पुत्र मामचन्द निवासी ग्राम सैनिक कालोनी थाना गंगनहर रुडकी जिला हरिद्वार 1 अक्टूबर को इकबालपुर की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर रुड़की जा रहा था जब वह इकबालपुर से कुछ आगे पहुंचा तो एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रक को लापरवाही से चलते हुए गलत साइड से टक्कर मार दी थी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था घायल को ऋषिकेश एम्स ले जाया गया लेकिन जहां इमरजेंसी में बेड न मिलने पर घायल को देहरादून अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर 5 अक्टूबर को उपचार के दौरान घायल की मृत्यु हो गई थी।

# लंढौरा में बिजली बकायादारों के कनेक्शन काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** वीरवार को ऊर्जा निगम की टीम ने लंढौरा में बिजली बकायादारों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें ढाई लाख रुपए के करीब वसूली तथा 14 बिजली के मीटर उतार कर जब्त कर किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान बकायादारों में हडकंप मचा रहा।

वीरवार को एसडीओ गुलशन बुलानी के निर्देश पर उर्जा निगम की टीम ने बिजली बकायादारों के खिलाफ अभियान चलाकर ढाई लाख रुपए की वसूली तथा 14 लोगों के घरों और दुकानों से बिजली के मीटर उखाड़ कर जब्त कर जब्त किए है। एसडीओ का कहना है कि 25 हजार से अधिक के बकायेदार के खिलाफ मीटर उखाड़ने का कार्य लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान उपभोगताओं को स्मार्ट मीटर के बारे में भी जानकारी दी गई टीम में जेई विनोद कुमार, गौरव पुंडीर, नदीम आलम, गालिब राव आदि शामिल रहे।

# निजीकरण के खिलाफ ऊर्जा कर्मियों की हुंकार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऊर्जा निगम के निजीकरण के विरोध में कर्मचारियों और अधिकारियों का गुस्सा फूट पड़ा है। गुरुवार को रुड़की स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर ऊर्जा निगम के विभिन्न संगठनों से जुड़े कर्मचारियों और अधिकारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस आंदोलन को भारतीय किसान यूनियन (रोड) गुट ने भी अपना समर्थन दिया है।

आम जनता के लिए घातक है निजीकरण: ऊर्जा निगम के अधीक्षण अभियंता विवेक राजपूत ने धरने को संबोधित करते हुए निजीकरण के दूरगामी परिणामों पर चिंता जताई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा की बिजली का निजीकरण न केवल कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि इससे आम जनता को भी भारी नुकसान होगा। निजी कंपनियां सिर्फ मुनाफे के लिए काम करती हैं, जिससे बिजली की दरें बेतहाशा बढ़ेंगी और गरीब व मध्यम वर्ग की पहुंच से बिजली दूर हो जाएगी। इस विरोध प्रदर्शन की खास बात यह रही कि भारतीय किसान यूनियन (रोड) के पदाधिकारियों ने भी ऊर्जा निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर धरने में शिरकत की। भाकियू नेताओं ने कहा कि यदि ऊर्जा क्षेत्र निजी हाथों में गया, तो किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी और रियायतों पर भी तलवार लटक जाएगी। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया गया, तो किसान और कर्मचारी मिलकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

# सोशल मीडिया पर फायरिंग का वीडियो वायरल

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में सोशल मीडिया पर एक युवक का बंदूक से फायरिंग करता वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी। वीडियो के आधार पर युवक की तलाश करते हुए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। जांच के दौरान पता चला कि वीडियो में दिखाई दे रही बंदूक असल में एयरगन थी। युवक ने सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरने के उद्देश्य से एयरगन के साथ वीडियो बनाकर प्रसारित किया था। पुलिस ने आरोपी अयान पुत्र नौशाद, निवासी ग्राम माधोपुर, कोतवाली गंगनहर, उम्र 22 वर्ष के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालान काटा और सख्त लहजे में भविष्य में इस तरह की हरकत दोबारा न करने की चेतावनी दी।

# फरार आरोपी के घर कुर्की नोटिस

**मंगलौर।** कोतवाली मंगलौर क्षेत्र के ग्राम खेड़ाजट में 3 फरवरी 2026 की शाम हुई सनसनीखेज फायरिंग की घटना में फरार चल रहे आरोपियों पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए प्रभावी कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस बल के साथ ग्राम खेड़ाजट पहुंची, जहां फरार आरोपी हिमांशु उर्फ मोला पुत्र प्रवीण के घर न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी की गई। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ढोल-नगाड़े बजाकर पूरे गांव में मुनादी कराई। इसके साथ ही न्यायालय द्वारा जारी नोटिस आरोपी के घर के मुख्य द्वार तथा सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए गए।

# बीएसएम कॉलेज में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बी. एस. एम इण्टर कॉलेज रूड़की में आज बड़े हर्ष का विषय है कि गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित श्भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षाश में विद्यालय को पूरे हरिद्वार जनपद में सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार को विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार में प्राप्त किया गया। विद्यालय के एक छात्र को जनपद स्तर पर द्वितीय स्थान एवम एक छात्र को तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिला स्तर पर द्वितीय स्थान कक्षा 12 में रितिक तथा तहसील स्तर पर प्रथम स्थान कक्षा 11 में हिमाँशु को प्राप्त हुआ है । इस अवसर पर बी. एस. एम इण्टर कॉलेज के प्रबंधक, बी. एस. एम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष माननीय ममतेश कुमार शर्मा (एडवोकेट) एवम बी. एस. एम शिक्षण संस्थान के सचिव परम आदरणीय रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में पठन-पाठन के साथ पाठ्य सहगामी अनेकों क्रियाओं का संचालन किया जाता है जो छात्र के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। उन्होंने गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, गायत्री शक्ति पीठ शांतिकुंज द्वारा आयोजित की जाने वाली एक परीक्षा है, इस परीक्षा का मकसद, छात्रों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं, मूल्यों, और नैतिक शिक्षाओं के बारे में जानकारी देना है। यह परीक्षा छात्रों के मानसिक और चरित्र विकास को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की जाती




है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने बी. एस.एम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष, ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट जी एवम बी. एस.एम शिक्षण संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट जी का धन्यवाद अदा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं सकारात्मक सोच की वजह से ही विद्यालय विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करता रहता है। प्रधानाचार्य ने कहा कि शांतिकुंज द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा छात्रों में भारतीय संस्कृति के ज्ञान का प्रसार करती है। प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाने वाली यह परीक्षा छात्रों को संस्कृति एवम संस्कारों का ज्ञान देती है। प्रत्येक वर्ष विद्यालय में इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है। विद्यालय के होनहार छात्रों द्वारा प्रत्येक वर्ष जनपद स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किए जाते हैं। इस वर्ष भी विद्यालय के दो छात्रों ने जूनियर एवम सीनियर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने गायत्री परिवार द्वारा वर्षों से संचालित की जाने वाली श्भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षाश को एक सकारात्मक एवं अग्रणीय कदम बताया है। शांतिकुंज का आंतरिक वातावरण बेहद सुख की अनुभूति प्रदान करने वाला एवं आत्मसार करने वाला है। इस पुरस्कार की उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने परीक्षा प्रभारी डॉक्टर अभय ढौंडियाल तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवम कर्मचारियों को शुभकामनायें प्रेषित की।

# लेबर कोड्स के विरोध में बैंक कर्मचारियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) के विरोध में गुरुवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल के तहत केनरा बैंक मकतूलपुरी शाखा के समक्ष विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस हड़ताल को ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन (।प्ठम्।), ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (।प्ठव्।) और बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ठम्थ्प्) का भी समर्थन मिला। प्रदर्शन में रुड़की क्षेत्र के सभी बैंकों के कर्मचारियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बताया गया कि इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में देशभर से लगभग 25 लाख कर्मचारियों और अधिकारियों ने सहभागिता की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए केनरा बैंक एम्पलाइज यूनियन उत्तराखंड के सचिव और न्थ्ठन् के संयोजक मन्नू माकिन ने सरकार से मांग की कि श्रम संहिताओं को वापस लिया जाए या उनमें उचित संशोधन किया जाए, ताकि मजदूरों, कर्मचारियों और महिलाओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके। वक्ताओं ने कहा कि इन कानूनों के लागू होने से श्रमिकों के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं और उन्हें कई प्रकार के नुकसान उठाने पड़ सकते हैं।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मनफूल व उसकी पत्नी संगीता का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने मनफूल व संगीता को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**जगराम पुत्र स्व. बारूराम नि. ग्राम आन्नेकी हेतमपुर, थाना सिडकुल, जिला हरिद्वार।**

# 350 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ चार गिरफ़्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के कलियर नई बस्ती में गोवंश सरंक्षण स्क्वायड और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 341 किलोग्राम प्रतिबंधित पशु का मांस बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि कलियर नई बस्ती एक दुकान पर प्रतिबंधित मांस बेचा जा रहा है।सूचना के आधार पर पुलिस और गोवंश सरंक्षण स्क्वायड की संयुक्त टीम ने दुकान पर छापा मारा।दुकान के स्लैब के ऊपर और दुकान में लगे कुंडों में प्रतिबंधित मांस रखा हुआ है।पुलिस ने मौके से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम समीर ,सावेज,मोफीक और दानिश निवासी कलियर बताया।पुलिस ने मौके से मांस काटने के उपकरण, दीप फ्रीजर, और एक मोटरसाइकिल बरामद की। बरामद मांस के नमूने प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे गए।

## 16 फरवरी को राज भवन के घेराव को लेकर

# कांग्रेसियों ने बैठक कर बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 16 फरवरी को प्रस्तावित राजभवन घेराव के संबंध में गुरुवार को रुड़की महानगर कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक रामनगर चौक स्थित एक होटल में आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों को देहरादून लेकर जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर पार्टी सड़कों पर उतरने के लिए तैयार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे लोगों से संपर्क कर आंदोलन को सफल बनाएं।महासचिव सचिन गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार और महंगाई से आम जनता परेशान है। इन जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस मजबूती से आवाज उठाएगी । पूर्व हज कमेटी अध्यक्ष हाजी राव शेर मोहम्मद ने कहा कि युवाओं से जुड़े मुद्दों की लगातार अनदेखी की जा रही है। अंकिता भंडारी हत्याकांड जैसे गंभीर मामलों में न्याय की मांग को लेकर युवा भी आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। बैठक में बताया गया कि राजभवन घेराव के दौरान भ्रष्टाचार, महंगाई और अंकिता भंडारी हत्याकांड समेत



कई ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।इस अवसर पर गोपाल नारसन, भूषण त्यागी, सरदार हरविंद्र सिंह, मोहित त्यागी, नीरज सैनी, मदनपाल भड़ाना, अजय सिंह, संजय तोमर, मकसूद हसन,गुलसन्नवर,सलमान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान दिवस पर नई तकनीकों व सुरक्षा पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर विकासखंड के ब्लॉक सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उप जिला अधिकारी लक्सर, सौरभ अस्वाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए निरंतर नई-नई तकनीकी योजनाएं ला रही है। उन्होंने किसानों से इन तकनीकों को अपनाने और अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने का आह्वान किया।ब्लॉक प्रमुख डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने भी सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के आयोजन का उद्देश्य किसानों को सक्षम बनाना है ताकि वे अधिक पैदावार लेकर खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकेंआवारा पशुओं और जंगली जानवरों का मुद्दा छायातकनीकी जानकारी के बीच, एक किसान ने आवारा पशुओं और जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा का गंभीर मुद्दा उठाया। किसान ने बताया कि जंगली जानवरों का खतरा लगातार बना हुआ है। हाल ही में एक जंगली हाथी के हमले में एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, जो वर्तमान में अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। किसानों ने सुरक्षा के



पुख्ता इंतजाम करने की मांग कीफसल चक्र अपनाने की सलाहजिला कृषि अधिकारी ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए वैज्ञानिक खेती के गुर सिखाए। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे हर साल एक ही फसल न उगाएं, बल्कि श्फसल चक्रश अपनाएं। उन्होंने कहा कि जमीन को उपजाऊ बनाए रखने के लिए विविधतापूर्ण खेती जरूरी है, जिससे किसान न केवल अधिक उपज ले पाएंगे, बल्कि अपनी आमदनी भी बढ़ा सकेंगी।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# घूसखोर पंडित पर रोक

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने घूसखोर पंडित फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी। साथ ही इसके फिल्म मेकर नीरज पाण्डेय को भी फटकार लगाई और स्पष्ट कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल कर समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं किया जा सकता। भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संगठन सचिव अतुल मिश्रा ने एक याचिका दायर की थी, जिसमें कहा था कि फिल्म घूसखोर पंडित की रिलीज पर रोक लगाई जाए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी बताती है कि उसने याचिकाकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लिया है और माना है कि इस तरह के टाइटल समाज में वैमनस्य का कारण बनते हैं। इस मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भूयान की बेंच कर रही है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। पीठ ने मेकर्स से साफ कहा कि आप ऐसे टाइटल का इस्तेमाल कर समाज के एक हिस्से को बदनाम क्यों कर रहे हैं। यह नैतिकता के खिलाफ है। हालांकि मैकर्स ने फिल्म का नाम बदलने पर सहमति जताई है। इस पर पीठ का कहना था कि जब तक आप हमें बदला हुआ नाम नहीं बताते तब तक हम आपको इसी रिलीज करने नहीं देंगे। कोर्ट ने फिल्म मेकर्स को एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश भी जारी किया है। जिसमें यह बात साबित करने के लिए कहा गया है कि घूसखोर पंडित समाज के किसी भी वर्ग को नीचे नहीं दिखाता। असल में मेकर्स का कहना रहा है कि घूसखोर पंडित मात्र एक टाइटल है और इसका किसी व्यक्ति या समाज से लेना देना नहीं है। इस फिल्म में मनोज वाजपेयी जैसे मंझु हुए अभिनेता काम कर रहे हैं। उनके अलावा नुसरत भरूचा, साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार जुड़े हुए हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि फिल्में समाज को कहीं न कहीं से अवश्य प्रभावित करती हैं। इसलिए फिल्म मेकर्स को चाहिए कि वह इस तरह का कोई काम न करे। जिससे समाज में किसी तरह का वैमनस्य पैदा हो, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि घूसखोर पंडित कोई आज इकलौती फिल्म नहीं है जो विवादों के घेरे में है। पिछले कुछ समय से हम देख रहे हैं कि इस तरह की फिल्में लाई जाती हैं जो बड़े विवाद का कारण बनती हैं और समाज के एक हिस्से को प्रभावित करती हैं। कई बार तो यह भी देखने में आया है कि इस तरह की फिल्मों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होता है। छावा, कश्मीर फाइल्स, गुजरात फाइल्स आदि कई फिल्में काफी विवादों के घेरे में रहीं हैं। कई फिल्मों पर तो बवाल भी कटा। इस तरह की फिल्में वास्तव में नहीं बननी चाहिएं। सच तो यह भी है कि इस तरह की बातें सुप्रीम कोर्ट में नहीं जानी चाहिएं और जो इससे संबंधित विभाग है, यह उनके स्तर तक ही रहनी चाहिए। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस दिया है।

## किसानों, मजदूरों और श्रमिकों का भविष्य खतरे में



विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं, देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं, सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं, विदेशी दबाव में आकर किए गए समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं, पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# संघर्ष, सेवा और साहित्य का संगम था सरोजिनी नायडू का जीवन



योगेश कुमार गोयल



आजादी के राष्ट्रीय आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वतंत्रता सेनानियों में 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' तथा 'भारत कोकिला' के नाम से विख्यात प्रख्यात कवयित्री और देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू का नाम सदैव आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उनके नाम का जिक्र होते ही एक ऐसी महिला की छवि उभरकर सामने आती है, जिन्हें कई भाषाओं में महारत हासिल थी और जिनकी लिखी कविताएं हर ओर धूम मचाती थी। उन्हीं के सम्मान में उनके जन्मदिवस 13 फरवरी को अब प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी और आज समूचा देश उनकी 147वीं जयंती मना रहा है।

सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक रसायन वैज्ञानिक और निजाम कॉलेज के संस्थापक थे जबकि उनकी माता वरदा सुंदरी बंगाली कवयित्री थी। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी भी उन्हीं की भांति महान् वैज्ञानिक बने लेकिन सरोजिनी को कविताओं से अगाध प्रेम था, जिसे वह कभी त्याग नहीं सकी। वह बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में बहुत तेज थी और उन्होंने केवल 12 वर्ष की आयु में ही मद्रास यूनिवर्सिटी से मैट्रिक की परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया था तथा केवल 13 वर्ष की आयु में ही 1300 पदों की लेडी ऑफ द लेक नामक पहली लंबी कविता और करीब 2000 पंक्तियों का अपना पहला विस्तृत नाटक लिखकर अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं पर अपनी पकड़ का परिचय दिया था। पढ़ाई के साथ-साथ वह कविताएं भी लिखती थी और उनका पहला कविता संग्रह द गोल्डन थ्रैशहोल्ड 1905 में प्रकाशित हुआ, जो आज भी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। अत्यंत मधुर स्वर में अपनी कविताओं का पाठ करने के कारण उन्हें भारत कोकिला कहा जाता था। उन्हें शब्दों की जादूगरनी के नाम से भी जाना जाता था। 14 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने लगभग सभी प्रमुख अंग्रेजी कवियों की रचनाओं का अध्ययन कर लिया था।

मेधावी होने के कारण 1895 में हैदराबाद के निजाम ने उन्हें ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करने के लिए वजीफे पर इंग्लैंड भेजा और इस प्रकार केवल 16 साल की उम्र में ही वह उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई। पहले लंदन के किंग्स कॉलेज और उसके बाद कैम्ब्रिज के गिरटन कॉलेज में उन्हें अध्ययन करने का अवसर मिला। इंग्लैंड का मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण वह 1898 में ही इंग्लैंड से स्वदेश लौट आई। जब वह इंग्लैंड से लौटी, तब फौजी डॉक्टर डा। गोविन्दराजुलु नायडू के साथ विवाह करने को उत्सुक थी, जिन्होंने तीन साल पहले उनके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा था। हालांकि शुरू में सरोजिनी के पिता इस शादी के खिलाफ थे लेकिन बाद में 19 साल की उम्र में उनकी शादी डा। गोविन्दराजुलु के साथ हो गई।

1914 में जब सरोजिनी नायडू पहली बार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से मिली, तभी उनके विचारों से प्रभावित होकर वह वतन के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने को तत्पर हो गई और अपना जीवन देशसेवा में समर्पित कर दिया। 1915 से 1918 तक उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आजादी की लड़ाई में संकटों का डटकर मुकाबला करते हुए वह एक वीरांगना की भांति गांव-गांव, गली-गली घूमकर देश-प्रेम की अलख जगाकर देशवासियों को उनके कर्त्तव्य की याद दिलाती रही। उन्होंने न केवल गांधीजी के अनेक सत्याग्रह आन्दोलनों में हिस्सा लिया और जीवन-पर्यन्त उनके विचारों तथा मार्ग का अनुसरण किया बल्कि 'भारत छोड़ो आंदोलन' के तहत जेल भी गई थी। दांडी मार्च के दौरान गांधीजी के साथ अग्रिम पंक्ति में चलने वालों में वह भी शामिल थी। उनके विनोदी स्वभाव के कारण उन्हें 'गांधीजी के लघु दरबार में विदूषक' भी कहा जाता था।

महात्मा गांधी के अलावा सरोजिनी नायडू गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर, गोपाल कृष्ण गोखले, एनी बेसेंट तथा पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ भी विशेष रूप से जुड़ी रही। गोपाल कृष्ण गोखले को तो वह अपना राजनीतिक पिता मानती थी। गांधीजी तो अपने पत्रों में सरोजिनी नायडू को कभी 'डियर बुलबुल' तो कभी 'डियर मीराबाई' और कभी-कभी मजाक में 'अम्माजान' या 'मदर' भी लिखते थे, वहीं सरोजिनी भी गांधीजी को मजाकिया अंदाज में कभी 'जुलाहा' तो कभी 'लिटिल मैन' और कभी 'मिकी माउस' कहा करती थी। गांधीजी ने 8 अगस्त 1932 को सरोजिनी नायडू को लिखे एक पत्र में उन्हें 'बुलबुल' नाम से सम्बोधित किया था और उसी पत्र में उन्होंने स्वयं के लिए 'लिटिल मैन' शब्द इस्तेमाल किया था। सरोजिनी कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष भी बनी। वह 1925 में कानपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्ष बनी और 1932 में भारत की प्रतिनिधि बनकर दक्षिण अफ्रीका भी गई। अंग्रेजी भाषा पर सरोजिनी की बहुत मजबूत पकड़ थी, लंदन की सभा में अंग्रेजी में बोलकर उन्होंने वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बहुभाषाविद सरोजनी नायडू अपना भाषण क्षेत्रानुसार अंग्रेजी, हिन्दी, बांग्ला अथवा गुजराती भाषा में देती थी। गांधीजी ने मधुर आवाज और उनके भाषणों से प्रभावित होकर ही उन्हें 'भारत कोकिला' की उपाधि दी थी। देश की आजादी के बाद सरोजिनी नायडू भारत की पहली महिला राज्यपाल बनी लेकिन यह पद स्वीकार करते समय उन्होंने कहा था कि वह स्वयं को 'कैद कर दिए गए जंगल के पक्षी' की भांति अनुभव कर रही हैं किन्तु वह पं. जवाहरलाल नेहरू का बहुत सम्मान करती थी, इसलिए उनकी इच्छा को टाल नहीं सकी। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए काफी संघर्ष किया और समाज में फैली कुरीतियों के प्रति महिलाओं को जागृत किया तथा भारतीय समाज में जातिवाद, लिंग-भेद को मिटाने के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए। भारत में प्लेग महामारी के दौरान किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें 1908 में ब्रिटिश सरकार द्वारा 'केसर-ए-हिंद' से सम्मानित किया गया था लेकिन जलियांवाला बाग हत्याकांड से क्षुब्ध होकर उन्होंने यह सम्मान वापस कर दिया था। 2 मार्च 1949 को हृदयाघात के कारण लखनऊ में अपने कार्यालय में कार्य करने के दौरान उनका निधन हो गया। सरोजिनी नायडू का निधन 2 मार्च 1949 में हुआ था। भारत सरकार द्वारा उनकी जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में 13 फरवरी 1964 को 15 पैसे का एक डाक टिकट जारी किया गया था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यह विदाई बजट से भाजपा की विदाई तय!

**इस बार के बजट में और पिछली बार के बजट में क्या अंतर है इस बजट में ऐसी क्या खास बात है और यह चुनावी बजट है। अगले साल जनवरी-फरवरी में इस वक्त चुनाव चल रहा होगा यानी वोटिंग चल रही होगी कई चरण का चुनाव निपट गया होगा। जनरल बजट लाने का अवसर सरकार के पास नहीं रहेगा। फिर क्या रहेगा यही चुनावी बजट है इसके बाद आप मानकर चलिए। सितंबर वगैरा तक सरकार सप्लीमेंट्री बजट भी लेकर आएगी वे सप्लीमेंट्री बजट किसका होगा डायरेक्ट कैश ट्रांसफर उसकी भी सरकार के पास व्यवस्था है।**



शमशाद रशीद माहीगीर

किसी भी मुख्यमंत्री के लिए यह बड़ा गौरवशाली क्षण होता है और खासकर उत्तर प्रदेश की सरकार के मुख्यमंत्री के लिए उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के लिए योगी सरकार ने एक नहीं दो नहीं कर नहीं दसवां बजट पेश किया है उत्तर प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि योगी सरकार के नेतृत्व में दसवां बजट पेश किया गया है उत्तर प्रदेश का जो बजट है वह 9 लाख करोड़ से भी ज्यादा का है आप सोचिए कितना बड़ा बजट है हमारे प्रदेश का क्या है इस बजट में और सरकार के इस बजट के पीछे का विजन क्या है जो वित्त मंत्री ने विधानसभा में स्पीच बोली है उसमें तीन-चार बातें हैं। 1 घंटा 50 मिनट की स्पीच में उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर पर काफी धन खर्च करने का वायदा किया है सड़कें बनेगी एक्सप्रेस वे बनेंगे हाईवे बनेंगे और जो भी बड़ी-बड़ी आवश्यक इमारतें होंगी उनको तैयार किया जाएगा जो हमारा मूलभूत तंत्र है ढांचा है उसको तैयार किया जाएगा आईटी इंडस्ट्री पर बड़ा जोर है उत्तर प्रदेश में डाटा सेंटर तो है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेस्ट डाटा सेंटर नहीं है तो सरकार ने उसके लिए बजट में प्रोविजन किया है नए एलोकेशन किए हैं फंड के ताकि उत्तर प्रदेश में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वेस्ट डाटा सेंटर तैयार कर सकें। खाली डाटा सेंटर की कोई वैल्यू नहीं रह गई है। वह सिर्फ नाम रह गए हैं। वैसे डाटा का एक स्मार्ट गोदाम है। सरकार ने स्टार्टअप के लिए भी बड़ा फंडा लोकेट किया है। पारंपरिक मत जो है वह तो है ही शिक्षा स्वास्थ्य बिजली सिंचाई का इनका एक अलग बजट होता है सब्सिडी का वह तो है ही और सरकार ने यह वादा किया है इस बार का जो बजट है लोगों को जॉब्स भी मुहैया कराई जाएगी। डायरेक्ट जॉब्स और इनडायरेक्ट जॉब्स। डायरेक्ट जॉब्स वह जो सरकारी नौकरियां मिलेगी और इनडायरेक्ट जब वह सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएट करेगी और उद्योग धंधे लेगी उसमें जो इनडायरेक्ट जॉब मिलेगी उसे पर भी सरकार का एक बार विधानसभा में बड़ा फॉकस रहा है। इस बार के बजट में और पिछली बार के बजट में क्या अंतर है इस बजट में ऐसी क्या खास बात है और यह चुनावी बजट है। अगले साल जनवरी-फरवरी में इस वक्त चुनाव चल रहा होगा यानी वोटिंग चल रही होगी कई चरण का चुनाव निपट गया होगा। जनरल बजट लाने का अवसर सरकार के पास नहीं रहेगा। फिर क्या रहेगा यही चुनावी बजट है इसके बाद आप मानकर चलिए। सितंबर वगैरा तक सरकार सप्लीमेंट्री बजट भी लेकर आएगी वे सप्लीमेंट्री बजट किसका होगा डायरेक्ट कैश ट्रांसफर उसकी भी सरकार के पास व्यवस्था है



आज की डेट में मेरे अंदाज से सरकार के पास बचपन से 60000 करोड़ का कैश इस वक्त मौजूद है। सरप्लस पैसा रखा है जो अगले साल सितंबर नवंबर में बाउंसर आएगी खर्च कर लेंगे। चुनाव के लिए विपक्ष का गंभीर आरोप है सरकार बड़ी-बड़ी फिगर लेकर आती है लेकिन पैसे खर्च ही नहीं करती। यह बजट कहा जो पिछली बार विधानसभा से पास हुआ था 55 प्रतिशत खर्च हुआ है। ऐसा विपक्ष का कहना है अखिलेश यादव जी का कहना है कि यह सरकार का अंतिम बजट है अगला बजट हम पेश करेंगे यह जो बजट पेश हुआ है यह झूठ का पुलिंदा है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है यह सत्ता पर के दावे और विपक्ष के दावे की बात है आम आदमी को क्या मिला योगी सरकार ने पहला बजट 2 लाख 70000 करोड़ से शुरू किया था और यह बढ़ता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुलिस की मनमानी गिरफ्तारियों पर रोक लगाता सुप्रीम कोर्ट



रजनीश कपूर

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण फैसले में पुलिस की मनमानी गिरफ्तारियों पर सख्त अंकुश लगाया है। यह फैसला उन अपराधों से संबंधित है जहां सजा की अधिकतम अवधि सात साल तक की कैद है। सतेंद्र कुमार एंटिल बनाम सीबीआई मामले में न्यायमूर्ति एम।एम। सुंदरेश और एन। कोटिस्वर सिंह की पीठ ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में गिरफ्तारी अपवाद है, जबकि नोटिस जारी करना नियम। यह निर्णय न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार लाएगा, बल्कि आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करेगा। फैसले के बाद इस मामले की पृष्ठभूमि, कानूनी प्रावधानों, गिरफ्तारी की आवश्यकता और आम नागरिकों पर इसके प्रभाव परचर्चा होने लगी है। जिससे कि नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

पहले समझते हैं कि यह फैसला ऐतिहासिक क्यों है। भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली में गिरफ्तारी एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। पुराने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत पुलिस को बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार था, लेकिन इसका अक्सर दुरुपयोग होता था। विशेष रूप से कम गंभीर अपराधों में, जहां सजा सात साल से कम थी, पुलिस बिना सोचे-समझे लोगों को हिरासत में ले लेती थी। इससे न केवल जेलों में भीड़ बढ़ती थी, बल्कि निर्दोष नागरिकों का जीवन बर्बाद होता था। 2014 में अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें कहा गया था कि ऐसे अपराधों में गिरफ्तारी निश्चित नहीं होनी चाहिए। पुलिस को पहले जांच करनी चाहिए और गिरफ्तारी केवल आवश्यक होने पर ही करनी चाहिए, लेकिन अब नई व्यवस्था में, 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) ने इस प्रक्रिया को और मजबूत किया है। बीएनएसएस धारा 35 सीआरपीसी की धारा 41 का स्थान लेती है, जबकि बीएनएसएस धारा 35(3) सीआरपीसी की धारा 41ए के समान है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 35 भी गिरफ्तारी से संबंधित है, लेकिन मुख्य रूप से प्रक्रियात्मक पहलू बीएनएसएस में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बीएनएसएस धारा 35(1) पुलिस को गिरफ्तारी का अधिकार देती है, लेकिन शब्द में (may) का प्रयोग दर्शाता है कि यह विवेकाधीन है, न कि अनिवार्य। धारा 35(1)(बी) में कहा गया है कि पुलिस को विश्वास होना चाहिए कि आरोपी ने अपराध किया है और गिरफ्तारी जांच के लिए जरूरी है, लेकिन धारा 35(3) के तहत पुलिस द्वारा पहले नोटिस जारी करना अनिवार्य है, जिसमें आरोपी को पुलिस स्टेशन में हाजिर होने और सहयोग करने को कहा जाता है।

सवाल है कि क्या गिरफ्तारी आवश्यक है? इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट उत्तर है- 'नहीं, यह अपवाद है।' फैसले में कहा गया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी केवल तब की जा सकती है जब आरोपी नोटिस का पालन न करे, या जांच में बाधा डाले, सबूतों से छेड़छाड़ करे, गवाहों को प्रभावित करे, या अदालत में पेश न होने का खतरा हो। पुलिस को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे।

> सवाल है कि क्या गिरफ्तारी आवश्यक है? इस पर सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट उत्तर है- 'नहीं, यह अपवाद है।' फैसले में कहा गया कि सात साल तक की सजा वाले अपराधों में गिरफ्तारी केवल तब की जा सकती है जब आरोपी नोटिस का पालन न करे, या जांच में बाधा डाले, सबूतों से छेड़छाड़ करे, गवाहों को प्रभावित करे, या अदालत में पेश न होने का खतरा हो। पुलिस को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में दर्ज करने होंगे। यदि नोटिस के बाद भी आरोपी सहयोग करता है, तो गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं। यह अर्नेश कुमार फैसले की भावना को दोहराता है, जहां कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का साधन है, न कि सजा। बीएनएसएस धारा 35(6) गिरफ्तारी को धारा 35(1)(बी) के साथ जोड़ती है, लेकिन कोर्ट ने जोर दिया कि पुलिस को सतर्क रहना चाहिए और गिरफ्तारी को अंतिम विकल्प ही मानना चाहिए।

यदि नोटिस के बाद भी आरोपी सहयोग करता है, तो गिरफ्तारी की कोई जरूरत नहीं। यह अर्नेश कुमार फैसले की भावना को दोहराता है, जहां कोर्ट ने कहा था कि गिरफ्तारी जांच का साधन है, न कि सजा। बीएनएसएस धारा 35(6) गिरफ्तारी को धारा 35(1)(बी) के साथ जोड़ती है, लेकिन कोर्ट ने जोर दिया कि पुलिस को सतर्क रहना चाहिए और गिरफ्तारी को अंतिम विकल्प ही मानना चाहिए।

ऐसे में यह फैसला आम नागरिकों के लिए क्या मायने रखता है? सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि अब पुलिस की मनमानी कम होगी। पहले, छोटे-मोटे अपराधों जैसे धोखाधड़ी, मारपीट या संपत्ति विवाद में लोग रातोंरात जेल में डाल दिए जाते थे, जिससे उनका करियर, परिवार और सम्मान प्रभावित होता था। लेकिन अब, नोटिस मिलने पर नागरिक पुलिस के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, बिना हिरासत में लिए। इससे जेलों में अनावश्यक भीड़ कम होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में जेलों की क्षमता से 130: अधिक कैदी हैं, जिनमें से अधिकांश विचाराधीन हैं। यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को मजबूत करता है। महिलाओं, बुजुर्गों और कमजोर वर्गों के लिए यह विशेष रूप से फायदेमंद है, क्योंकि वे गिरफ्तारी के दौरान अधिक शोषण का शिकार होते हैं, लेकिन इस फैसले का असली लाभ तभी मिलेगा जब नागरिक अपने अधिकारों से अवगत होंगे। आम आदमी को पता होना चाहिए कि यदि अपराध सात साल से कम सजा वाला है, तो पुलिस सीधे गिरफ्तार नहीं कर सकती। ऐसे में आपको नोटिस मिलने पर आप क्या करें? सबसे पहले, नोटिस को ध्यान से पढ़ें, इसमें अपराध का विवरण, हाजिर होने की तारीख और समय होता है। एक वकील से सलाह लें और पुलिस स्टेशन जाएं। यदि आप जांच में पुलिस का सहयोग करते हैं, तो गिरफ्तारी की संभावना कम है। यदि पुलिस बिना नोटिस गिरफ्तार करने की कोशिश करे, तो आप इसे कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को चेतावनी दी है कि दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिकारी दंडित हो सकते हैं। नागरिकों को यह भी जानना चाहिए कि बीएनएसएस में इलेक्ट्रॉनिक नोटिस (जैसे व्हाट्सएप) अमान्य हैंय नोटिस व्यक्तिगत रूप से या डाक से ही दिया जाना चाहिए। हालांकि, इस फैसले की कुछ सीमाएं भी हैं। गंभीर अपराधों (सात साल से अधिक सजा वाले) में गिरफ्तारी अभी भी आसान है और पुलिस दुरुपयोग कर सकती है। जांच की गुणवत्ता में सुधार के बिना, अपराधी बच सकते हैं। फिर भी, यह न्यायिक सक्रियता का उदाहरण है, जो पुलिस सुधार की दिशा में एक कदम है। सरकार को पुलिस प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाने चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला लोकतंत्र की मजबूती है, जहां नागरिक पुलिस से डरें नहीं, बल्कि सहयोग करें। हर नागरिक को अपने अधिकार जानने चाहिए, गिरफ्तारी कोई सजा नहीं, बल्कि जांच का हिस्सा है। यदि हम जागरूक होंगे, तो न्याय व्यवस्था अधिक निष्पक्ष बनेगी। यह फैसला हमें याद दिलाता है कि कानून सबके लिए समान है और स्वतंत्रता हमारा मौलिक हक।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बांग्लादेश चुनावः मतदान खत्म, वोटों की गिनती जारी

## 48% वोटिंग हुई, बीएनपी-जमात में मुकाबला, पूर्व पीएम हसीना बोलीं: फर्जी चुनाव रद्द हों, नतीजे आज रात 8 बजे से आने शुरू हो गए

**एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत**

**जमात-ए-इस्लामी के नेता शफीकुर रहमान ने कहा: अगर चुनाव निष्पक्ष हुए तो उनकी पार्टी चुनाव परिणाम स्वीकार कर लेगी**

**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। देशभर में वोटों की गिनती जारी है। चुनावी नतीजे आज रात 8 बजे से आने शुरू हो जाएंगे। दोपहर 2 बजे तक देश के 36 हजार वोटिंग सेंटर्स पर 47.91 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस, बीएनपी चीफ तारिक रहमान और छात्र नेता नाहिद इस्लाम वोट डालने पहुंचे।

इस दौरान यूनुस ने कहा कि आज नए बांग्लादेश का जन्म हुआ। दूसरी तरफ पूर्व पीएम शेख हसीना ने चुनाव को फर्जी बताते हुए रद्द करने की मांग की है। साथ ही यूनुस से इस्तीफा भी मांगा हैं। बांग्लादेश चुनाव को लेकर भारत ने नतीजों का इंतजार करने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नतीजे आने के बाद ही यह देखा जाएगा कि जनादेश किस तरह का है। वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुई। खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात- ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए।

गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए थे। जमात-ए-इस्लामी के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि अगर चुनाव निष्पक्ष हुए तो उनकी पार्टी चुनाव परिणाम स्वीकार कर लेगी। इस चुनाव में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में वोट डाला। मतदान पूरा होने के बाद वोटों की गिनती शुरू हो गई है। बीएनपी ने चुनाव के नतीजे निष्पक्ष तरीके से घोषित करने की अपील की है। पार्टी ने कहा है कि नतीजों में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सभी को सतर्क रहना चाहिए। यह बयान बीएनपी की चुनाव प्रबंधन समिति के प्रवक्ता महदी अमीन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिया। उन्होंने सभी हितधारकों से अपील की कि वे पूरी प्रक्रिया पर नजर रखें, ताकि मतदाताओं की इच्छा सही रूप में सामने आ सके। महदी ने चुनाव प्रक्रिया में शामिल चुनाव आयोग, सशस्त्र बलों, कार्यवाहक सरकार और कानून- व्यवस्था एजेंसियों का आभार जताया। साथ ही उन्होंने चुनावी हिंसा में घायल और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गुरुवार को हुए चुनाव को 'फर्जी चुनाव' करार देते हुए इसे रद्द करने की मांग की है। चुनाव के बाद जारी एक बयान में हसीना ने इसे 'मतदाताओं के बिना, अवैध और असंवैधानिक चुनाव' बताया। अपने बयान में शेख हसीना ने कहा कि यह चुनाव कातिल यूनुस द्वारा कराया गया एक दिखावटी चुनाव है। हसीना ने आरोप लगाया कि 11 फरवरी की शाम से ही कई जगहों पर मतदान केंद्रों पर कब्जा, गोलीबारी, पैसे बांटकर वोट खरीदना, मतपत्रों पर मुहर लगाना और एजेंटों से रिजल्ट शीट पर जबरन हस्ताक्षर करवाने जैसी घटनाएं शुरू हो गई थीं। उन्होंने दावा किया कि 12 फरवरी की सुबह से देशभर के ज्यादातर पोलिंग बूथ पर मतदाता उपस्थिति बेहद कम रही और राजधानी ढाका समेत कई जगहों पर मतदान केंद्र लगभग खाली रहे।

बांग्लादेश की मैमनसिंह-11 (वलुका) सीट के एक मतदान केंद्र पर गुरुवार को बड़ी गड़बड़ी सामने आई। पांच युवक बूथ के अंदर घुसे और खुद ही मतपत्रों पर मुहर लगाकर उन्हें बैलेट बॉक्स में डालने लगे। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मामला सामने आते ही आधे घंटे के लिए वोटिंग रोक दी गई। यह घटना लोहाबोई बरादी सरकारी प्राथमिक स्कूल मतदान केंद्र की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दोपहर करीब 2:30 बजे कुछ युवक अंदर गए। इनमें से पांच सीधे एक बूथ में घुस गए। उस समय बूथ में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। 1 मिनट 33 सेकंड के वीडियो में दो युवक मतपत्रों पर मुहर लगाते दिख रहे हैं। तीन युवक उन पर्चियों को मोड़कर बैलेट बॉक्स में डाल रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया।



### बांग्लादेश के प्रमुख नेताओं ने डाला अपना मत

**ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान ने गुरुवार को गुलशन मॉडल हाई स्कूल और कॉलेज में अपना मत डाला। इस अवसर पर उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह बहुप्रतीक्षित चुनाव लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करेगा। रहमान ने कहा कि बंगलादेशी नागरिक स्वतंत्र रूप से मतदान करने के अवसर के लिए एक दशक से अधिक समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने नागरिकों से किसी भी 'साजिश' को विफल करने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। बीएनपी ने रात भर कुछ क्षेत्रों में 'अवांछनीय घटनाओं' की खबरें मिलने की बात स्वीकार की, लेकिन कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर अपना विश्वास भी जताया। उन्होंने कहा कि यदि पूरे बंगलादेश के लोग दिन भर बाहर आकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तो किसी भी साजिश को नाकाम किया जा सकता है। मैं आशावादी हूं, दृढ़ता से आशावादी हूं।

### चुनाव से ठीक पहले हिंदू युवक की हत्या चाय बागान में मिली खून से लथपथ लाश

**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला मौलवीबाजार जिले से सामने आया है, जहां आम चुनाव से महज एक दिन पहले एक 28 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। युवक का शव मिलने के बाद से इलाके मे तनाव का माहौल है। इस घटना ने वहां के अल्पसंख्यक समुदायों में डर और चिंता बढ़ा दी है। मृतक की पहचान रतन शुवो कर के रूप में हुई है। वह इस्लामपुर यूनियन के चंपारा चाय बागान में काम करता था। पुलिस को उसकी लाश हाथ-पैर बंधी हुई हालत में मिली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, रतन के शरीर पर चोट के कई निशान थे और वह खून से लथपथ था। बांग्लादेश के जाने-माने अखबार, द डेली स्टार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लोकल लोगों ने बुधवार सुबह करीब 10:00 बजे चाय बागान के अंदर उसकी लाश देखी, जहां कर काम करता था। उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। रतन के साथ काम करने वाले लोगों का आरोप है कि उसे किसी दूसरी जगह मारा गया और फिर लाश को बागान में फेंक दिया गया। हालांकि, अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाटो में अपना खर्च बढ़ाएं यूरोप, कनाडा: मार्क रट

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव मार्क रट ने यूरोपीय और कनाडाई सहयोगियों से 'रक्षा व्यय और औद्योगिक उत्पादन' बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा है कि अमेरिका गठबंधन के प्रति प्रतिबद्ध है, लेकिन उसका रणनीतिक ध्यान अब हिंद-प्रशांत क्षेत्र की ओर अधिक केन्द्रित हो रहा है। टीआरटी वर्ल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, रट ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि चर्चा का मुख्य केन्द्र हेग शिखर सम्मेलन में लिए गए।

### तीसरी बार कोसोवो के प्रधानमंत्री बने अल्बिन कुर्ती

**बेलग्रेड।** कट्टरपंथी सेल्फ- डिटरमिनेशन मूवमेंट (एलवीवी) के नेता अल्बिन कुर्ती को स्वयं-घोषित कोसोवो की संसद ने मार्च 2021 के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री चुना है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री कुर्ती के नेतृत्व वाले स्वनिर्धारण आंदोलन (एलवीवी) ने 28 दिसम्बर को कोसोवो में हुए अचानक संसदीय चुनाव में निर्णायक जीत हासिल की। संसदी चुनाव के बाद बुधवार (11 फरवरी) को एलवीवी की अल्बुलेना हाक्सियू को अध्यक्ष चुना गया।

### सूडान में नाव पलटने से 15 लोगों की मौत

**खार्तूम।** उत्तरी सूडान के नाइल नदी प्रांत में यात्री नौका के डूबने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। सूडान के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण के एक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार लकड़ी की नाव तैयबा अल-खावद और दैम अल-कराई गांवों के बीच यात्रा कर रही थी और उसमें महिलाओं, बुजुर्गों तथा बच्चों समेत 27 से अधिक यात्री सवार थे। उच्च लहरों के कारण नाव पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही नागरिक सुरक्षा इकाइयां मौके पर पहुंचीं। अब तक 15 से अधिक शव बरामद किये जा चुके हैं।

### सीरिया ने अमेरिका से अपने नियंत्रण में लिया अल-तन्फ़ सैन्य बेस

**दमिश्क।** सीरिया की अंतरिम सरकार ने गुरुवार को सीरिया-इराक-जॉर्डन सीमा पर अल-तन्फ़ सैन्य बेस से अमेरिका के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के हटने की पुष्टि करते हुए कहा कि सीरियाई सेना की इकाइयों ने इस ठिकाने पर कब्जा कर लिया है। सीरिया के रक्षा अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि सीरियाई और अमेरिकी पक्षों के बीच सहमति के बाद उन्होंने इस सैन्य बेस को अपने काबू में लिया।

# इजरायल ने गिराए थे गाजा में प्रतिबंधित वैक्यूम बम

## रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ स्टोरी': वैक्यूम बमों से तापमान 3500 डिग्री पहुंचा, हजारों इंसान भाप बनकर गायब हुए

**वाशिंगटन।** इजरायल पर गाजा में 'वैक्यूम बम' इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ द स्टोरी' के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है। इन धमाकों से तापमान 3500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।



**इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं**

इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकेंड में शरीर को जला देते हैं। मिलिट्री एक्सपर्ट्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजरायल ने वहां ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्हें 'वैक्यूम बम', 'थर्मल' या 'थर्मोबैरिक' बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2842 ऐसे फलस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा। वहीं 3500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। इस वक्त गाजा में औपचारिक सीजफायर लागू है और समझौते के 100 दिन पूरे होने के बाद यह दूसरे चरण में पहुंच चुका है, लेकिन तनाव अभी भी बना हुआ है। 10 अक्टूबर 2025 से अब तक 500 से ज्यादा फलस्तीनियों के मारे जाने की खबरें आई हैं। एक मां, यासमीन महानी, ने अपनी आपबीती सुनाई। 10 अगस्त 2024 को गाजा सिटी के अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद वह अपने बेटे साद को ढूंढ रही थीं। उन्हें वहां अपने पति तो मिल गए, लेकिन बेटे का कोई निशान नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मस्जिद में उन्हें जमीन पर मांस और खून बिखरा मिला, लेकिन दफनाने के लिए बेटे का कोई हिस्सा तक नहीं मिला। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यासमीन जैसी हजारों माताएं आज भी अपने बच्चों को अस्पतालों और मुर्दाघरों में तलाश रही हैं। इस युद्ध में मरने वालों की संख्या 72,000 से ज्यादा बताई जा रही है। मानवाधिकार संगठनों ने इजरायल पर युद्ध अपराधों के आरोप लगाए हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ऐसे बमों का इस्तेमाल घनी आबादी वाले इलाकों में करना बहुत गंभीर मामला है। इजरायली हमले से गाजा की लगभग 90 प्रतिशत इमारतें खंडहर हो चुकी हैं। एमके-84 'हैमर': करीब 900 किलो का बम, जो 3500 डिग्री तक तापमान पैदा कर सकता है। इसका दबाव और गर्मी शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। बीएलयू-109 बंकर बस्टर: यह मजबूत ढांचे में घुसकर अंदर फटता है और बंद जगहों में आग का बड़ा गोला बनाता है। जीबीयू-39: इसे सटीक निशाना लगाने वाला ग्लाइड बम बताया गया है। अल-तबिन स्कूल पर हमले के बाद इसके टुकड़े मिलने की बात कही गई है। इन हथियारों को एयरोसोल या वैक्यूम बम भी कहा जाता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनका असर इतना भीषण होता है कि इमारत बाहर से ज्यादा खराब नहीं दिखती, लेकिन अंदर मौजूद हर चीज जलकर राख हो सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। ये बैठक करीब 2 घंटे तक बंद कमरे में चली। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा: मैंने नेतन्याहू से साफ कहा है कि अमेरिका को ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत जारी रखनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि बैठक बहुत अच्छी रही, लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ। ईरान के साथ अच्छा समझौता हो सकता है तो यह बेहतर होगा, लेकिन नहीं हुआ तो आगे क्या करना है, यह देखा जाएगा।

# 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे ऋषि सुनक

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के पूर्वावलोकन कार्यक्रम (कर्टेन रेजर) 'एआई फॉर ऑल: रीइमेजिनिग ग्लोबल कोऑपरेशन' में वक्तव्य देंगे।

**इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया**

सार्वजनिक नीति शोध संस्था कार्नेगी इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस आयोजन के लिए 100 से अधिक देशों के 35000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 500 से अधिक स्टार्टअप सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे और इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उनकी यह यात्रा उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से एआई के क्षेत्र में सहयोग को लेकर दोनों राष्ट्रों की प्राथमिकता को रेखांकित करती है। अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति मैक्रों मोदी के साथ 'होराइजन 2047 रोडमैप' के अंतर्गत द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक चर्चा करेंगे। वे मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष 2026' का भी उद्घाटन करेंगे। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' पांच दिवसीय कार्यक्रम है, जो नीति, अनुसंधान, उद्योग और सार्वजनिक सहभागिता पर केंद्रित है।



**ढाका। बांग्लादेश में देश के 13वें संसदीय चुनाव के दौरान मतदान करते बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस।**

### वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

**काराकास।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने अपने आधिकारिक आवास मिराफ्लोरेस पैलेस में अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से मुलाकात कर द्विपक्षीय ऊर्जा एजेंडे की समीक्षा की है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के मुताबिक, बैठक में वेनेजुएला की ऊर्जा संप्रभुता और द्विपक्षीय रिश्तों के नीतिगत ढांचे में 'दोनों देशों के लिए फायदेमंद ऊर्जा एजेंडे' पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इसमें अमेरिका की चार्ज डी' अफेयर्स लॉरा डोगू, वेनेजुएला की सरकारी तेल कंपनी पेट्रोलियोस डी वेनेजुएला एसए के अध्यक्ष हेक्टर ओब्रेगॉन और अमेरिका में वेनेजुएला के कूटनीतिक प्रतिनिधि फेलिक्स प्लासेंसिया भी मौजूद थे।

# ईरान के साथ बातचीत जारी रहेगी: ट्रम्प

## मैंने इजरायल के पीएम नेतन्याहू और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात की: राष्ट्रपति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता इस बात की संभावनाओं का पता लगाने के लिए जारी रहेगी कि क्या परमाणु हथियारों को लेकर कोई समझौता किया जा सकता है। यह बयान उन्होंने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बंद कमरे में हुई बैठक के तुरंत बाद दिया।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि मैंने अभी-अभी इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात पूरी की है। ईरान के साथ वार्ता जारी रखने के अलावा कोई निर्णायक सहमति नहीं बनी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई समझौता संभव है या नहीं। यदि समझौता हो सकता है, तो मैंने प्रधानमंत्री को बताया कि यही मेरी प्राथमिकता होगी। यदि ऐसा नहीं हो पाता, तो हमें देखना होगा कि आगे क्या परिणाम निकलता है। उन्होंने कहा कि बैठक में गाजा और पूरे क्षेत्र में हो रही प्रगति पर भी चर्चा हुई। नेतन्याहू बुधवार सुबह व्हाइट हाउस के दक्षिणी लॉन से होते हुए पहुंचे और बिना किसी संवाददाता सम्मेलन या आधिकारिक बयान के रवाना हो गए। दोनों नेताओं के बीच यह ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान सातवीं मुलाकात थी, जो करीब तीन घंटे तक चली। बैठक से पहले नेतन्याहू ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की और औपचारिक रूप से 'शांति बोर्ड' का सदस्य बनने पर सहमति दी, जिसे इजरायली संसद में विवादास्पद पहल बताया जा रहा है। अमेरिका रवाना होने से पहले नेतन्याहू ने कहा था कि वह राष्ट्रपति ट्रम्प के समक्ष ईरान से वार्ता के सिद्धांतों को रखेंगे, जो न केवल इजरायल बल्कि पश्चिम एशिया में शांति और सुरक्षा चाहने वालों के लिए अहम हैं। नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, वह चाहते हैं कि वार्ता में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर सीमाएं लगाई जाएं और हमास तथा हिजबुल्लाह जैसे संगठनों से उसके संबंधों में कटौती शामिल हो। ट्रम्प ने मंगलवार को फॉक्स बिजनेस नेटवर्क को दिए साक्षात्कार में कहा था कि समझौता अच्छा होना चाहिए। कोई परमाणु हथियार नहीं, कोई मिसाइल नहीं। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने तेहरान में 1979 की इस्लामी क्रांति की 47वीं वर्षगांठ के अवसर पर कहा कि पश्चिम द्वारा खड़ी की गई 'अविश्वास की दीवार' अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता में बाधा बन रही है।




**ईरान के साथ वार्ता जारी रखने के अलावा कोई निर्णायक सहमति नहीं बनी, ताकि यह देखा जा सके कि कोई समझौता संभव है या नहीं**

# किम जोंग ने 13 साल की बेटी को उत्तराधिकारी चुना

## बीजिंग दौरे पर पिता के साथ दिखी थीं, पब्लिक प्रोग्राम्स में भी नजर आ रही

**सिओल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी 13 साल की बेटी किम जू ऐ को अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है।

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को दी गई जानकारी में यह दावा किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस (एनआईएस) ने कहा कि किम जू ऐ की लगातार बढ़ती सार्वजनिक मौजूदगी को देखते हुए यह आकलन किया गया है। एनआईएस ने कहा कि उसने 'कई परिस्थितियों' को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला है। इनमें आधिकारिक कार्यक्रमों में किम जू ऐ की प्रमुख उपस्थिति भी शामिल है। हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं। सितम्बर में बीजिंग दौरे के दौरान भी वह किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। यह उनका पहला विदेशी दौरा था, जिसकी जानकारी सामने आई। किम जू ऐ सितम्बर में बीजिंग दौरे के दौरान पिता किम जोंग उन के साथ दिखीं थी। एनआईएस ने यह भी कहा है कि वह इस बात पर नजर रखेगी कि क्या जू ऐ इस महीने होने वाली पार्टी सम्मेलन में शामिल होती हैं। यह उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम है, जो हर पांच साल में एक बार होता है। इसी पार्टी सम्मेलन में प्योंगयांग अगले पांच साल के लिए अपनी प्राथमिकताओं जैसे-विदेश नीति, युद्ध की तैयारी और परमाणु कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दे सकता है। दक्षिण कोरिया के सांसद ली सोंग-क्वेन ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि एनआईएस पहले जू ऐ को 'उत्तराधिकारी बनने की ट्रेनिंग ले रही' बता चुकी है। अब एजेंसी का मानना है कि वह 'औपचारिक तौर पर उत्तराधिकारी घोषित' किए जाने के चरण में पहुंच गई हैं। ली ने कहा, किम जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ दिखी हैं। वह कोरियाई पीपुल्स आर्मी की स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुईं और कुमसुसान पैलेस ऑफ द सन भी गईं। कुछ सरकारी नीतियों पर उनकी राय सामने आने के संकेत भी मिले हैं। इन सब बातों को देखते हुए एनआईएस मानती है कि अब उन्हें उत्तराधिकारी के तौर पर नामित कर दिया गया है।



**हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं**





